खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 19°C
न्यूनतम : 10°C

मुजफ्फरनगर, सोमवार 15 दिसम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 334 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com पौष कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 23 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बूथ ही बनेगा जीत का केंद्र, एसआईआर चुनावी रणनीति की धुरीः योगी पेज 2



भारत ने पाकिस्तान को अंडर-19 एशिया कप में हराया, 90 रन से जीता मैच खेल टाइम्स



कुछ ही सालों में शुरू हो जाएगा प्रकृति का कहर सम्पादकीय




ऑस्ट्रेलिया में यहूदियों पर आतंकी हमला, 12 की मौत पेज 12

# देशभर में अगले हफ्ते से पड़ेगी कड़ाके की ठंड

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अगले हफ्ते से देशभर में कड़ाके की सर्दी पड़ने के आसार हैं। इस सर्दी का पहला बड़ा पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) 17 दिसम्बर को हिमालयी राज्यों में पहुंचेगा। इसके असर से 18 से 20 दिसम्बर के बीच जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश में अच्छी बर्फबारी होने की संभावना है।

21 और 22 दिसम्बर को पहाड़ों से बादल हटते ही तापमान तेजी से गिरेगा। तापमान सामान्य से 5 से 6 डिग्री तक नीचे जा सकता है। उत्तर से चलने वाली ठंडी हवाएं यूपी, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान और मध्य भारत तक



**उत्तराखंड-हिमाचल में बर्फबारी का अलर्ट, बिहार में घना कोहरा, सात गाड़ियां आपस में टकराई**

**जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश में अच्छी बर्फबारी होने की संभावना**

पहुंचेंगी। इससे मैदानी इलाकों में ठंड काफी बढ़ जाएगी। इधर, राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के चलते सर्दी का असर कम हो गया है। न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री तक बढ़ोतरी हुई है। मध्य प्रदेश में भी अगले 3 दिन तक शीतलहर का अलर्ट नहीं है। हालांकि, पारा लगातार लुढ़क रहा है। शहडोल का कल्याणपुर सबसे ठंडा है। यहां शनिवार रात पारा 4.7 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, दिल्ली में रविवार को एक्यूआई 497 पहुंच गया। शनिवार को ही वहां ग्रैप-4 लागू किया गया था। पिछले हफ्ते राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने एक सवाल के जवाब में कहा था कि इस साल दिल्ली का एक्यूआई 450 के पार नहीं गया है। उधर, हिमाचल- **शेष पृष्ठ दो पर**

## दिल्ली-एनसीआर में सांसों का आपातकाल

**नई दिल्ली।** राजधानी में हवा की धीमी गति और खराब मौसम के चलते रविवार को हवा इस साल की सबसे खराब श्रेणी में पहुंच गई। सुबह की शुरुआत धुंध और कोहरे से हुई और आसमान में स्मॉग की मोटी चादर के चलते दृश्यता भी कम रही।

सांस लेने में हो रही दुश्वारी के बीच लोग मास्क पहने नजर आए। लोगों को आंख में जलन की दिक्कत भी हुई। वहीं, एयर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम फॉर दिल्ली के अनुसार, रविवार सुबह राजधानी का औसत एक्यूआई 462 दर्ज किया गया है। सीपीसीबी के अनुसार, राजधानी दिल्ली के अलीपुर में एक्यूआई 439, आनंद विहार में एक्यूआई 491, अशोक विहार में 493, आया नगर में 447, बवाना में 495, बुराड़ी में 473, चांदनी चौक इलाके में 462 एक्यूआई दर्ज किया गया है। वहीं, डीटीयू में 493, द्वारका सेक्टर 8 में 454, आईजीआई एयरपोर्ट टी3 इलाके में 411, आईटीओ में 482, जहांगीरपुरी में 495, लोधी रोड 401, मुंडका 486, नजफगढ़ में 411, पंजाबी बाग में 475, रोहिणी 499, विवेक विहार 495, सोनिया विहार 483, आरकेपुरम 472, वजीरपुर में 493 दर्ज किया गया है। गाजियाबाद में भी एक्यूआई 400 के पार पहुंच गया है।

**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रविवार को हवा सबसे खराब श्रेणी में पहुंची**

## संक्षिप्त समाचार

### मेसी के टूर ऑर्गेनाइजर को जमानत नहीं, 14 दिन की कस्टडी में भेजा

**कोलकाता।** अर्जेंटीना के फुटबॉल आइकन लियोनेल मेसी के इंडिया टूर के आर्गनाइजर सताद्रु दत्ता को जमानत नहीं मिली है। बिधाननगर कोर्ट ने मेसी के गोट इंडिया टूर 2025 के प्रमोटर और आयोजक सताद्रु दत्ता को 14 दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। सताद्रु पर इवेंट में मिसमैनेजमेंट के आरोप हैं। पब्लिक प्रॉसिक्यूटर ने कोर्ट में कस्टडी की मांग करते हुए कुछ कॉन्स्टेबलों को चोट लगने और मेसी के मैदान में आने पर भीड़ को मैनेज करने में हुई दिक्कतों का हवाला दिया था। दरअसल, 13 दिसम्बर को स्टेडियम से मेसी के जल्दी निकल जाने के बाद फैंस भड़क गए। दूर-दूर से आने और टिकटों के लिए भारी रकम चुकाने के बावजूद वे अपने सुपरस्टार की एक झलक भी नहीं देख पाए। फैंस ने स्टेडियम में जमकर तोड़-फोड़ की। दत्ता को बिधाननगर पुलिस ने शनिवार को कोलकाता एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया था। सताद्रु मेसी और उनके साथियों को हैदराबाद के लिए छोड़ने गए थे।

### एआई प्रतिस्पर्धा क्षमता में भारत तीसरे स्थान पर

**नई दिल्ली।** भारत एआई प्रतिस्पर्धा क्षमता में अमेरिका और चीन के बाद तीसरे स्थान पर है। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की वैश्विक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। इस रिपोर्ट में भारत को 21.59 अंक दिए गए हैं। अमेरिका 78.6 अंक के साथ पहले स्थान पर है। वहीं, चीन 36.95 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। दक्षिण कोरिया (17.24) और ब्रिटेन (16.64 अंक) भारत के बाद क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। रिपोर्ट में अनुसंधान एवं विकास में भारत को अमेरिका और चीन के बाद तीसरे स्थान पर रखा गया है। जिम्मेदार एआई और अर्थव्यवस्था के पैमानों पर भारत को शीर्ष तीन में जगह नहीं दी गई है। प्रतिभा के मामले में भारत को सिंगापुर के बाद दूसरे स्थान पर रखा गया है। बुनियादी ढांचा और नीति एवं प्रशासन के मामले में भी भारत को पहले तीन में स्थान नहीं मिला है। लोगों की सोच के मामले में भारत दक्षिण कोरिया के बाद दूसरे स्थान पर है। रिपोर्ट से साफ है कि प्रतिभा, अनुसंधान एवं विकास और जन स्वीकार्यता के बावजूद देश में एआई को लेकर नीति निर्माण, नियम कानून और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में काफी काम करने की आवश्यकता है।

### नकली दवाओं के रैकेट का किया भंडाफोड़, दो अरेस्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की साइबर सेल ने नकली शेड्यूल-एच दवाओं के निर्माण, रीपैकेजिंग और देशभर में बिक्री में शामिल एक बड़े और संगठित रैकेट का भंडाफोड़ किया। इस दौरान 2-3 करोड़ रुपये से ज्यादा की नकली दवाएं और संबंधित सामान बरामद किए गए और दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी उपलब्ध कराई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि असली प्रोडक्ट के रूप में बेची जा रही ये नकली दवाएं लोगों की सेहत के लिए गंभीर खतरा थीं।

### खाना खाने निकले तो पकड़े गए लूथरा ब्रदर्स

**नई दिल्ली।** गोवा के नाइट क्लब बर्च बाय रोमियो लेन आग मामले में मुख्य आरोपी सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा सोमवार (आज) तक भारत लाए जा सकते हैं। थाईलैंड पुलिस ने 11 दिसम्बर को फुकेट में दोनों भाइयों को हिरासत में लिया था। उनकी डिपोर्टेशन प्रोसेस जारी है। इस बीच सामने आया है कि लूथरा ब्रदर्स को थाईलैंड में तब पकड़ा गया था। जब दोनों भाई होटल से बाहर खाना खाने निकले थे। 9 दिसम्बर को थाई अधिकारियों को पता चला कि जिन भाइयों को पुलिस भारत में ढूंढ़ रही थी, वे फुकेट में हैं। भारतीय एजेंसियों से इनपुट मिलने के बाद थाई अधिकारियों ने पहले ही होटल पर नजर रखनी शुरू कर दी थी।

# रामलीला मैदान में कांग्रेस ने निकाली 'वोट चोर गद्दी छोड़' रैली

## पीएम मोदी का आत्मविश्वास खत्म, अमित शाह के हाथ कांपते हैं उनकी वोट चोरी पकड़ी गईः राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आरोप लगाया है कि चुनाव आयोग सरकार के इशारे पर ईमानदारी से चुनाव नहीं करा रहा है और अगर वह पारदर्शी तरीके से काम करे तो भाजपा एक भी चुनाव नहीं जीत सकती है। श्री गांधी और श्रीमती वाड्रा ने रविवार को यहां रामलीला मैदान में पार्टी की 'वोट चोर गद्दी छोड़' नाम से आयोजित विशाल रैली को संबोधित करते हुए कहा कि देश में इस समय सत्य और असत्य के बीच लड़ाई हो रही है। कांग्रेस सच्चाई के रास्ते पर है और भाजपा तथा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) असत्य की राह पर चलकर सिर्फ चुनाव जीतने की साजिश कर रहे हैं। श्री गांधी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सत्य को महत्व देते थे और कांग्रेस उनके दिखाए सत्य के रास्ते पर चल रही है, लेकिन आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत कहते हैं कि सत्य नहीं 'सत्ता' जरूरी है। उनके लिए झूठ ही सब कुछ है और असत्य के सहारे सत्ता का सुख भोग रहे हैं। भाजपा वोट चोरी करती है और चुनाव के समय दस हजार रुपये हर वोटर को देकर चुनाव जीतने का रास्ता सुगम बनाती है। चुनाव के समय दस हजार रुपये मतदाताओं को देना सबसे बड़ी वोट चोरी है। उन्होंने तीनों चुनाव आयुक्तों पर निशाना साधा और तीनों के नाम लेकर कहा कि वे मिलकर सरकार की मदद कर रहे हैं। उन्होंने धमकी देते हुए कहा कि कांग्रेस सत्ता में आएगी तो कानून बनाएगी और भाजपा को सरकार बनाने में वोट चोरी करवाकर मदद करने वाले इन तीनों चुनाव आयुक्तों को साजिश रचने की सजा देगी। उनका कहना था कि चुनाव आयोग को सत्य के लिए लड़ना चाहिए, सही काम करना चाहिए और जो सच है उसे ही महत्व देना चाहिए, लेकिन वह सत्य की राह पर नहीं चलकर पक्षपात कर रहे हैं और भाजपा को जिताने की साजिश रचते हैं। श्री गांधी ने कहा कि भाजपा देश के विभिन्न राज्यों में -**शेष पृष्ठ दो पर**




**हमारा वंदेमातरम् भी भाजपा ने चोरी किया: खड़गे**
**न्यायालय पर दबाव है, सारी मीडिया अंबानी-अडानी की**
**कांग्रेस नेताओं को आरोप लगाकर जेल में बंद किया गया: प्रियंका**

## कांग्रेस की रैली में देशभर से उमड़े लोग

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वोट चोरी के खिलाफ देश भर में चलाए गए अभियान के बाद रविवार को यहां रामलीला मैदान में हुई विशाल रैली में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के साथ ही बड़ी संख्या में देश के विभिन्न हिस्सों से आए पार्टी के प्रमुख नेताओं ने हिस्सा लिया।

रैली में कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, केसी वेणुगोपाल के साथ ही कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, कार्य समिति के सदस्य, प्रभारी महासचिव, विभिन्न प्रदेशों के अध्यक्ष और विधायक दलों के नेताओं के साथ ही बड़ी संख्या में पार्टी के प्रमुख नेता मौजूद रहे। रैली को श्री खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी के अलावा, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा, युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब के साथ ही विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों, पूर्व मुख्यमंत्रियों और अन्य प्रमुख नेताओं ने संबोधित किया। पार्टी ने वोट चोरी को लोकतंत्र के खिलाफ एक अपराध बताया है और यह भी कहा कि इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# सीबीआई ने चार चीनी नागरिकों के खिलाफ चार्जशीट की दाखिल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अंतर्राष्ट्रीय साइबर अपराध में शामिल चार चीनी नागरिकों और 58 कंपनियों सहित 17 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। अधिकारियों ने रविवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इन आरोपियों ने सौ से अधिक फर्जी कंपनियां बनाईं और एक हजार करोड़ से अधिक की साइबर धोखाधड़ी की।

ये सभी साइबर धोखाधड़ी करने वाले एक अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़े थे, जो शेल कंपनियों के जरिये धोखाधड़ी करते थे। यह नेटवर्क पोंजी योजनाओं और मल्टी-लेवल मार्केटिंग (एमएलएम) मॉडल के साथ-साथ फर्जी एप और नौकरी के प्रस्तावों के माध्यम से लोगों को धोखा दे रहा था। सीबीआई ने भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र से मिली जानकारी के आधार पर मामला दर्ज किया था। इसके बाद बीते अक्टूबर महीने में साइबर धोखाधड़ी वाले नेटवर्क का भंडाफोड़ हुआ था। जांच टीमों ने इस संगठित नेटवर्क का पता लगाया था, जो अलग-अलग तरह के साइबर फ्रॉड करता था। ये साइबर ठग फर्जी लोन, फर्जी निवेश योजनाओं का लालच देकर लोगों को अपनी जाल में फंसाते थे। जांच के दौरान पाया गया कि साइबर जालसाजों ने एक अत्यधिक जटिल, तकनीक का इस्तेमाल किया, जिसमें असली नियंत्रकों की पहचान छिपाने और कानून प्रवर्तन की जांच से बचने के लिए गूगल विज्ञापनों, बल्क एसएमएस अभियानों, सिम-बॉक्स मैसेजिंग सिस्टम, क्लाउड सर्वर, फिनटेक प्लेटफॉर्म और दर्जनों फर्जी बैंक खातों का लाभ उठाया गया। जांच के दौरान



**100 से ज्यादा फर्जी कंपनियां बनाईं, करीब एक हजार करोड़ की साइबर धोखाधड़ी की**

अधिकारियों ने पाया कि इस ऑपरेशन के केंद्र में 111 फर्जी शेल कंपनियां थीं। इन शेल कंपनियों को फर्जी निदेशकों, फर्जी डॉक्यूमेंट्स और फर्जी पते का इस्तेमाल करके बनाया गया था। जांच में यह भी पता चला कि इन कंपनियों में सैकड़ों बैंक खातों के जरिये 1,000 करोड़ रुपए से अधिक की रकम ट्रांसफर की गई थी। इस खुलासे के बाद सीबीआई ने तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, केरल, कर्नाटक, झारखंड और हरियाणा में कई जगह छापेमारी की थी। जांच के दौरान इन शेल कंपनियों में विदेशी नागरिकों के संलिप्त होने की भी जानकारी सामने आई थी। इनकी पहचान जू ई, हुआन लियू, वेइजियान लियू और गुआनहुआ वांग के रूप में हुई है। इन विदेशी नागरिकों ने ही साल 2020 से भारत में फर्जी कंपनियां खड़ी की थीं। इसके बाद भारतीय सहयोगियों की मदद से लोगों के दस्तावेज हासिल किए, जिनका इस्तेमाल शेल कंपनियों के नेटवर्क को बनाने और धोखाधड़ी से मिली रकम को दूसरे खातों में ट्रांसफर किया गया।

# भारत ने बांग्लादेश के आरोपों को किया खारिज

**नई दिल्ली।** भारत ने बांग्लादेश सरकार के दावों को खारिज करते हुए रविवार को कहा कि उसने सदैव बांग्लादेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष और समावेशी चुनाव का समर्थन किया है और कभी भी भारतीय भूमि का बांग्लादेश के हितों के खिलाफ इस्तेमाल नहीं होने दिया है।

बांग्लादेश के आरोपों का जोरदार खंडन करते हुए विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में किए गए दावों को स्पष्ट रूप से खारिज करता है।मंत्रालय ने कहा कि भारत ने बांग्लादेश में शांतिपूर्ण माहौल में स्वतंत्र, निष्पक्ष, समावेशी और विश्वसनीय चुनाव कराने के अपने रुख को लगातार दोहराया है। मंत्रालय ने कहा कि भारत ने कभी भी अपनी भूमि का उपयोग बांग्लादेश के मित्रवत लोगों के हितों के प्रतिकूल गतिविधियों के लिए नहीं होने दिया है। भारत ने बांग्लादेश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की उम्मीद जताते हुए कहा कि हम आशा करते हैं कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार शांतिपूर्ण चुनाव कराने सहित आंतरिक कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक उपाय करेगी। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने दावा किया है कि अवामी लीग के नेता भारत में रहकर बांग्लादेश के खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं।

**कहा: भारत वहां स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों का पक्षधर**

# नितिन नबीन बने भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष

## बिहार सरकार में हैं मंत्री, नियुक्ति को बिहार के साथ-साथ राष्ट्रीय रणनीति मजबूती के तौर पर देखा जा रहा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के संसदीय बोर्ड ने बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी की ओर से जारी आदेश के अनुसार यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी।

ऐसे में जेपी नड्डा के बाद अब पार्टी की जिम्मेदारी नितिन नबीन ही संभालेंगे। पार्टी की ओर से इस नियुक्ति को बिहार के साथ-साथ राष्ट्रीय राजनीति में भाजपा की रणनीतिक मजबूती के तौर पर देखा जा रहा है। नितिन नबीन पांच बार के विधायक हैं। मौजूदा वक्त में वह पटना की बांकीपुर विधानसभा सीट से विधायक हैं। बांकीपुर से इस बार नितिन नबीन पांचवीं बार विधायक बने हैं। नबीन छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रभारी भी हैं। बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन कायस्थ समुदाय से आते हैं।



**नितिन नबीन बांकीपुर से इस बार 5वीं बार विधायक बने**

45 साल के नबीन सड़क निर्माण मंत्री हैं। इसी के साथ वह भाजपा नेता किशोर सिन्हा के बेटे हैं। बता दें कि यह नियुक्ति 14 दिसम्बर 2025 यानी रविवार से तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। इस संबंध में पार्टी की ओर से औपचारिक संगठनात्मक आदेश जारी किया है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह की ओर से जारी आदेश के मुताबिक यह नियुक्ति भाजपा के संसदीय बोर्ड की तरफ से की गई है। आदेश में लिखा है कि भारतीय जनता पार्टी के संसदीय बोर्ड ने नितिन नबीन, मंत्री बिहार सरकार को भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है।

## यूपी भाजपा के नए अध्यक्ष की औपचारिक घोषणा

**लखनऊ।** महाराजगंज से सांसद व केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी उत्तर प्रदेश भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष बन गए हैं। उनके नाम की घोषणा रविवार को औपचारिक तौर पर प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचन के केंद्रीय प्रभारी एवं केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने की। शंख ध्वनि के बीच नाम का ऐलान होते ही डा. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय का सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

इस मौके पर निवर्तमान अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने नए अध्यक्ष को भाजपा का झंडा सौंपा। दरअसल अध्यक्ष पद के लिए पंकज चौधरी ही एकमात्र उम्मीदवार थे, इसलिए नामांकन के दिन ही उनके चुने जाने की तस्वीर साफ हो गई थी।



## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में तीन सड़क हादसों में 8 की मौत

**हमीरपुर/फर्रुखाबाद/उन्नाव/मथुरा/अलीगढ़।** घने कोहरे का कहर यूपी की सड़कों पर शनिवार-रविवार रात देखने को मिला। हमीरपुर में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर टूरिस्ट बस और चारपहिया गाड़ी की भिड़ंत में दो सगे भाइयों सहित 4 लोगों की मौत हो गई है। इस हादसे में 3 लोग गंभीर घायल हैं, जिनका बांदा में इलाज चल रहा ह। वहीं फर्रुखाबाद के इटावा-बरेली हाइवे पर गन्ना लदी ट्रॉली में ट्रक ने टक्कर मार दी, जिसमें एक युवक की मौत हो गई है। तीसरा हादसा उन्नाव जिले में आगरा-लखनऊ हाइवे पर हुआ, जहां मिनी ट्रक, कंटेनर और बस की भिड़ंत में बस ड्राइवर की मौत हो गई है। वहीं मथुरा में कोहरे की वजह से एक के बाद एक 5 गाड़ियां आपस में भिड़ गईं। इस हादसे में 18 लोग घायल हैं। अलीगढ़ के टप्पल थाना क्षेत्र के पीपली गांव के पास अलीगढ़-पलवल हाईवे पर सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई।

### बहराइच में फिर दिखा भेड़िया

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के कैसरगंज इलाके में रविवार दोपहर एक बार फिर भेड़िया देखे जाने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। ग्राम गोडहिया नंबर-4 के मजरा जरूवा में भेड़यि दिखने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर उसके पीछे दौड़ पड़े, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों का पीछा करने पर भेड़यि पास के गन्ने के खेत में घुसकर छिप गया। इसी इलाके में शनिवार तड़के ग्राम गोडहिया नंबर-4 के मजरा जरूवा निवासी राम कुमार की एक वर्षीय बेटी आरवी को भेड़िया उठाकर ले गया था। बाद में मासूम के शव के अवशेष घटना स्थल से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर बरामद हुए थे। इस हृदयविदारक घटना के बाद वन विभाग ने सघन सर्च ऑपरेशन चलाया था, जिसके दौरान एक भेड़िए को ट्रैक कर उसका एनकाउंटर किया गया था।

# ऊर्जा संरक्षण आज की सबसे महत्वपूर्ण जरूरतः द्रौपदी मुर्मू

नई दिल्ली, वार्ता



■ ऊर्जा संरक्षण व चित्रकला प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में बोलीं राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि एक संतुलित पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने के लिए स्वच्छ हवा और सुरक्षित जल स्रोत भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हम ऊर्जा को जितना संरक्षित करेंगे और बचाएंगे, वह प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी और आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी संवेदनशीलता का प्रतीक होगी।

मुर्मू ने रविवार को यहां राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार और राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में यह बात कही। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि पर्यावरण अनुकूल और विश्वसनीय तरीके से ऊर्जा संरक्षण ही ऊर्जा का सबसे बड़ा स्रोत है। ऊर्जा संरक्षण सिर्फ एक विकल्प नहीं, बल्कि आज की सबसे महत्वपूर्ण ज़रूरत है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि ऊर्जा बचाने का मतलब सिर्फ कम इस्तेमाल करना नहीं है, बल्कि ऊर्जा का समझदारी, जिम्मेदारी और कुशलता से उपयोग करना भी है। उन्होंने कहा कि जब हम बिजली के उपकरणों का अनावश्यक उपयोग करने से बचते हैं, ऊर्जा-कुशल उपकरणों को अपनाते हैं, अपने घरों और कार्यस्थलों में प्राकृतिक रोशनी और वेंटिलेशन का उपयोग करते हैं या सौर और नवीकरणीय ऊर्जा विकल्पों को अपनाते हैं, तो हम न केवल ऊर्जा बचाते हैं, बल्कि कार्बन उत्सर्जन भी कम करते हैं। श्रीमती मुर्मू ने इस बात पर ज़ोर दिया कि ऊर्जा संरक्षण आज की सबसे महत्वपूर्ण जरूरत है। अगर युवा और बच्चे ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक होकर इस दिशा में प्रयास करें, तो इस क्षेत्र में लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं और देश का सतत विकास सुनिश्चित किया जा सकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा तक पहुंच समुदायों को सशक्त बनाती है। यह स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देती है और विकास के नए अवसर पैदा करती है। इसलिए हरित ऊर्जा सिर्फ़ बिजली उत्पादन तक सीमित नहीं है, यह सशक्तिकरण और समावेशी विकास का एक शक्तिशाली माध्यम है।

### मुर्मू ने ऊर्जा बचाने वाले नायकों को किया सम्मानित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर यहां विज्ञान भवन में एक समारोह में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार (एनईसीए) 2025 और राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता (एनपीसी) 2025 के विजेताओं को सम्मानित किया। समारोह का आयोजन विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी (बीईई) द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्रीमती मुर्मू ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण कोई विकल्प नहीं, बल्कि आज की आवश्यकता है। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि भारत वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन में अग्रणी भूमिका निभा रहा है और देश ने पेरिस समझौते के तहत निर्धारित लक्ष्य से पांच वर्ष पहले ही 50 प्रतिशत स्थापित क्षमता गैर-जीवाश्म स्रोतों से प्राप्त कर ली है। उन्होंने पीएटी योजना, मानक एवं लेबलिंग, एडीईईटीआईई जैसी बीईई की पहलों को ऊर्जा दक्षता की रीढ़ बताया। राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस 2025 ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि ऊर्जा संरक्षण तकनीक, नीति और जनभागीदारी का संगम है। उद्योगों, संस्थानों, नवप्रवर्तकों और विद्यार्थियों-सभी के प्रयास मिलकर भारत को हरित, आत्मनिर्भर और सतत भविष्य की ओर ले जा रहे हैं। यह सम्मान न केवल उपलब्धियों की पहचान है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा भी है।

# रुपये की गिरावट से भाजपा की खुली पोलः अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि डॉलर के मुकाबले रुपए का अब तक के इतिहास में सबसे कमजोर स्तर पर पहुंचना इस बात का प्रमाण है कि भाजपा सरकार अर्थव्यवस्था को लेकर जो आंकड़े और दावे पेश कर रही है, वे पूरी तरह भ्रामक और तथ्यहीन हैं। उन्होंने कहा कि रुपए की गिरावट ने सरकार की आर्थिक नीतियों की असलियत जनता के सामने ला दी है।

रविवार को पार्टी की तरफ से जारी बयान में अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा इस सच्चाई से इनकार नहीं कर सकती कि रुपए की कमजोरी सीधे तौर पर सरकार की नाकामी का परिणाम है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा ने रुपए की गिरावट और सरकार के बीच ऐसा विचित्र आर्थिक सिद्धांत गढ़ा है, जो पूरी तरह अव्यावहारिक और विफल साबित हो चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को गंभीर संकट में डाल दिया है। रुपया लगातार डॉलर के मुकाबले गिरता जा रहा है और गिरावट के पुराने सारे रिकॉर्ड टूट चुके हैं। इसके साथ ही महंगाई बेलगाम हो चुकी है, जिससे आम जनता की क्रय शक्ति लगातार कमजोर हो रही है।

# घुसपैठियों को बचाने को हुई कांग्रेस की रैलीः पात्रा

नई दिल्ली, वार्ता



■ बीजेपी बोली- वहां सिर्फ एक मणिशंकर अय्यर नहीं

दिल्ली के रामलीला मैदान में हुई कांग्रेस की वोट चोरी की महारैली में मोदी तेरी कब्र खुदेगी के नारे लगाने पर बीजेपी प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि कांग्रेस भूल गई कि जब-जब पीएम मोदी और उनकी माता जी को गाली दी गई है, तो कांग्रेस को हमेशा जनता ने नकारा है, ये उनका महज अहंकार है। कांग्रेस में सिर्फ एक मणिशंकर अयर नहीं है।

संबित पात्रा ने कहा कि कांग्रेस वोट चोरी पर रैली कर रही है। संसद चल रही है, वहां चर्चा हो चुकी है और अब कांग्रेस रैली उसी मुद्दे पर कर रही है। इसी कांग्रेस ने एसआईआर पर सदन में चर्चा का नोटिस दिया था। राहुल जब इस चर्चा पर सदन में बोले, तो उनकी सतही जानकारी और राजनीति सदन में नजर आई। संबित पात्रा ने कहा कि टीशर्ट पहनने वाले राहुल उस दिन खादी पहनकर सदन में आए। उन्होंने एक कहानी बनाई जो पूरी तरह झूठी थी। जिसका गृहमंत्री ने बिंदुवार जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि हर बात पर जवाब दिया गया। संबित पात्रा ने कहा वोट चोरी कब-कब हुई ,वो भी गृहमंत्री ने बताया। नेहरू के प्रधानमंत्री बनने से लेकर रायबरेली का चुनाव और अब सोनिया गांधी की नागरिकता को लेकर भी बताया गया। जब गृहमंत्री ने घुसपैठियों का जिक्र किया, तो कांग्रेस ने इसका विरोध किया और वॉक आउट करके चले गए। उन्होंने कहा कि ये जो रैली हो रही है वो घुसपैठियों को बचाने के लिए कर रही है।

### बूथ ही बनेगा जीत का केंद्र, एसआईआर चुनावी रणनीति की धुरीः योगी

# सरकार व संगठन मिलकर प्रदेश को आगे बढ़ाएंगे

लखनऊ, वार्ता



■ विरोधियों के पास ताकत नहीं है, लेकिन व छल और भ्रम फैलाने की कोशिश करेंगे, जिससे सावधान रहने की जरूरत है

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट किया है कि आगामी चुनाव पूरी तरह बूथ स्तर पर लड़े जाएंगे और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) इस रणनीति की रीढ़ है। रविवार को भाजपा के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विरोधी दलों के पास संगठनात्मक ताकत नहीं है, लेकिन वे छल और भ्रम फैलाने की कोशिश जरूर करेंगे। ऐसे में कार्यकर्ताओं को सजग, साहसी और पूरी तरह तैयार रहना होगा।

अनुभवी नेतृत्व के साथ सरकार और संगठन मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विक. सित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश' के संकल्प को साकार करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारत और भारतीयों के प्रति दुनिया का नजरिया बदला है। उत्तर प्रदेश में आया परिवर्तन डबल इंजन सरकार और कार्यकर्ताओं की संगठित शक्ति का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बदला हुआ उत्तर प्रदेश आज अपनी पहचान खुद गढ़ रहा है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, अयोध्या में भव्य राम मंदिर, नैमिषारण्य सहित प्रमुख तीर्थ स्थलों का कायाकल्प इस परिवर्तन के प्रतीक हैं। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि पहले प्रदेश में बिजली इसलिए नहीं आती थी, ताकि अंधेरे में डकैती डाली जा सके, जबकि आज रोस्टर के अनुसार निर्बाध बिजली आपूर्ति हो रही है। योगी आदित्यनाथ ने एसआईआर को अत्यंत संवेदनशील बताते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की क्षमता पर कोई संदेह नहीं है, लेकिन कई बार अनावश्यक उदारता के कारण गंभीर चूक हो जाती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कई जगह यह कहकर संतोष कर लिया जाता है कि 'हमारे यहां सब ठीक है', जबकि वास्तविकता कुछ और होती है। एक जिले में तो विरोधियों ने बांग्लादेशी घुसपैठियों के नाम तक मतदाता सूची में दर्ज करवा दिए, जहां पिता-पुत्र-दादा की उम्र में ही भारी विसंगति पाई गई और मतदाता मूल रूप से असम के निवासी निकले। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्एक बूथ पर फर्जी नामों के खिलाफ अनिवार्य रूप से आपत्ति दर्ज कराई जाए और जो वास्तविक मतदाता सूची से छूट गए हैं, उनके नाम हर हाल में जोड़े जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश की अनुमानित आबादी करीब 25 करोड़ है, इस आधार पर लगभग 16 करोड़ मतदाता होने चाहिए, लेकिन एसआईआर के बाद सूची में केवल 12 करोड़ नाम सामने आए हैं। यह लगभग चार करोड़ मतदाताओं का अंतर है, जिनमें 85 से 90 प्रतिशत भाजपा समर्थक हो सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यकर्ताओं के पास अब केवल 12 दिन हैं और याद रखना चाहिए कि चुनावी लड़ाई बूथ पर ही जीती जाती है।

### भाजपा में न वंशवाद चलता है, न जातिवाद, केवल कार्यकर्ता सर्वोपरिः पंकज चौधरी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि भाजपा में न किसी व्यक्ति का वर्चस्व चलता है, न परिवारवाद और न ही जातिवाद। पार्टी में कार्यकर्ता ही सबसे बड़ी ताकत है और वही बड़े से बड़े दायित्व निभाता है। इसी भरोसे के साथ जनता ने बार-बार भाजपा को आशीर्वाद दिया है। रविवार को प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद अपने पहले संबोधन में पंकज चौधरी ने अपने राजनीतिक संघर्षों को याद करते हुए कहा कि राजनीति में आने का उनका शौक नही था। गलत चीज बर्दाश्त न होने की वजह से ही वह राजनीति में आएं। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें मात्र 26 वर्ष की आयु में महाराजगंज से लोकसभा चुनाव लड़ने का अवसर दिया। वर्ष 1991 से लेकर 2024 तक वे लगातार अपने क्षेत्र से जुड़े रहे।



सेंसेक्स 84391.27

निफ्टी 25758



सोना रु. 117330

प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 190000

प्रति किलो



# बाजार पर दिखेगा महंगाई का असर

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरी साप्ताहिक गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में बाजार पर महंगाई के आंकड़ों के साथ वैश्विक कारकों का असर भी दिख सकता है। घरेलू स्तर पर खुदरा महंगाई के आंकड़े शुक्रवार को बाजार बंद होने के बाद जारी किए गए थे। थोक महंगाई के आंकड़े सोमवार को जारी होने हैं। बाजार पर वैश्विक कारकों का असर भी दिखेगा।

पिछले सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांक पहले तीन दिन की गिरावट के बाद अंतिम दो दिन बढ़त में रहे। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 444.71 अंक (0.52 प्रतिशत) टूटकर सप्ताहांत पर 85,267.66 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक 139.50 अंक यानी 054 प्रतिशत गिरकर 26,046.95 अंक पर रहा। एनएसई का मिडकैप-50 सूचकांक 0.61 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.67 फीसदी की साप्ताहिक गिरावट में बंद हुआ। सप्ताह के दौरान सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 18 के शेयर लाल निशान में और अन्य 12 के हरे निशान में रहे। एशियन पेंट्स में सबसे अधिक 6.80 प्रतिशत की गिरावट रही। बीईएल का शेयर 4. 25 फीसदी, हिंदुस्तान यूनीलिवर का 3.33, बजाज फाइनेंस का 2.96, ट्रेंट का 2.78 और पावर ग्रिड का 2.28 प्रतिशत टूट गया। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर 1.87 फीसदी, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का 1.71, भारती एयरटेल 1.16, इंफोसिस तथा आईटीसी दोनों के 1.06, और महिंद्रा एंड महिंद्रा का 1.01 प्रतिशत उतर गया। इनके अलावा भारतीय स्टेट बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, सनफार्मा, टीसीएस, बजाज फिनसर्व और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी लाल निशान में रहे। टाटा स्टील का शेयर सबसे अधिक 2.87 प्रतिशत चढ़ा। इटरनल में 1.92 फीसदी, टाइटन में 1.73, मारुति सुजुकी में 1.50, अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.08 और कोटक महिंद्रा बैंक में 1.02 प्रतिशत की तेजी रहा। रिलायंस इंडस्ट्रीज, एलएंडटी, अडानी पोर्ट्स, टेक महिंद्रा एनटीपीसी और एक्सिस बैंक के शेयर भी साप्ताहिक बढ़त में रहे।

# एसबीआई के कर्ज आज से हो जाएंगे सस्ते

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े ऋण दाता भारतीय स्टेट बैंक ने आवास और निजी ऋण लेने वाले ग्राहकों को बड़ी राहत देते हुए ब्याज दरों में 25 आधार अंक (0.25 प्रतिशत) की कटौती की घोषणा की है। दरों में कटौती 15 दिसंबर से प्रभावी हो जाएंगे। बैंक की प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि उसने बाहरी बेंचमार्क पर आधारित दर में 25 आधार अंकों की कटौती की है। यह मौजूदा 8.15 प्रतिशत से घटकर सोमवार से 7.90 प्रतिशत हो जाएगी। ईबीएलआर वह दर है जो फ्लोटिंग दर पर लिए गए हर ऋण की ब्याज दर तय करता है। अधिकतर आवास ऋण, व्यक्तिगत ऋण और छोटे उद्यमों को दिए गए ऋणों की ब्याज दर इसी आधार पर तय होती है। एसबीआई ने यह कटौती भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा 05 दिसंबर को रेपो दर में की गई 25 आधार अंकों की कटौती के बाद की है। केंद्रीय बैंक ने इस साल चौथी बार रेपो दर में कटौती की है। इस दौरान रेपो दर 1.25 प्रतिशत कम हुई है। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने 9 दिसंबर को बैंकों के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक में रेपो दर की कटौती का लाभ ग्राहकों को देने के लिए कहा था। एसबीआई ने सभी अवधि के सीमांत लागत ऋण दरों में पांच आधार अंकों और बेस रेट में 10 आधार अंकों की कटौती की घोषणा की है। उसने बताया है कि अब बेस रेट 10 प्रतिशत से घटकर 9.90 प्रतिशत हो गई है। वहीं, सावधि जमा पर ग्राहकों को मिलने वाले ब्याज की दर ज्यादातर अवधियों के लिए अपरिवर्तित रहेगी।

# गेहूं, चीनी मजबूत, चावल नरम दालों, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव टूट गए। ग्राहकी आने से गेहूं और चीनी में तेजी रही, जबकि खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 67 रुपए घटकर सप्ताहांत पर 3,755.96 रुपए प्रति क्विंटल रही। गेहूं चार रुपए चढ़कर 2,848.44 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गया।

आटा 18 रुपए की बढ़त के साथ 3,307.09 रुपए प्रति क्विंटल बोला गया। बीते सप्ताह मूंगफली तेल 50 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। पाम ऑयल में 47 रुपए और सूरजमुखी तेल में 54 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी देखी गई। सोया तेल पांच रुपए महंगा हुआ। सरसों तेल की कीमत 107 रुपए और वनस्पति की 62 रुपए प्रति क्विंटल घट गई। सप्ताह के दौरान चना दाल की औसत कीमत 19 रुपए प्रति क्विंटल घट गई। वहीं मसूर दाल छह रुपए महंगी हुई। तुअर दाल आठ रुपए और मूंग दाल सात रुपए प्रति क्विंटल मजबूत हुई। उड़द दाल की कीमत भी 32 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव 18 रुपए प्रति क्विंटल गिर गए। वहीं चीनी 11 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7793.22 रुपए, मसूर काली 8122.44 रुपए, मूंग दाल 10095.82 रुपए, उड़द दाल 10388.57 रुपए, तुअर दाल 10533.49 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2848.44 रुपए और चावल 3755.96 रुपए प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3307.09 प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4346.23 रुपए और गुड़ 5005.85 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17599.13 रुपए, मूंगफली तेल 17704.16 रुपए, सूरजमुखी तेल 1575.84 रुपए, सोया तेल 13785.80 रुपए, पाम ऑयल 12481.16 रुपए और वनस्पति 14399. 03 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**देशभर में....**

प्रदेश में वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय होने से ठंड बढ़ गई है। पहाड़ों पर बर्फबारी का अनुमान है। मौसम विभाग ने उत्तराखंड के उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ में बारिश-बर्फबारी की संभावना जताई है, जिससे पारा 2-3 डिग्री सेल्सियस और गिर सकता है। कश्मीर में 21 दिसम्बर से 40 दिन तक चलने वाला सर्दियों का सबसे कड़ा दौर 'चिल्लई कलां' शुरू होगा। इस दौरान भीषण ठंड, बर्फबारी और पाला पड़ता है। पश्चिमी हिमालयी इलाकों में आखिरी बार 4 और 5 नवम्बर को अच्छी बारिश और बर्फबारी हुई थी। इससे पहले अक्टूबर के पहले हफ्ते में 2 अक्टूबर को हल्की और 6 अक्टूबर को भारी बर्फबारी हुई थी। उस समय जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल के ऊपरी इलाकों का करीब 80 फीसदी हिस्सा बर्फ से ढक गया था। अब 18-19 दिसम्बर को फिर अच्छी बर्फबारी के आसार हैं।

**रामलीला मैदान...**

वोट चोरी कर चुनाव जीत रही है। असत्य के रास्ते पर चल रही हैं, लेकिन अंत में सत्य की ही जीत होनी है, भले ही इसमें कुछ देर हो जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि झूठ के कारण इनका आत्मविश्वास डगमगा रहा है, क्योंकि वे समझ गए हैं कि उनकी वोट चोरी की साजिश पकड़ी गई है। पूरे देश को इस सच का पता लगने वाला है, इसलिए दोनों घबराए हुए हैं और उनका आत्मविश्वास खत्म हो रहा है। इससे पहले श्रीमती वाड्रा ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि आज संस्थाओं पर हमले हो रहे हैं, न्यायपालिका दबाव में है, कांग्रेस का बैंक अकाउंट बंद करवा देते हैं, कांग्रेस नेताओं को बिना प्रमाण के परेशान किया जा रहा है। ईडी को भेजा जा रहा है, छापे की कार्रवाई की जा रही हैं, सरकार किसी की सुनने को तैयार नहीं है, एसआईआर पर चर्चा करवाने की मांग की तो नहीं माने, आखिर में दबाव में आकर माने। उन्होंने कहा कि भाजपा अगर बैलेट पर चुनाव लड़े, वोट चोरी न करें, तो वह एक भी चुनाव नहीं जीत सकती है। चुनाव आयोग के बिना भाजपा चुनाव जीत ही नहीं सकती है। चुनाव आयोग सरकार की मदद कर रहा है और लोकतंत्र को खत्म रहा है। चुनाव की घोषणा से लेकर वोटर लिस्ट, मतदान, मतगणना, ईवीएम सबका इस्तेमाल आयोग भाजपा को मदद पहुंचाने के लिए कर रहा है। जनता का विश्वास भाजपा से, सरकार से, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री से हट चुका है। उन्होंने सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताते हुए कहा कि यहां सिर्फ संवैधानिक संस्थाओं की धज्जियां उड़ाई जा रही है और चुनाव आयोग जैसी संस्था सरकार की गैर जिम्मेदार तरीके से मदद कर रही है। उसकी इस हरकत को इतिहास माफ नहीं करेगा।

# राणा बंधुओं की कंपनियों का लाइसेंस निरस्त

■ यूपी: कफ सिरप तस्करी मामले में एफएसडीए की कार्रवाई

**लखनऊ।** यूपी में कफ सिरप की अवैध तस्करी मामले में एफएसडीए ने विभोर राणा और उसके भाई विशाल की फर्मों का लाइसेंस निरस्त कर दिया है। यह कार्रवाई लखनऊ में सामने आए उस नेटवर्क पर हुई है, जिसमें कोडीन युक्त कफ सिरप की तस्करी यूपी समेत कई राज्यों और बांग्लादेश तक होने का आरोप है। मामला इसलिए अहम है क्योंकि यह ड्रग्स नियंत्रण और सीमा पार अवैध कारोबार से जुड़ा है।

एफएसडीए के अनुसार विभोर राणा के नाम से पंजीकृत जीआर ट्रेडिंग और विशाल के नाम से संचालित एबट हेल्थ केयर का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से रद्द किया गया है। जांच में इन फर्मों की सप्लाई चेन, खरीद-बिक्री रिकॉर्ड और वितरण नेटवर्क में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। अधिकारियों का कहना है कि कागजी वैधता के आड़ में कोडीन युक्त कफ सिरप की बड़ी खेप विभिन्न राज्यों में भेजी गई। लखनऊ से संचालित इस नेटवर्क के तार पश्चिम बंगाल, असम, उत्तराखंड, बिहार और बांग्लादेश तक जुड़े होने के संकेत मिले हैं। लाइसेंस निरस्तीकरण को आगे की आपराधिक कार्रवाई का आधार माना जा रहा है।

### पूर्व सपा विधायक दीप नारायण की 21 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**झांसी।** समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक दीप नारायण यादव के खिलाफ पुलिस और प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 20 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति कुर्क कर ली है। यह कार्रवाई गैंगस्टर एक्ट, डकैती और मारपीट जैसे गंभीर मामलों में की गई है। जिलाधिकारी न्यायालय के आदेश पर झांसी पुलिस ने यह कदम उठाया। पुलिस के अनुसार पूर्व विधायक पर दर्ज मामलों में अवैध तरीके से अर्जित की गई संपत्ति को चिन्हित किया गया था। जांच के बाद प्रशासन ने मेडिकल कॉलेज के पीछे करगुवा मंदिर के पास स्थित करोड़ों की संपत्ति को कुर्क करते हुए मौके पर नोटिस बोर्ड भी लगाया है। बताया जा रहा है कि 21 नवंबर को मोंठ कोतवाली क्षेत्र में हुई मारपीट और डकैती की घटना के बाद से ही दीपनारायण यादव फरार चल रहे हैं। इस मामले में उन पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई, जिसके बाद पुलिस ने उनकी संपत्तियों का ब्योरा जुटाकर कुर्की की प्रक्रिया शुरू की। पुलिस सूत्रों के मुताबिक दीपनारायण यादव लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। हालांकि उन्होंने न्यायालय में सरेंडर की अर्जी दाखिल की है, जिस पर सुनवाई होनी है। वहीं पुलिस की ओर से गिरफ्तारी के प्रयास लगातार जारी हैं।

# निवेश बढ़ाया जाए और इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार हो

■ सीआईआई ने बजट 2026 में प्राइवेट निवेश बढ़ाने की सलाह दी

**नई दिल्ली।** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने आगामी केंद्रीय बजट 2026-27 के लिए सरकार को एक व्यापक निवेश रणनीति पेश की है। संगठन ने सुझाव दिया है कि बजट में सार्वजनिक, निजी और विदेशी निवेश को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, जिससे भारत की आर्थिक वृद्धि की गति बनी रहे और देश एक टिकाऊ विकास मार्ग पर आगे बढ़ सके।

सीआईआई ने वित्त वर्ष 2027 में केंद्र सरकार के पूंजीगत व्यय में 12 प्रतिशत वृद्धि और राज्यों को दी जाने वाली पूंजीगत सहायता में 10 प्रतिशत बढ़ोतरी की सिफारिश की है। संगठन ने इसके साथ ही 2026-2032 के लिए 150 लाख करोड़ रुपये की राष्ट्रीय अवसं. रचना पाइपलाइन (एनआईपी 2. 0)शुरू करने का प्रस्ताव रखा है। इसका उद्देश्य देशभर में बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं को गति देना और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है। बड़े निवेश और उत्पादन लक्ष्य हासिल करने वाली कंपनियों के लिए कर प्रोत्साहन और अनुपालन में ढील देने की सिफारिश की है। इसके तहत कंपनियों को नए निवेश, उत्पादन और कर योगदान में वृद्धि करने पर अतिरिक्त लाभ दिए जा सकते हैं। संगठन ने एनआरआई निवेश प्रोत्साहन कोष बनाने का भी सुझाव दिया है, जिसमें सरकार की हिस्सेदारी 49 प्रतिशत तक हो सकती है। यह कोष एनआरआई, एफपीआई और अन्य संस्थागत निवेशकों को अवसंरचना और एआई जैसे क्षेत्र में निवेश के लिए आकर्षित करेगा।

# ट्रॉली से गिरकर मजदूर की दर्दनाक मौत

## ईंट उतारकर लौट रहे थे दोनों भाई, सलेमपुर का रहने वाला है आदित्य

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** रविवार को नेशनल हाइवे स्थित टीटोडा मोड़ पर एक दर्दनाक हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली में बैठे मजदूर की गिरकर मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मुजफ्फरनगर नई मंडी कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर निवासी आदित्य अपने चचेरे भाई जितेंद्र के साथ ईंट ढुलाई का कार्य करता था। रविवार को दोनों भाई मोदीपुरम में ईंट उतारकर ट्रैक्टर-ट्रॉली से वापस अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही ट्रैक्टर-ट्रॉली खतौली कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाइवे पर स्थित टीटोडा मोड़ पर पहुंची, मोड़ काटते समय आदित्य का अचानक संतुलन बिगड़ गया और वह ट्रॉली से नीचे गिर पड़ा। गिरने से उसके सिर में गंभीर चोट लग गई। हादसे की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घायल आदित्य को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खतौली में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ था।

# जहरीले पदार्थ के सेवन से विवाहिता की मौत

■ **9वर्ष पहले वसीम से हुआ था शाईस्ता का निकाह**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** जटवाडा गांव मे जहर के सेवन से महिला की हालत बिगड गयी। गंभीर हालत मे महिला को मुज़फ्फरनगर के निजी अस्पताल मे ले जाया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत गयी। पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव जटवाड़ा मे रविवार की सुबह वसीम की पत्नी शाईस्ता 28 वर्ष की हालत जहरीले पदार्थ के सेवन से बिगड गयी।

आनन फानन मे उसे मुज़फ्फरनगर मे भोपा मार्ग स्थित निजी अस्पताल मे ले जाया गया।जहां उसका उपचार जारी था।शाम के समय शाईस्ता ने दम तोड़ दिया। मृतका का मायका जानसठ थाना क्षेत्र के गांव पिमोडा मे है।

शाईस्ता की मौत की ख़बर सुनकर अस्पताल मे मायका पक्ष के दर्जनों व्यक्ति पहुंच गये।शाईस्ता की शादी 9 वर्ष पूर्व हुई थी। शाईस्ता अपने पीछे ढाई वर्षीय पुत्र मौ. अहमद को छोड़ गयी है। मृतका का पति वसीम लिंटर के सरिया बँधाई का कार्य करता है।

थानाध्यक्ष जोगेन्द्र सिंह ने बताया की जहर के सेवन से शाईस्ता की मौत की सूचना प्राप्त हुई थी।

शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर आने पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जायेगी।

# फैक्ट्रियों का प्रदूषण खत्म कराने की खातिर टावर पर चढ़ा अजय पंडित

## रेलवे पुलिस ने नोटंकीबाज को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** हाइवे पर स्थित बहुचर्चित न्यू मैक्स टाउन सिटी में कथित घोटाले की जांच और जिले की मिलों में कूड़ा करकट, पन्नी जलाने के विरोध में कांशीराम कॉलोनी के अजय पंड़ित ने रेलवे स्टेशन के बिजली टावर पर चढ़कर अफरा-तफरी मचा दी। आरोप लगाया कि प्रशासन और जनप्रतिनिधि सब पूंजीपतियों के हाथ की कठपुतली बन गए है। यही नहीं प्रदूषण में बरती जा रही लाप. रवाही के चलते पूरे इलाके में कैंसर तेजी से पैर पसार रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने अजय को उतारने का भरसक प्रयास किया, लेकिन वो अपनी मांग पर अडिग रहा।

शहर के कांशीराम कॉलोनी निवासी अजय पंड़ित ने टॉवर पर चढ़ने से पहले वीडियो जारी कर अपनी डिमांड रखी। वीडियो जारी करने के बाद रविवार सुबह अजय पंड़ित रेलवे स्टेशन स्थित टॉवर पर चढ़ गया। यह खबर मिलते ही नई मंडी पुलिस और फायरकर्मी मौके पर आ गए और टावर पर चढ़े अजय पंड़ित को समझाने का प्रयास किया। आंदोलनकारी अजय पंड़ित ने कहा कि न्यू मैक्स टाउनशिप सिटी घोटाले के आरोपों से घिरी है। 71 पेज का शिकायती पत्र देने के बाद भी प्रशासन अंधा बना हुआ है। मुजफ्फरनगर में जितने भी पेपर मिलो एवं मिलो में कूड़ा-कचरा जलाया जा रहा है सब बंद होने चाहिए।अजय का कहना था कि बांदपुर, मखियाली, भंडूरा, , भिक्की, भिक्की, भंडर, भंडर, निरान निराना,

जडौदा, बीपाड़ा, बेगरजपुर, सिखरेड़ा जैसे गांव में कैंसर पीड़ितों की संख्या बढ़ रही है। जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होंगी, तब तक वह टॉवर पर चढ़ रहेगा।

# हर्ष सहरावत का लेफ्टिनेंट बनने पर हुआ स्वागत





मुजफ्फरनगर: टावर पर चढ़ा अजय पंडित।



मुजफ्फरनगर: टावर पर चढ़े युवक को नीचे उतारने पर जुटे पुलिसकर्मी।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव बिटावदा निवासी हर्ष सहरावत के लेफ्टिनेंट बनने पर पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गयी। ग्रामीणों ने खुशी का इजहार करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र ही नहीं बल्कि जिले का भी गौरव बढ़ाया है।

अपने गांव में पहुंचने पर हर्ष सहरावत का लेफ्टिनेंट बनने पर सैंकड़ों ग्रामीणों ने आज रविवार के दिन फूलों की मालाएं पहनाकर ढोल नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया। इस खुशी में गांव में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें लेफ्टिनेंट हर्ष सहरावत का फूलमाला पहनाकर ढोल नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया गया। अभिषेक की इस सफलता पर परिजन बहुत खुश हैं। आज रालोद नेता संयम पंवार और एडवोकेट प्रशांत शर्मा सहित अन्य कई गणमान्य लोगों ने हर्ष सहरावत के लेफ्टिनेंट बनने पर हर्ष जताया है।

# संसद में शिक्षकों की आवाज उठाने पर जताया आभार

## सांसद हरेंद्र मलिक ने सड़क से संसद तक लड़ने का दिया आश्वासन, सदन में मामला उठाने वाले धर्मेन्द्र का जताया आभार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** देश भर में वर्ष 2011 से पूर्व सरकारी स्कूलों में नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट दिलाने की मांग को लेकर भाकियू शिक्षक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रामरतन, प्रदेश महासचिव मनीष गोयल, महामंत्री अमित शर्मा और कार्यकारी जिलाध्यक्ष अमित तोमर के नेतृत्व में शिक्षकों का एक प्रतिनिधि मंडल सांसद हरेंद्र मलिक से मिला। और उन्हें आभार पत्र सौंपा। प्रतिनिधि न मंडल ने कहा कि जिस निर्भीकता और 3 गंभीरता से सांसद धर्मेंद्र यादव ने शिक्षकों व की आवाज संसद में उठाई है, वह शिक्षकों के हित में ऐतिहासिक पहल है, जिस पर के पक्ष और विपक्ष के सांसदों ने भी समर्थन न दिया। इस दौरान सांसद हरेंद्र मलिक ने शिक्षकों को आश्वस्त किया कि यह लड़ाई

केवल संसद तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि जरूरत पड़ने पर सड़कों तक भी लड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र यादव की पहल शिक्षकों के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है और समाजवादी पार्टी शिक्षकों के अधिकारों के लिए पूरी ताकत से संघर्ष करेगी। भाकियू शिक्षक प्रकोष्ठ ने अपने

आभार पत्र में सांसद हरेंद्र मलिक से अपील की कि वे इस मुद्दे को संसद में और अधिक प्रभावी तरीके से उठाते रहें, ताकि 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट मिल सके और उनका भविष्य सुरक्षित हो सके। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रामरतन ने कहा कि यह विषय राजनीति से ऊपर उठकर शिक्षापं और उन्हें आभार पत्र सौंपा। प्रतिनिधि न मंडल ने कहा कि जिस निर्भीकता और गंभीरता से सांसद धर्मेंद्र यादव ने शिक्षकों व की आवाज संसद में उठाई है, वह शिक्षकों र के हित में ऐतिहासिक पहल है, जिस पर पक्ष और विपक्ष के सांसदों ने भी समर्थन न दिया। इस दौरान सांसद हरेंद्र मलिक ने 7 शिक्षकों को आश्वस्त किया कि यह लड़ाई केवल संसद तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि जरूरत पड़ने पर सड़कों तक भी लड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र यादव की पहल शिक्षकों के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है और समाजवादी पार्टी शिक्षकों के अधिकारों के लिए पूरी ताकत से संघर्ष करेगी। भाकियू शिक्षक प्रकोष्ठ ने अपने आभार पत्र में सांसद हरेंद्र मलिक से अपील की कि वे इस मुद्दे को संसद में और अधिक प्रभावी तरीके से उठाते रहें, ताकि 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट मिल सके और उनका भविष्य सुरक्षित हो सके। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रामरतन ने कहा कि यह विषय राजनीति से ऊपर उठकर शिक्षापं और उन्हें आभार पत्र सौंपा। प्रतिनिधि न मंडल ने कहा कि जिस निर्भीकता और गंभीरता से सांसद धर्मेंद्र यादव ने शिक्षकों व की आवाज संसद में उठाई है, वह शिक्षकों र के हित में ऐतिहासिक पहल है, जिस पर पक्ष और विपक्ष के सांसदों ने भी समर्थन न दिया।

इस दौरान सांसद हरेंद्र मलिक ने 7 शिक्षकों को आश्वस्त किया कि यह लड़ाई केवल संसद तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि जरूरत पड़ने पर सड़कों तक भी लड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र यादव की पहल शिक्षकों के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है और समाजवादी पाटह्न शिक्षकों के अधिकारों के लिए पूरी ताकत से संघर्ष करेगी। भाकियू शिक्षक प्रकोष्ठ ने अपने आभार पत्र में सांसद हरेंद्र मलिक से अपील की कि वे इस मुद्दे को संसद में और अधिक प्रभावी तरीके से उठाते रहें, ताकि 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट मिल सके और उनका भविष्य सुरक्षित हो सके।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राम. रतन ने कहा कि यह विषय राजनीति से ऊपर उठकर शिक्षा व्यवस्था और शिक्षकों के हित में उठाया गया है, जो समाज में शिक्षा के स्तर को मजबूत करेगा। वहीं सपा जिलाध्यक्ष जिया चौधरी ने शिक्षकों की मांग को न्यायसंगत बताते हुए सरकार से इस पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की अपील की।

कार्यक्रम में भाकियू शिक्षक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रामरतन, कार्यकारी जिलाध्यक्ष अमित तोमर, अमित शर्मा, मनीष गोयल सहित अजब सिंह, कनिष्क वीर, संजय राठी, रूप सिंह, संजय कुमार, विपिन गोयल, वैभव सिघल, शिवम सैनी, अभिषेक सेठ, उस्मान अली, अब्दुल्ला, अखलाक अहमद सिद्दीकी, मूलराज शर्मा, तुष्य भूषण शर्मा, संदीप मलिक, विनय गोयल, निशुतोष, विपिन कुमार गोयल, अमित कुमार, मनोज कुमार, ओमपाल सिंह, क्षितिज नेगी, अनुज कुमार, सुधीर पोरिया, लोकेश वशिष्ठ, पुष्पेंद्र शर्मा, गौरव कुमार, मेहरबान कुरैशी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

# पेंशनर्स ने बनाई समस्याओं के निस्तारण की रणनीति

## पेंशनर्स भवन में सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने किया विचारविमर्श

■ **लम्बित समस्याओं के निराकरण की उठाई मांग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन की मासिक बैठक आगामी पेंशनर्स दिवस पर चर्चा करते हुए संगठन की एक जूता पर जोर दिया गया। भोपा रोड स्थित पेंशनर्स भवन में आयोजित बैठक की अध्यक्षता इंजीनियर बीआर. शर्मा ने की, जबकि संचालन महामंत्री इंजीनियर डीके. गुप्ता ने किया। अध्यक्ष इंजी. नियर बीआर. शर्मा ने बताया कि आगामी 17 दिसंबर को प्रशासन द्वारा पेंशनर्स दिवस का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जिला. धिकारी एवं वरिष्ठ कोषाधिकारी पेंशनर्स की समस्याएं सुनेंगे तथा उनके समाधान का प्रयास करेंगे। महामंत्री इंजीनियर डी. के. - गुप्ता ने पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरकार द्वारा आठवें वेतन आयोग का गठन तो कर दिया गया है, लेकिन पेंशन पुनरीक्षण को इसमें शामिल नहीं किया गया है।

उन्होंने कहा कि देश भर के पेंशनर्स संगठन इस नीति का विरोध कर रहे हैं और मुजफ्फरनगर का संगठन भी अपनी मांगें पूरी होने तक संघर्ष जारी रखेगा।

सभा में इंजीनियर केके. शर्मा ने मेडिकल रीइंबर्समेंट पर आयकर कटौती को पेंशनर्स का उत्पीड़न बताते हुए इसे तत्काल समाप्त करने की मांग की, वहीं इंजीनियर पीके. गुप्ता, बीबी. गुप्ता एवं संजय मित्तल ने भी पेंशन से जुड़ी समस्याओं पर विचार रखे। रामबीर सिंह, परिमंडलीय सचिव, संचार निगम पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश (पश्चिम) ने भी पेंशन रिवीजन के मुद्दे पर अपने विचार रखते हुए पेंशनर्स की एकजुटता पर बल दिया। अध्यक्ष इंजीनियर बीआर.शर्मा ने वर्ष 2000 के बाद नियुक्त सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना के अंतर्गत पेंशन देने की मांग उठाई।

सभा के दौरान दिवंगत साथी प्रमोद कुमार गुप्ता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया।

बैठक में इंजीनियर के. के. शर्मा, योगेश कुमार, आर. के. गोयल, बी. बी. गुप्ता, अमरनाथ, सुनील कुमार, सुभाष चंद, प्रकाश चंद, मदन गोपाल, करण सिंह, हसन अब्बास, रामकिशन, एम. के. अग्रवाल, महेश दत्त, योगेंद्र शर्मा, बृजमोहन अग्रवाल, उमेश चंद वर्मा, संजय मित्तल, प्रेमचंद, बृजमोहन गौतम, रामबीर सिंह मौजूद रहे।

# नये अध्यक्ष की वजह से बीजेपी और भी होगी मजबूत: बालियान

■ **भूपेन्द्र चौधरी के स्थान पर पंकज चौधरी को बनायागया है अध्यक्ष**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता यशपाल बालियान ने आज रविवार की देर रात एक प्रैस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि सहज सरल व्यक्तित्व के धनी केंद्रीय राज्य मंत्री पंकज चौधरी को उत्तर प्रदेश भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। आपके अनुभवी कुशल नेतृत्व में प्रदेश में भाजपा संगठन और अधिक मजबूत होगा ऐसी हम सभी को आशा है जिसका



स्पष्ट असर आगामी निकाय चुनाव और 2027 के विधानसभा चुनाव में अपेक्षित शानदार विजय मिलने के रूप में दिखाई देगा। इस दौरान उन्होंने अपने समर्थकों को भी नये राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर मुबारकबाद दी है।

# 10वीं प्रदेश स्तरीय डांस स्पोर्ट्स एवं सिंगिंग चैम्पियनशिप का आयोजन

■ **मुख्य अतिथि संजय मित्तल ने विजेताओं को किया सम्मानित**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कोरियोग्राफर मोहन अरोरा, निदेशक मैजिक डांस एकेडमी के संयोजन में मुज़फ्फरनगर के जी सी पब्लिक स्कूल की जूनियर विंग में आज 10वीं प्रदेश स्तरीय डांस स्पोर्ट्स एवं सिंगिंग चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता मुज़फ्फरनगर ईकाई की अध्यक्षा अंजू अरोरा ने व संचालन श्रेया विशा व कोरियोग्राफर विशा अरोरा ने संयुक्त रूप सें किया ।

चैम्पियनशिप का शुभारंभ सेलीब्रेटी कमलेश पटेल, उत्तर प्रदेश डांस स्पोर्ट्स एवं सिंगिंग की प्रदेश अध्यक्षा मंदीप कौर, चैम्पियनशिप के राष्ट्रीय संयोजक रजनीकांत, मुख्य अतिथि रामबाबू सर्राफ, अतिविशिष्ट अतिथि सुरेन्द्रन सी, सहायक आयुक्त, केन्द्रीय वस्तु एवं सेवाकर, मुज़फ्फरनगर मन्डल, विद्यालय प्रबन्धक विनोद संगल, वैष्णव स्टील्स के निदेशक इं. अशोक अग्रवाल, वरिष्ठ व्यापारी नेता संजय मित्तल, अजय अनेजा, छायाकार मनीष चावला, अंकुर मैनी आदि ने ज्ञान एवं संगीत की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए ऐसे आयोजनों पर जोर देते हुए कहा कि इससे छुपी प्रतिभा को निखारने में मदद मिलती है।

कार्यक्रम के मुख्य आयोजनकर्ता मोहन अरोरा ने बताया कि प्रतियोगिता में बरेली, सहारनपुर, शामली, बिजनौर, मेरठ, मुरादाबाद, अमरोहा, बदाऊँ, ग़ाज़ियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, आगरा मण्डल, अयोध्या मण्डल, प्रयागराज मण्डल आदि से सिंगिंग व डांस स्पोर्ट्स के 150 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया है।

राष्ट्रीय-अन्तराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त नृत्य कलाकार दिल्ली से अमन राघव, हरियाणा से आशीष आर्य, अर्चना मैम, राहुल भाटिया, दिल्ली से सोनालिका किशोर , मुजफ्फरनगर से अनुज वर्मा ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई।

डांस इंडिया डांस फेम ऑस्कर अवॉर्डी कमलेश पटेल एवं डांस स्पोर्ट्स एवं सिंगिंग एसोसिएशन के राष्ट्रीय सचिव रजनीकांत ठाकुर की उपस्थिति ने बच्चों और सभी दर्शकों में नई ऊर्जा का संचार किया।

प्रदेश स्तर की इस प्रतियोगिता में जो प्रतिभागी विजेता बनेंगे उनका चयन पश्चिम बंगाल में दिनांक 6 व 7 जनवरी 2026 को आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए होगा उत्तर प्रदेश टीम राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करने के बाद अन्तराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए भारतीय टीम में सम्मिलित होने का मौक़ा प्राप्त करेगी।

कार्यक्रम आयोजन में जूनियर विंग की इंचार्ज ममता चौहान निधि शर्मा, अक्षि त्यागी, इं. आदित्य दीक्षित, राजीव मोहन गोयल, इं. बसन्त कुमार गोयल, सरवन कटारिया, सचिन वर्मा, सिद्धार्थ मल्होत्रा आदि उपस्थित का विशेष योगदान रहा ।

# प्रोपराइटरशिप फर्म में पार्टनर बनाने की मिली इजाजत मुख्यमंत्री का जताया आभार

■ **अध्यक्ष संजय मित्तल व मंत्री हरिशंकर तायल ने दी जानकारी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** दी गुड खंडसारी एंड ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय मित्तल व मंत्री हरिशंकर तायल ने बताया कि हमारी बहुत पुरानी मांग पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रोपराइटरशिप फर्म में पार्टनर बनने की इजाजत दे दी है इसके लिए हम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मंत्री कपिल देव अग्रवाल का माननीय पूर्व विधायक अशोक कंसल जी का हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने हमारे साथ मिलकर यह कार्य कराया।

जिससे व्यापारी वर्ग में खुशी है और उन्हें काफी राहत मिली है इस नए अध्यादेश में अभी कुछ कमियां है जो मान्य मुख्यमंत्रीज़ी से मिलकर उन्हें दूर करने का पूरा प्रयास किया जाएगा।

काफी लंबे समय से ज्ञापन के माध्यम से स्वयं मुख्यमंत्री से मिलकर प्रोपराइटरशिप पर मैं पार्टनर बनाने की इजाजत मांगी जा रही थी।

जिसमें हमारे जनप्रतिनिधियों वह मान्य मुख्यमंत्री ने हमारी मांग को जायज मानते हुए इसकी इजाजत दी अब व्यापारियों को व्यापार करने में सरलता होगी पहले हम प्रोपराइटरशिप में किसी को भी अपना पार्टनर नहीं बना सकते थे मगर इस नए कानून के चलते हम नए पार्टनर बनाकर अपना व्यापार सुचारू रूप से चला सकते हैं अभी जो इसमें कमियां है आशा है जल्दी इनका सुधार होगा।




मुजफ्फरनगर: प्रदेश स्तरीय नृत्य और गायन प्रतियोगिता में मनोहारी प्रस्तुति देते कलाकार।

# पति ने शराब पी तो पत्नी ने खाया जहर, हालत नाजुक

## विवाहिता की हालत गंभीर, पति ने शराब न पीने की खाई कसम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** पति जब शराब पीकर घर पर आया तो पत्नि बिफर पड़ी और उसने पति की इस करतूत पर घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। विवाहिता को आनन फानन में एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली की बायवाला पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव में आज एक युवक अपने घर पर शराब पीकर आया। शराब की दुर्गंध आते ही युवक की पत्नि बिफर गयी और उसने अपने पति को भला बुरा कहा तो पति ने अपनी पत्नि को धमका दिया। बस इतनी सी बात से क्षुब्ध होते ही पत्नि ने घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया।

हालत बिगड़ने पर पति रोने लगा और शोर मचाकर मौहल्ले के लोगों को एकत्रित कर लिया। तब ग्रामीणों ने आनन फानन में विवाहिता को गंभीर हालत में बुढ़ाना कस्बे के एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों ने बुढ़ाना पुलिस को सूचना देने के दौरान उसका उपचार शुरु कर दिया था।

समाचार लिखे जाने तक विवाहिता का उपचार जारी था और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही थी। उधर पति कह रहा था कि वो अब कभी भी शराब नहीं पिएगा। यह मामला गांव में चर्चा का विषय बना हुआ था। घटना की सूचना पर विवाहिता के पीहर वाले भी अस्पताल में आ गये थे।

# चेयरपर्सन ने किया रेन बसेरे का औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढाना की अध्यक्षा उमा त्यागी कोशल ने आज रविवार की देर रात नगर पंचायत बुढाना कार्यालय परिसर में तैयार किए गये रैन बसेरे का आकस्मिक निरीक्षण किया। यहां पर रात में रुकने वाले लोगों के लिए बिस्तर से लेकर हीटर तक की व्यवस्था की गई है। अध्यक्षा ने नगर पंचायत कर्मचारियों को निर्देश दिए कि व्यवस्था में कोई ढिलाई नहीं होनी चाहिए। जो भी जरूरतमंद लोग आएं उन्हें सभी जरूरी सेवाएं का लाभ मिले। उन्होंने बताया कि रैन बसेरे में महिला पुरुष के लिए अलग अलग व्यवस्था है। मिली जानकारी के अनुसार अध्यक्षा उमा त्यागी ने रैन बसेरे का निरीक्षण कर कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अध्यक्षा ने कहा कि बस अड्डों से आने वाले लोगों पर नजर रखी जाए। कोई भी व्यक्ति फुटपाथ पर सोता न मिले। इस पर गंभीरता दिखाई जाए। रैन बसेरे में आने वाले व्यक्ति को गर्म पानी व चाय की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए।

अगर कोई जरूरतमंद आता है तो उसके पास ठंड के समुचित कपड़े नहीं हो तो उसे कंबल भी दिया जाए। उसकी वह स्वयं व्यवस्था करेंगी। प्राइवेट बस स्टैंड, पारसी स्टैंड, चरण सिंह तिराहे, दयानंद चौक समेत अन्य स्थानों पर जाकर लोगों को ढूंढें कहीं कोई खुले आसमान के नीचे तो नहीं पड़ा है। इसकी क्रॉस चेकिग की जाएगी। लापरवाही मिलने पर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाएगी। रैन बसेरे के जो केयर टेकर हैं वे निर्धारित अवधि में मौके पर मौजूद रहें।

# सवारी बैठाने को लेकर डग्गामार चालकों में भिड़ंत

## पुलिस के पहुंचते ही वाहन लेकर फरार हुए चालक

- **डग्गामार वाहनों से रोज हो रही हैं दुर्घटनाएं**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** नगर के व्यस्ततम जानसठ तिराहे पर रविवार अलसुबह सवारी बैठाने को लेकर डग्गामार वाहन चालकों के बीच जमकर मारपीट हो गई। अचानक हुई इस घटना से तिराहे पर अफरातफरी मच गई और यात्रियों व राहगीरों में दहशत का माहौल बन गया। मारपीट की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस को देखते ही दोनों चालक अपने-अपने वाहन लेकर फरार हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जानसठ तिराहे पर डग्गामार वाहन चालक लंबे समय से मनमानी कर रहे हैं। रविवार सुबह भी एक चालक अपने वाहन में क्षमता से अधिक सवारियां ठूंस-ठूंस कर भर रहा था। यात्रियों की अत्यधिक भीड़ के चलते कुछ सवारियां वाहन से उतर गईं। चालक द्वारा उन्हें रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन यात्री पास में खड़े दूसरे डग्गामार वाहन में जा बैठे। इसी दौरान दूसरे वाहन के परिचालक ने यात्रियों को आवाज लगाकर अपने वाहन में बैठा लिया। इस बात से नाराज पहले चालक ने दूसरे चालक को नीचे उतार लिया और दोनों के बीच नोकझोंक शुरू हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई।

चालकों की आपसी भिड़ंत से वाहनों में बैठे यात्रियों में भी हड़कंप मच गया। मारपीट की सूचना पर पुलिस जब मौके पर पहुंची तो दोनों चालक वाहन लेकर भाग निकले। इसके बाद पुलिस ने जानसठ तिराहे पर खड़े डग्गामार चालकों को खदेड़ते हुए तिराहे से हटा दिया। पुलिस की सख्ती के बाद कई घंटों तक डग्गामार वाहन जानसठ तिराहे पर नजर नहीं आए। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि डग्गामार वाहनों की वजह से जानसठ और बुढ़ाना तिराहे पर दिन-रात जाम की स्थिति बनी रहती है। कई बार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई न होने से चालक बेखौफ होकर तेज रफ्तार और ओवरलोडिंग से यात्रियों की जान जोखिम में डाल रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# गंग नहर पटरी पर रेंग रहे अजगर की वन विभाग ने बचाई जान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** क्षेत्र मे अजगर सांप की उपस्थिति ग्रामीणों मे दहशत फेलाए हुए है।जौली के निकट गंग नहर की पटरी पर रेंग रहे विशालकाय अजगर की जान वन विभाग की टीम ने बचाई है वहीं शुक्रतारी के जंगल मे प्रतिदिन धूँप सेंकने वाले तीन अजगर को पकड़ने की मांग किसानो ने की है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव जौली के पास गंग नहर पटरी पर पिछले तीन दिनों से एक विशालकाय अजगर अपनी उपस्थिति से दहशत फेलाये हुए था। रविवार को विशालकाय अजगर को देख ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम के वनरक्षक योगेश कुमार, मनोज कुमार, वाचर वसीम आदि ने ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाते हुए में काफी समय की कोशिश के बाद अजगर को सुरक्षित पकड़ लिया। अजगर की लंबाई लगभग 15 फुट बताई जा रही है। अजगर को हस्तिनापुर सुरक्षित वन्य जीव अभ्यार्णय क्षेत्र के गंगा खादर मे सुरक्षित क्षेत्र में छोड़ा गया। वहीं क्षेत्र के गांव शुक्रतारी के जंगल मे तीन अजगर दहशत फैलाए हुए हैं। भोकरहेड़ी के मोहल्ला काजियान निवासी किसान मुबशशिर हुसैन व मौ. शफी ने बताया की शुक्रतारी के जंगल मे उनके खेत व कब्रिस्तान हैं। जहां कब्रिस्तान मे तीन विशालकाय अजगर प्रतिदिन सुबह सवेरे धूप सेंकने निकल रहे हैं। जिससे किसानो व गुजरने वाले राहगीरों मे दहशत बनी हुई है। प्रधान ओमबीर, किसान तेजपाल, चन्द्रपाल, आमिर, मुकेश आदि ने तीनो अजगर को पकड़ने की मांग वन विभाग से की है।

# पैंठ बाजार, पारसी बस स्टैंड, पुल के पास लगी हाई मास्ट लाइटें

- **चैयरपर्सन उमा ने जगमग किया कस्बा बुढ़ाना**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढाना क्षेत्र में प्रमुख स्थानों पर हाई मास्ट लाइटों के चालू होने से हजारों लोगों मे खुशी का जबरदस्त माहौल है। फिलहाल तीन लाइटों को चालू कर दिया गया है। जिनमें हिंडन नदी पुल के पास, पारसी बस स्टैंड और पैंठ बाजार जहां पर हाई मास्ट लाइटों के लग जाने से पूरा एरिया रात होते ही रोशनी से नहा उठता है। बीती शुक्रवार को पीठ बाजार तिराहे और बुढ़ाना की मुजफ्फरनगर की तरफ पुल के पास और पारसी बस स्टैंड के समीप लगाई गयी लाइटों को



चालू कर दिया गया है। पीठ बाजार तिराहे पर स्थानीय लोगों ने रेवड़ी बांटकर खुशी मनाई और बुढाना नगर पंचायत की चेयरपर्सन उमा त्यागी कौशल का आभार जताया। बताया जाता है कि आदर्श नगर पंचायत योजना के तहत बुढाना कस्बे में चार स्थानों जिनमें पीठ बाजार तिराहे, पारसी बस स्टैंड, मुजफ्फरनगर की ओर से बुढ़ाना की एंट्री और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिराहे पर हाई मास्ट लाइट लगना तय हुआ था। पीठ बाजार तिराहे और बुढ़ाना की मुजफ्फरनगर की तरफ पुल के पास से एंट्री पर लाइट चालू हो गई हैं। बाकी चौथे स्थान पर भी जल्द लाइट चालू हो जाएगी। एक पोल पर कुल 12 लाइटें लगी हैं। ऐसे में लाइटें चालू होते ही रात में दिन निकल जाता है। और ऐसे में पूरा क्षेत्र जगमग है। बुढाना नगर पंचायत की महिला चेयरपर्सन उमा त्यागी का कहना है कि सभी के साथ विश्वास और सहयोग से बुढ़ाना कस्बे में बेहतर काम कराने की उनकी कोशिशें लगातार जारी हैं।

# मीरापुर में साप्ताहिक बंदी आदेश की उड़ रही धज्जियां

**मीरापुर।** कस्बे में वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों और दुकानों के लिए श्रम विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शुक्रवार को साप्ताहिक बंदी का दिन घोषित किया गया है, लेकिन इसके बावजूद अनेक व्यापारी लगातार सरकारी आदेशों की अनदेखी कर रहे हैं।

बंदी के दिन भी दुकानों को धड़ल्ले से खोला जा रहा है, जिससे नियमों का खुला उल्लंघन हो रहा है।

दुकानों पर कार्यरत कर्मचारियों का कहना है कि साप्ताहिक अवकाश न मिलने के कारण उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# आर्थिक असमानता ने बढ़ाई अमीर-गरीब की दूरी

- **लोकतंत्र पर मंडरा रहा खतरा**

**खतौली।** देश में बढ़ती आर्थिक असमानता को लेकर समाजसेवी एवं अधिवक्ता अभिषेक गोयल ने गहरी चिंता व्यक्त की है। रविवार को जारी एक प्रेस बयान में उन्होंने कहा कि नवीनतम वर्ल्ड इनइक्वैलिटी रिपोर्ट-2026 के आंकड़े बेहद चिंताजनक हैं, जो बताते हैं कि भारत अब दुनिया के सबसे अधिक असमान देशों में शुमार हो गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, देश की कुल संपत्ति का लगभग 65 प्रतिशत और कुल आय का 58 प्रतिशत हिस्सा केवल शीर्ष 10 प्रतिशत आबादी के पास सिमटा हुआ है, जबकि निचले 50 प्रतिशत लोगों के हिस्से में महज 15 प्रतिशत आय ही आती है।

अभिषेक गोयल ने कहा कि जब देश की अधिकांश संपदा कुछ हाथों में केंद्रित हो जाती है, तो इसका सीधा असर सामाजिक संतुलन और समावेशी विकास पर पड़ता है। उन्होंने चेताया कि आर्थिक असमानता केवल आर्थिक समस्या नहीं, बल्कि लोकतंत्र को कमजोर करने वाला गंभीर सामाजिक संकट है।

इससे समाज में विभाजन बढ़ता है, असंतोष जन्म लेता है और विकास का लाभ आम नागरिक तक नहीं पहुंच पाता।

तेज आर्थिक वृद्धि के बावजूद गरीब और निम्न आय वर्ग आज भी शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है, जिससे उनकी क्षमता का पूरा उपयोग नहीं हो पा रहा। अभिषेक गोयल ने कहा कि यह स्थिति स्वाभाविक नहीं है, बल्कि गलत नीतियों, एकाधिकार और मुनाफाखोरी का नतीजा है। उन्होंने कर व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि जीएसटी जैसे अप्रत्यक्ष करों का सबसे ज्यादा बोझ गरीब और मध्यम वर्ग पर पड़ रहा है, जबकि संपन्न वर्ग का योगदान अपेक्षाकृत कम है, जिससे असमानता और बढ़ रही है।

उन्होंने यह भी बताया कि उच्च शिक्षित युवाओं के लिए पर्याप्त रोजगार अवसर न होना, सार्वजनिक स्वास्थ्य पर कम खर्च और निजी स्वास्थ्य सेवाओं का बढ़ता प्रभुत्व, आम लोगों की मुश्किलें बढ़ा रहा है। महंगाई और अवसरों की कमी के कारण मध्यम वर्ग लगातार कमजोर हो रहा है, जबकि महिलाओं की श्रमबल में भागीदारी मात्र 15.7 प्रतिशत के आसपास रहना गंभीर चिंता का विषय है।

ग्रामीण और गरीब आबादी के लिए आधुनिक तकनीक, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की कमी उन्हें गरीबी के दुष्चक्र से बाहर निकलने नहीं दे रही है। आज भी बड़ी आबादी कम आय वाली पारंपरिक कृषि पर निर्भर है।

अंत में अभिषेक गोयल ने कहा कि विशेषज्ञों के अनुसार इस बढ़ती खाई को पाटने के लिए शिक्षा और कौशल विकास में बड़े पैमाने पर निवेश, मैन्युफैक्चरिंग जैसे रोजगार सृजन करने वाले क्षेत्रों को बढ़ावा, अमीर वर्ग पर प्रगतिशील कर व्यवस्था और 'सुपर टैक्स' जैसे कदम जरूरी हैं।

साथ ही सामाजिक कल्याण योजनाओं और सार्वजनिक खर्च में वृद्धि कर समावेशी विकास को प्राथमिकता देना समय की सबसे बड़ी जरूरत है।

# तीर्थंकर जन्मकल्याणक महोत्सव: माता की गोद भराई का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** जैन धर्म के आठवें तीर्थंकर श्री 1008 चंद्रप्रभ भगवान एवं 23वें तीर्थंकर श्री 1008 पार्श्वनाथ भगवान के जन्मकल्याणक पर्व को लेकर धर्म नगरी खतौली में उत्साह का वातावरण बना हुआ है। 15 दिसंबर को मनाए जाने वाले जन्मकल्याणक महोत्सव की श्रृंखला में जैन समाज खतौली द्वारा तीर्थंकरों की माता की गोद भराई का भव्य एवं भावपूर्ण आयोजन बड़े बाजार स्थित ठाकुरद्वारा में किया गया। इस अवसर पर तीर्थंकर बालक चंद्रप्रभ की माता बनने का सौभाग्य नैना जैन, धर्मपत्नी वैभव जैन (पूर्व सभासद) को तथा तीर्थंकर बालक पार्श्व कुमार की माता बनने का सौभाग्य रुचि जैन, धर्मपत्नी अंकित जैन (गंगाधड़ी वाले) को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में हस्तिनापुर से पधारे विधानाचार्य नरेशचंद जैन शास्त्री ने



मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान संपन्न कराए। पुनीत चौक पुराने का सौभाग्य रीमा जैन, धर्मपत्नी आशु जैन (औषधि वाले) को प्राप्त हुआ। भजन गायक आरजव जैन की सुमधुर प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन अरुण जैन (नंगली वाले) ने किया। गोद भराई से पूर्व दोनों माताओं ने आचार्य 108 भारत भूषण महाराज ससंघ से आशीर्वाद प्राप्त किया।

इसके पश्चात भव्य बग्गी रूपी रथ पर सवार होकर दोनों तीर्थंकरों के माता-पिता बैंड-बाजों के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे, जहां मंगल गीतों और भक्ति भाव के साथ गोद भराई की रस्म संपन्न हुई। इस पावन अवसर पर श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति (इकाई द्वितीय), महिला जैन मिलन मुख्य, जिन दर्शन भक्ति मंडल, महिला जैन मिलन नवज्योति, महिला जैन मिलन महावीर, अखिल भारतीय महिला जैन फेडरेशन, खतौली श्री 1008 चंद्रप्रभ पार्श्वनाथ जन्मकल्याणक महोत्सव कार्यकारिणी, पार्श्व भक्ति मंडल, जैन मंडी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनोज जैन (बर्तन वाले), अविरल जैन (बैंक वाले), मनीष जैन मुखिया, उपेंद्र जैन मुखिया, निशांत जैन, मनीष जैन (रेडियो वाले), ध्रुव जैन, अंशुल जैन (दाल वाले), पारस जैन (रेडिमेड), अपार जैन, आयुष जैन, पूजा जैन, समायरा, ऋषभ जैन (टिकरी वाले), विपिन जैन पिंकू, जैन समाज के कार्यवाहक अध्यक्ष रामकुमार जैन, सिल्लो मुखिया, योगेश सर्राफ, प्रमोद जैन, मुकेश जैन एड. आदि का सहयोग रहा।

# माउंट लिट्रा के वार्षिक उत्सव में एसएसपी ने किया मार्गदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** माउंट लिट्रा जी स्कूल, मुजफ्फरनगर के एनुअल फंक्शन में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी डॉ0 नीलम राय वर्मा, विद्यार्थियों को पढ़ाई, करियर और अच्छे भविष्य से जुड़ी उपयोगी टिप्स दीं।

माउंट लिट्रा जी स्कूल के वार्षिक समारोह का शुभारंभ माँ सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय एवं डॉ0 नीलम राय वर्मा को मोमेंटो एवं पुस्तके भेंट कर सम्मानित किया गया।

एनुअल फंक्शन के अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियाँ, नृत्य, गीत एवं नाटक मंचन किया गया, जिसे उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों द्वारा अत्यंत सराहा गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा महोदय ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल अंक प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने बच्चों को अनुशासन, आत्मसंयम, समय प्रबंधन एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण का महत्व बताते हुए कहा कि एक सशक्त समाज और सुरक्षित राष्ट्र के निर्माण में




शिक्षित, जागरूक और नैतिक नागरिकों की अहम भूमिका होती है। उन्होंने बच्चों से कहा कि ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और कानून के प्रति सम्मान ही किसी भी सफल नागरिक की पहचान है तथा कठिन परिस्थितियों में भी सत्य के मार्ग पर चलना ही वास्तविक सफलता है। डॉ0 नीलम राय वर्मा द्वारा बच्चों को संबोधित करते हुए कहा गया कि बच्चों का सर्वांगीण विकास तभी संभव है जब शिक्षा के साथ संस्कार, संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी भी जुड़ी हो। उन्होंने बच्चों को सकारात्मक सोच अपनाने, आत्मविश्वास बढ़ाने और समाज के प्रति सहानुभूति रखने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य का संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है और बच्चों को पुस्तकों, विज्ञान, कला एवं खेलकूदसभी क्षेत्रों में रुचि विकसित करनी चाहिए।

# अपना घर में दिया रोटेयिसं ने सहयोग




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** रोटरी क्लब मुज़फ्फरनगर मिडटाउन द्वारा अपना घर आश्रम, शुक्रताल के आग्रह पर 500 भोजन थाल, 40 बड़ी दरी एवं 30 कुर्सी प्रदान की गयी। इस अवसर पर आश्रम के सभी प्रभु जी के भोजन की व्यवस्था भी क्लब द्वारा की गयी है। कार्यक्रम संयोजक सीए अंकित मित्तल, मयंक मित्तल एवं मुकुल जैन रहे, अध्यक्ष सुशोभ बिंदल,सचिव गौरव गोयल एवं कोषाध्यक्ष दीपक सिंघल ने अपना घर आश्रम की गतिविधियों की प्रशंशा की एवं बताया कि मिडटाउन क्लब पहले से ही आश्रम का सहयोग करता आ रहा है। इस अवसर पर कार्यक्रम के सहयोगी सुनील अग्रवाल, कौशल कृष्ण, राजन सिंघल, मोहन लाल मित्तल, सचिन अग्रवाल, मुनीश अग्रवाल, उमेश गोयल, शशांक जैन, अरविन्द गुप्ता, पियूष अग्रवाल, दीप अग्रवाल, नरेश शर्मा, देवेन्द्र अरोरा, मुनीश गोयल एवं मनोज गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सुमन बिन्दल, नेहा गोयल, नीतू सिंघल, आरती मित्तल, मुक्ता अग्रवाल, रमनबाला अग्रवाल एवं नेहा मित्तल इन सभी का सहयोग रहा।

## खोया सूचना

सूचित किया जाता है कि मैं आलोक कुमार पुत्र श्री ब्रज भूषण कुमार निवासी 51/25 कम्बल वाला बाग मुजफ्फरनगर का सम्पति के बैनामा का एक पेज दिनांक 28/11/2025 को घर से तहसील जाते हुए रास्ते में गुम हो गया है विवरण बैनामा भूमि खसरा नं. 145 / बही न. 1/2574 पेज न. 211-230 क्रम सख्या न. 6287/30-6-2005 किसी को मिले तो मोबाइल नंबर 9927085901 पर सूचना देने का कष्ट करें।

# इस्लामिया इंटर में अल्पसंख्यक बच्चों को किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** दिन इतवार को मईनोरीटी वेलफेंयर एसोसिएशन मुजफ्फरनगर के द्वारा इस्लामिया इंटर कालेज के कैम्पस में स्टूडेंट्स मेरिट अवार्ड के प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसकी सदारत राणा ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के चेयरमैन ज़ाकिर अली राणा ने कि जबकि मुख्य अतिथि पंकज मलिक विधायक चरथावल व मैडम मैत्री रस्तोगी जी अल्पसंख्यक अधिकारी रहे व विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर रवीश आलम खान , डॉक्टर सलमान मैराज , एडवोकेट कमरूजजमा , डाक्टर जोया राणा व डॉक्टर अनुराधा वर्मा रहे।

कार्यक्रम का संचालन समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष असद पाशा व सरफराज आलम ने संयुक्त रूप मे किया। सर्वप्रथम प्रोग्राम की शुरुआत कारी सहाब ने तिलावते कुरान पढ़ कर किया इसके




बाद बच्चों को मोमेंटो व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में लगभग 525 बच्चे उपस्थित हुए इस मौके पर मुख्य अतिथि पंकज मलिक ने अपने भाषण में कहा कि बच्चों को अपनी तालीम पर ध्यान देना चाहिए उन्होंने खाश तौर पर छात्राओं को घरों के काम के साथ साथ उच्च शिक्षा पर ध्यान देने की बात पर जोर दिया इनके बाद मैडम मैत्री रस्तोगी जी ने कहा कि मईनोरीटी वेलफेंयर एसोसिएशन मुजफ्फरनगर इस तरह के कार्यक्रम कराकर बहुत अच्छा काम कर रही हैं इसके लिए वो बधाई के पात्र हैं ये कार्य ऐसा है जिससे बच्चों का आने वाले समय मे मनोबल बढ़ेगा वही डॉक्टर रवीश आलम खान ने कहा कि प्रोग्राम में लड़कियों की तादात ज्यादा है खुशी की बात है वही लड़कों को भी शिक्षा के लिए आगे आना चाहिए उन्होंने जोर देकर कहा कि चाहे आधी रोटी खाए लेकिन बच्चों को जरूर पढ़ाए! मेहमाने खुसुसी डॉक्टर सलमान मैराज ने बच्चों को शुभकामनाएं दी।

एडवोकेट कमरूज्जमा ने कहा कि बच्चों का भविष्य बनाने के लिए तालीम ही एक रास्ता है इसलिए शिक्षा जरूर हासिल करे इसके लिए चाहे आपको कोई भी कुर्बानी देनी पडे प्रोग्राम की सदारत कर रहे ज़ाकिर अली राणा ने लकी ड्रॉ द्वारा निकाले गए लगभग दस बच्चों को अलग से प्राइज देकर उनका हौसला अफजाई किया व प्रोग्राम में उपस्थित सभी बच्चों को अपनी दुआओं से नवाजा अंत मे संस्था के सदर जफरयाब खान ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी मेहमानों का शुक्रिया अदा किया व संस्था के सेक्रेटरी शाने आलम ने संस्था का रिपोर्ट कार्ड पेश किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में खास तौर पर लखते हसनैन जैदी,काजी शादाब , यूसुफ खान,मौ रईस, मौ याकूब, खिलाफत राणा, नदीम मंसूरी,अब्दुल सलाम, मौ ऐजाज , शहजाद अली गौर, इब्राहिम खान, मौ आसिफ, मौ इमरन सैफी,याकूब अली हाफिज मौ दानिश, हाफिज मौ अहमद का योगदान रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हाजी आसिफ राही, असद फ़ारूक़ी, तहसीन अली असरवी, सद्दाम राणा, मास्टर अल्ताफ़ ख़ान मशअल, इम्तियाज़ ख़ान, मास्टर इसरार, बाक़र अली, जावेद आलम, सलीम जावेद, योगेन्द्र चौधरी, शाहिद अलाल, शमीम कसार, औसाफ़ अंसारी, मंजूर अली आदि मौजूद रहे।

# वॉलीबॉल प्रतियोगिता में चमका श्री राम कॉलेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों ने माँ शाकुम्भरी अंतरमहाविद्यालय बास्केटबॉल (पुरूष) वर्ग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

अंतरमहाविद्यालय बास्केटबॉल (पुरूष) वर्ग प्रतियोगिता आरके कॉलेज, शामली में खेली गई थी। जिसमें माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय के लगभग 04 महाविद्यालयों जिसमें आरके कॉलेज, शामली, गोचर महाविद्यालय रामपुर मनिहारन, जेवी जैन डिग्री कॉलेज सहारनपुर, तथा श्रीराम कॉलेज, मुजफ्फरनगर के खिलाडियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के अंतिम एवं निर्णायक मैच में श्रीराम कॉलेज के बास्केटबॉल (पुरूष वर्ग) के अंतिम एवं निर्णायक मैच में श्रीराम कॉलेज, मुजफ्फरनगर



की टीम अभय चौधरी, वैभव, नमन पाल, शोएब अली राणा ने जेवी जैन डिग्री कॉलेज, सहारनपुर, की बास्केटबॉल (पुरूष) की टीम को हराकर अंतरमहाविद्यालय बास्केटबॉल (पुरूष वर्ग) का खिताब अपने नाम किया। उन्होने बताया कि यह पुरूष टीम माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर का प्रतिनिधित्व करते हुये अंतरविश्वविद्यालय बास्केटबॉल (पुरूष वर्ग) प्रतियोगिता में खेलेगी।

इस अवसर पर श्रीराम ग्रुप आफ कालिजेज के चेयरमैन डा0 एससी कुलश्रेष्ठ ने खिलाडियों के महाविद्यालय आगमन पर उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंट कर खिलाडियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# चाय पानी मांग रहे कथित कर्मचारी का फिर आया फोन

■ इस बार रुपये नहीं देने पर दी हत्या की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** जायज काम कराने की एवज में भी चाय और पानी का खर्चा मांगने वाले एक अज्ञात युवक ने अब पीड़ित युवक को दूसरी बार फोन करते हुए रूपयों की मांग की है। रूपये नहीं देने पर हत्या की धमकी दी गयी है। पीड़ित ने इसकी शिकायत बुढाना पुलिस से की है। उधर पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के बड़कता रोड निवासी बीरमति कोरी पत्नी समन्द्रा की एक भूमि है। जिसको छल कपट से फर्जी बैनामे के आधार पर कुछ भूमाफियाओं ने 2 लोगों के पक्ष में कर दी। इसकी शिकायत महिला ने समय समय पर बुढ़ाना में बैठे संबंधित अधिकारियों को की लेकिन भूमाफियाओं का कुछ नहीं बिगडा। फिर महिला मुजफ्फरनगर पहुंची लेकिन वहां के अधिकारियों ने भी महिला की बात को नहीं सुना। अब पीड़िता महिला के पुत्र राहुल कोरी ने इसकी शिकायत कुछ दिन पहले मुख्यमंत्री पोर्टल पर की तो पांच दिन पूर्व महिला के पुत्र राहुल कोरी के मोबाइल फोन पर किसी अज्ञात युवक की काल आई। जिसमें युवक द्वारा कहा गया कि उसका काम हो जाएगा। चाय पानी का खर्चा दे दो। तब अज्ञात व्यक्ति व पीड़िता के पुत्र के बीच हुई बातचीत का एक ओडियो वायरल हुआ तो सायबर पुलिस के द्वारा जांच करने के उपरांत बताया गया कि वह कॉल फेक थी। नंबर की जांच की गयी तो वह नंबर फेंक निकला मगर इसी बीच फिर से अज्ञात युवक ने फिर दोबारा से पीड़ित राहुल को फोन कर कहा कि में लखनऊ से जितेंद्र बोल रहा हूं।

भईया वो तुमने जमीन वाले मामले में पैसे नहीं डाले। तुमने बखेड़ा और खड़ा करा दिया दुनिया भर का। शिकायत और कर दी पुलिस को। या तो आज पैसे दे दो नहीं तो में तुम्हें जान से मार दूंगा। आज रविवार की सुबह हत्या की धमकी का यह ओडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। अब फिर से बुढ़ाना पुलिस ने वायरल ओडियो की जांच शुरु कर दी है। उधर पीड़िता का पुत्र राहुल पूरी तरह से टेंशन में हैं कि लखनऊ शिकायत क्या कर दी उसे न्याय की जगह हत्या की धमकी ही मिलने लगी।

## पुलिस ने छह घंटे में ही किया आरोपी का इलाज

**बुढ़ाना।** मुख्यमंत्री पोर्टल पर हुई शिकायत के बाद फोन पर पीड़ित से रुपये मांगने व रुपया न देने पर हत्या की धमकी देने वाले आरोपी जितेंद्र को बुढ़ाना पुलिस ने कुल 6 घंटे में अरेस्ट कर लिया। आरोपी पीड़ित के कहने पर संभल से बुढ़ाना आया था कि पुलिस ने सर्विलांस के जरिए युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम जितेन्द्र उर्फ जानेश पुत्र रामअवतार निवासी मुकर्रपुर, हजरतनगर जिला सम्भल बताते हुए कहा कि मैं गूगल पर जनसेवा केन्द्रों के मोबाइल नम्बर सर्च कर उन्हें कॉल करता था तथा अपने आपको एनआईसी का कर्मचारी बताकर सीएम पोर्टल पर अपलोड शिकायतों के बारे में जानकारी करता था। कुछ जनसेवा केन्द्रों द्वारा मुझे जानकारी उपलब्ध करा दी जाती थी।

प्राप्त जानकारी के आधार पर मैं आवेदक के प्रार्थना पत्र में अंकित मोबाइल नम्बर पर कॉल करता था तथा अपने आपको सीएम पोर्टल से संबंधित अधिकारी बताकर बातचीत करता था। इसके बाद शिकायत का निस्तारण कराने के नाम पर चाय पानी के रुप में पैसों की मांग करता था। मेरे विरुद्ध पूर्व में धोखाधड़ी से संबंधित मामले दर्ज हैं। मैं करीब 2 माह पूर्व ही जेल से छूटकर आया था। पैसों की जरुरत होने पर मैंने पुन: यही कार्य शुरु कर दिया। आज मैं पीड़ित से मिलने बुढ़ाना आया कि पुलिस ने पकड़ लिया।

### आरोपी पर हैं कई मुकदमे दर्ज....

**बुढ़ाना।** आरोपी जितेंद्र पर जनपद बुलंदशहर, अमरोहा, मुरादाबाद व गौतमबुद्धनगर में कई अपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपी जितेंद्र को सीओ गजेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर बुढाना कोतवाल सुभाष बाबू अत्री ने दारोगा रामोतार सिंह, गजेंद्र सिंह, कांस्टेबल सुनील, संजय और नकुल के सहयोग से गिरफ्तार किया हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### खतौली भूड़ क्षेत्र में बीमार गाय की मौत

**खतौली।** भूड़ क्षेत्र में रविवार को एक बीमार गाय की मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार गाय लंबे समय से अस्वस्थ थी और इधर-उधर कूड़ा-कचरा खाकर जीवन यापन कर रही थी। लगातार बिगड़ती हालत के चलते रविवार को उसने दम तोड़ दिया। गाय की मौत की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान हारून मलिक को अवगत कराया। सूचना पर ग्राम प्रधान तुरंत मौके पर पहुंचे और जेसीबी मंगवाकर ग्ग्रा खुदवाया।

इसके बाद ग्रामीणों की मौजूदगी में विधि-विधान के साथ गाय का अंतिम संस्कार कराया गया।इस अवसर पर ग्राम प्रधान हारून मलिक के साथ किसान नेता क"यूम अंसारी, मोहम्मद आकिब, नोमान शाहनवाज़, राशीद, मोनू, दिलशाद आमिर, वसीम, नोमान राशिद सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। गाय की मौत के बाद क्षेत्र में आवारा पशुओं की देखभाल, उपचार और संरक्षण को लेकर ग्रामीणों के बीच चर्चा होती रही। लोगों ने संबंधित विभागों से आवारा पशुओं के लिए बेहतर व्यवस्था और समय पर उपचार की मांग भी उठाई।

### लापता पत्नी की बरामदगी को पति ने लगाई गुहार

**मोरना।** गांव भुवापुर मे महिला को युवक द्वारा बहका फुसला कर ले जाने का मामला प्रकाश मे आया है। पति ने गांव निवासी युवक पर पत्नी को ज़ेवरात सहित कहीं ले जाने का आरोप लगाते हुए उसकी बरामदगी की गुहार लगाई है।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव भुवापुर निवासी व्यक्ति ने बताया कि बीते 8 दिसंबर की सुबह उसकी पत्नी जंगल मे दिशा शौच के लिए कहकर गयी थी, लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी वह वापस नहीं लौटने पर उसकी तलाश की गयी किन्तु महिला का कोई पता नहीं चल सका।पीड़ित पति ने पत्नी को बहका कर ले जाने का गांव निवासी युवक पर लगाते हुए पत्नी की बरामदगी की गुहार पुलिस से लगाई है।

### एस डी कॉलिज मे छात्राओं ने प्रस्तुत की संस्कृति की झलक

**मोरना।** शुकतीर्थ मे स्थित स्वामी कल्याण देव एसडी इंटर कॉलेज में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम के दौरान संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। साथ ही मेधावी छात्र-छात्राओं एवं खिलाड़ियों को अतिथियों ने पुरुष्कार देकर सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि प्रबंधक कपिल गर्ग ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।कार्यक्रम मे हरियाणवी, राजस्थानी, व पंजाबी लोक गीतों पर तन्वी राठी, खुशी, वंशिका, अलका, वंश, आरव, वैभव आदि ने लोक नृत्य की प्रस्तुति दी। खिलाड़ी सत्यम, प्रियांशु,मधू आदि व कक्षा दसवीं स्कूल टॉपर चंद्रिका, प्रियांशु और बारहवीं कक्षा के अदिति सैनी, नितिन, नीतू आदि को अतिथियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान प्रधानाचार्य संजीव कुमार,कैप्टन प्रवीण चौधरी, पूर्व प्राचार्य इंद्रपाल, प्रेम शंकर मिश्रा, राणा सिंह, संजीव राजपूत, प्रधान संजय चौहान आदि मोजूद रहें। संचालन रामनिवास प्रजापति ने किया। कार्यक्रम आयोजन में रोहित पवार, योगेंद्र, महेश राजपूत, रेखा, हेमलता ,अरुण आदि ने मुख्य भूमिका निभाई।

### 22 दिसम्बर की महापंचायत को लेकर हुई नुक्कड़ सभा

**बुढ़ाना।** भारतीय किसान यूनियन की एक नुक्कड़ सभा बुढ़ाना तहसील उपाध्यक्ष मौहम्मद शहजाद के आवास पर हुई। जिसमें मौहम्मद शहजाद ने उपस्थित भाकियू कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि आगामी 22 दिसम्बर को बुढ़ाना तहसील परिसर में एक महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा और भ्रष्ट अधिकारी और कर्मचारियों के विरु( हल्ला बोला जाएगा।

इस महापंचायत में हजारों लोग शामिल होंगे इसी को लेकर नुक्कड़ सभाएं और बैठकें की जा रही हैं। यहां पर सादा कुरैशी, शहजाद अहमद, शहजाद राणा, इरशाद राणा, मास्टर वसीम अकरम, नदीम अहमद, वसीम अहमद, रोशन अहमद, मुकर्रम अहमद, शमीम अंसारी, फारुख अहमद, साबिर अहमद, परवेज अहमद, साजिद अहमद, साबिर अहमद और सफक्कत अहमद आदि ने भाकियू की सदस्यता ग्रहण की। इसके अलावा भाकियू के जिला उपाध्यक्ष अनुज बालियान, बुढ़ाना तहसील अध्यक्ष संजीव पंवार, बुढाना ब्लॉक अध्यक्ष सुधीर प्रधान, जिला उपाध्यक्ष यासीन जोगियाखेड़ा, वरिष्ठ तहसील उपाध्यक्ष सुला चौधरी, भाकियू जिला संगठन मंत्री और भाकियू नगर अध्यक्ष इसरार अहमद सहित कई भाकियू नेताओं ने जगह जगह इसी तरह की बैठक करके सभी से 22 दिसम्बर की महापंचायत में चलने का आह्वान किया।

# कोतवाली में अजीबोगरीब हंगामा: महिला कुर्सी उठाकर जीटी रोड पर बैठी

■ सैकडों लोगों ने देखा कोतवाली के बाहर किया यह प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** रविवार को खतौली कोतवाली उस वक्त चर्चाओं में आ गई, जब एक अज्ञात महिला ने अचानक ऐसा हंगामा खड़ा कर दिया कि पुलिसकर्मी भी हैरान रह गए। महिला बिना किसी सूचना के कोतवाली पहुंची और वहां रखी कुर्सी पर बैठकर आने-जाने वालों पर आपत्तिजनक टिप्पणियां करने लगी। इससे परिसर में मौजूद लोग असहज हो गए। महिला की हरकतों को देखते हुए ड्यूटी पर तैनात महिला सिपाहियों ने उसे समझाने और कोतवाली से बाहर जाने के लिए कहा, लेकिन महिला शांत होने के बजाय उलझ पड़ी। कहा. सुनी बढ़ते ही महिला ने आवेश में आकर कोतवाली की एक कुर्सी उठाई और बाहर की ओर दौड़ लगा दी। सिपाहियों ने उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह उनसे बचती हुई सीधे जीटी रोड पर जा पहुंची। सड़क के बीच कुर्सी डालकर बैठ जाने से कुछ समय के लिए यातायात ठप हो गया और जाम जैसी स्थिति बन गई। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने अतिरिक्त बल की मदद से महिला को सड़क से हटाने की कोशिश की, लेकिन उसने और अधिक हंगामा शुरू कर दिया।

काफी प्रयासों के बाद पुलिस ने उसे वहां से हटाकर इलाके से बाहर कर दिया। इस पूरी घटना को देखने के लिए कोतवाली और जीटी रोड पर लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिससे कुछ देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि स्थिति पर समय रहते काबू पा लिया गया और किसी भी तरह की अप्रिय घटना नहीं होने दी गई।



# कांग्रेस की 'वोट चोर, गद्दी छोड़' महारैली में शामिल हुए कांग्रेसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** लोकतंत्र की रक्षा और कथित चुनावी अनियमितताओं के विरोध में नई दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने जा रही कांग्रेस की 'वोट चोर, गद्दी छोड़' महारैली को लेकर खतौली विधानसभा क्षेत्र में खासा उत्साह देखने को मिला। रविवार सुबह कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में दिल्ली के लिए रवाना हुए, जहां वे इस विशाल जनसभा में अपनी भागीदारी दर्ज कराएंगे।

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में होने वाली इस महारैली में शामिल होने के लिए खतौली से एडवोकेट योगेश खारी सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ रवाना हुए। कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के झंडे लहराते हुए और नारेबाजी के माध्यम से लोकतंत्र व संविधान की रक्षा का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर एडवोकेट योगेश खारी ने कहा कि यह महारैली लोकतांत्रिक संस्थाओं के कथित दुरुपयोग और चुनावी प्रक्रिया में सामने आ रही अनियमितताओं के खिलाफ एक सशक्त आवाज बनेगी।




उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता राहुल गांधी के नेतृत्व में सच और संविधान की रक्षा के लिए पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरेंगे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मानना है कि यह आयोजन सिर्फ एक राजनीतिक रैली नहीं, बल्कि लोकतंत्र को बचाने का जनआंदोलन है।

खतौली विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों के दिल्ली रवाना होने से पूरे इलाके में राजनीतिक हलचल और सरगर्मी तेज हो गई है।

## बरगद की तरह फैला एक परिवार.....

# जिसकी जड़ें गांव, शाखाएं भारत, आस्ट्रेलिया, अमेरिका व यूके तक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** ब्लाक क्षेत्र के ग्राम राजपुर छाजपुर का हरगुला सिंह, रतन सिंह व ज़हान सिंह परिवार आज सामाजिक एकता, पारिवारिक अनुशासन व दूरदर्शिता का जीवंत उदाहरण बन चुका है। बीते वर्ष 1800 में हरगुला सिंह द्वारा रखी गई 15 एकड़ कृषि भूमि की नींव इस वर्ष 2025 तक बढ़कर 82 एकड़ भूमि और लगभग 500 करोड़ रुपये की संयुक्त पारिवारिक संपत्ति में परिवर्तित हो चुकी है। यह उपलब्धि किसी एक व्यक्ति या एक पीढ़ी की नहीं बल्कि कई पीढ़ियों की सतत मेहनत, आपसी विश्वास व एकजुट सोच का परिणाम है। परिवार ने आधुनिक समय के अनुसार व्यवसाय, शिक्षा व वैश्विक अवसरों को अपनाया लेकिन अपनी जड़ों भूमि, संस्कार और पारिवारिक मूल्यों से कभी समझौता नहीं किया। इस परिवार ने आजादी से अब तक 35 साल गांव की सेवा की।

आज इस परिवार की करीब 25 प्रतिशत नई पीढ़ी अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया व यूनाइटेड किंगडम जैसे देशों में रहकर कार्य कर रही है फिर भी पारिवारिक पहचान और एकता से उनका जुड़ाव बना हुआ है।

परिवार के वरिष्ठों का मानना है कि यही जुड़ाव उन्हें बरगद के वृक्ष की तरह मज़बूत बनाता है। जहां हर शाखा चाहे कितनी भी दूर हो जड़ों को ऊर्जा देती रहती है। यह वंश वृक्ष केवल नामों का दस्तावेज़ नहीं बल्कि आगामी पीढ़ियों के लिए एक सामाजिक संदेश है कि विकास तब टिकाऊ होता है जब परिवार, संस्कृति व पहचान साथ साथ आगे बढ़ें। हम अलग अलग शाखा हो सकते हैं मगर जड़ एक है।

### काकडा में राष्ट्रीय सैनी सभा की बैठक संपन्न

**शाहपुर।** क्षेत्र के गांव काकड़ा में राष्ट्रीय सैनी सभा की बैठक संपन्न, कई दिग्गज रहे मौजूद। शाहपुर क्षेत्र के गांव काकड़ा में गजबी सैनी (प्रधान) के आवास पर राष्ट्रीय सैनी सभा रजि. (सैनी, शाक्य, कुशवाहा, मौर्य) की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में समाज के वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व राज्यसभा सांसद व पूर्व मंत्री राजपाल सैनी व पूर्व जिलाध्यक्ष श्यामलाल बच्ची सैनी भी रहे। राष्ट्रीय सैनी सभा ने ओम सिंह सैनी को जिलाध्यक्ष व गांव तिगरी के प्रधान प्रवीन सैनी को जिला मंत्री का पद देकर घोषणा की जिससे समाज व परिवार में खुशी की लहरें है। राष्ट्रीय सैनी सभा के कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नरेश सैनी, सफल संच. ालन प्रवीण सैनी ने किया ओर क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित लोग और पदाधिकारी मौजूद रहे। राष्ट्रीय सैनी सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश सैनी, राष्ट्रीय महामंत्री जयभगवान सैनी, प्रदेश अध्यक्ष आर के सैनी, प्रदेश महासचिव प्रवीण सैनी, सराय प्रधान सुशील सैनी, पूर्व प्रधान सराय बबलू सैनी, पूर्व प्रधान कमालपुर शीशपाल सैनी, पलड़ी प्रधान मोनू सैनी, परसोली प्रधान सत्येंद्र सैनी, नीमखडी प्रधान भूटू सैनी, चेयरमैन विनोद सैनी, तिगरी प्रधान प्रवीण सैनी,प्रमुख समाजसेवी धनकुमार सैनी, मास्टर जल सिंह सैनी, राजावतान सैनी डीलर, राम सिंह सैनी मुजफ्फरनगर, रामपाल सैनी डायरेक्टर, समाजसेवी डॉक्टर सतीश सैनी, अनुज सैनी, विशाल सैनी, अमन सैनी ठाकरान, राजेश सैनी, छोटन सैनी आदि रहे।

## छात्र उज्जवल राणा आत्मदाह प्रकरण......

# मुख्य आरोपी अरविंद गर्ग को मिला स्टे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** डीएवी डिग्री कालेज बुढ़ाना के छात्र उज्जवल राणा आत्मदाह प्रकरण के मुख्य आरोपी कालेज के प्रबंधक अरविंद गर्ग की गिरफ्तारी पर न्यायालय ने रोक लगा दी है और यह भी कहा है कि अगली सुनवाई की तारीख तक या पुलिस रिपोर्ट प्रस्तुत होने तक जो भी पहले हो याचिकाकर्ता को उपर्युक्त प्रथम सूचना रिपोर्ट के आधार पर गिरफ्तार नही किया जाएगा बशर्ते वह जांच में सहयोग करे।

यदि याचिकाकर्ता जांच में सहयोग नहीं करता है तो पुलिस इस न्यायालय में अपील करने के लिए स्वतंत्र होगी। याचिकाकर्ता की ओर से विद्वान वरिष्ठ अधिवक्ता वीपी श्रीवास्तव जिनकी सहायता परमात्मा नंद ओझा कर रहे थे को सुना गया। शिकायतकर्ता के विद्वान अधिवक्ता और राज्य के विद्वान एजीए को भी सुना गया।

यह रिट याचिका बीती 08 नवम्बर को दर्ज प्रथम सूचना रिपोर्ट को रद्द करने की मांग करते हुए दायर की गई थी जो बुढाना कोतवाली में बीएनएस 2023 की धारा 352, 351 (3), 115 (3) व 108 के तहत दर्ज की गई है। याचिकाकर्ता के विद्वान वकील का तर्क है कि एफआईआर को देखने से किसी भी तरह से ऐसे तत्व नहीं मिलते जो बीएनएस की धारा 108 के तहत मामला गठित करने के लिए पर्याप्त हों। याचिकाकर्ता संस्था का प्रबंधक था और शुल्क वसूली या छात्रों के प्रबंधन आदि में उसकी भूमिका बहुत कम थी। इस मामले पर विचार करने की आवश्यकता है। प्रतिवादी संख्या एक और दो का प्रतिनिधित्व विद्वान एजीए कर रहे हैं।

प्रतिवादी संख्या 3 का प्रतिनिधित्व विद्वान अधिवक्ता अनूप सिंह कर रहे हैं। प्रतिवादी 03 सप्ताह की अवधि के भीतर प्रतिवाद दाखिल कर सकते हैं।

इसके बाद यदि कोई प्रत्युत्तर हलफनामा हो तो उसे 2 सप्ताह की अवधि के भीतर दाखिल किया जा सकता है। कुल मिलाकर मुख्य आरोपी डीएवी डिग्री कालेज बुढ़ाना के प्रबंधक अरविंद कुमार गर्ग को फिलहाल कोर्ट से राहत मिल गयी है।

### ऑल इंडिया मोमिन अंसारी समाज ने स्वयंसेवकों को सम्मानित किया

**चरथावल।** कस्बे में ऑल इंडिया मोमिन अंसारी समाज ने मतदाता पुनरीक्षण अभियान (एसाईआर प्रक्रिया) में सहयोग करने वाले विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के स्वयंसेवकों और पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह ऑल इंडिया मोमिन अंसारी समाज के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव ताहिर हुसैन अंसारी के आवास पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता चरथावल नगर पंचायत अध्यक्ष मास्टर इस्लाम ने की, जबकि राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद इरफान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ताहिर हुसैन अंसारी ने किया। इस अवसर पर आस मोहम्मद एडवोकेट, हाजी नजबुद्दीन, सलीम राणा, मोहम्मद सलीम अंसारी, डॉक्टर तैयब, हाशिम हैदर और मौलाना शादाब सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# जमियत ब्लॉक व नगर का हुआ वार्षिक चुनाव

■ दो महान हस्तियों को भी दी गयी श्रदांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** अजीज फातिमा हाईस्कूल बुढ़ाना में आज रविवार को जमियत उलेमा हिंद का ब्लाक और नगर बुढ़ाना का वार्षिक चुनाव हुआ। जिसमें ब्लाक सदर मौलाना जाहिद नंगला, ब्लाक महासचिव हाफिज अय्यूब त्यागी, सचिव मुफ्ती दिलशाद परासौली और कारी अब्दुल्ला लोई, ब्लाक नायाब सदर कारी हुजैफा हुसैनपुरी व मौलाना रियासत मंदवाडा बनाए गये।

बुढ़ाना नगर अध्यक्ष मौलाना इसराइल, महासचिव शहजाद असगर कुरैशी, नायब सदर सितारा मस्जिद के इमाम मौलाना फारुख व हाफिज आस मौहम्मद भसाना, सचिव कारी शाहनवाज उमरपुर व हाफिज निजामुद्दीन, कोषाध्यक्ष हाजी सईद, मीडिया इंचार्ज डाक्टर एजी सैफी बने। चुनाव जमियत उलेमा हिंद के जिला महासचिव कारी जाकिर हुसैन की अध्यक्षता, बुढ़ाना तहसील महासचिव मुफ्ती आस मौहम्मद कासमी के संयोजन में हुआ। यहां आलमदीन पीर फकीर जुल्फिकार अहमद नक्शबंदी व मुफ्ती एजाज मुंगेर के इंतकाल पर दुख व्यक्त किया गया।



दुआ मौलाना इसराइल ने कराकर कार्यक्रम समाप्त किया। यहां जिला सचिव मुफ्ती आदिल शाहपुर, कोषाध्यक्ष कारी अब्दुल माजिद, मौलाना अब्दुल हक लोई, कारी आदिल सूजडू, कारी जाकिर लोई, मौलाना फारुख उमरपुर, सभासद राशिद भूरु कुरैशी, मुफ्ती साकिब शिकारपुर, मौलाना अतहर, शाहनवाज गौरी, समीर सलमानी, सूफियान कुरैशी, शाहनवाज कुरैशी, कारी शाहनवाज उमरपुर, हाफिज मुरसलीम, हाफिज नसीबुद्दीन सैफी, डाक्टर बुंदन आदि लोग मौजूद थे। कारी आमिर कसेरवा की जेरेह सदारत में प्रोग्राम मुनकीद हुआ।

# हस्तशिल्पियों को डायरेक्टर अशोक गुप्ता ने वितरित किए कार्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपार।** केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय की ओर से चलाई जा रही हस्तशिल्प योजना में एक कार्यक्रम आयोजित कर मुख्य अतिथि डायरेक्टर अशोक कुमार गुप्ता ने क्षेत्र के हस्तशिल्पों को कार्ड वितरण किये ओर योजना की जानकारी दी। कार्डधारकों को 30 दिसंबर को टूल वितरण किये जायेंगे।

रविवार को गांव मांडला स्थित शिव महाकाली सिद्ध पीठ आश्रम के महंत चेनदेव महाराज के सानिध्य में सहारनपुर हस्तशिल्प विकास आयुक्त कार्यालय की ओर से एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें तीन दर्जन से अधिक कई गांवों के महिला पुरूष हस्तशिल्पों ने भाग लिया। सहारनपुर से आये मुख्य अतिथि विभाग के डायरेक्टर ने हस्तशिल्प योजना से मिलने वाले लाभ की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि मंत्रालय की ओर से हस्तशिल्प कारों के निशुल्क टूल्स देकर आत्मनिर्भर बनाना है उक्त टूल से सारा परिवार कार्य कर सकता है जैसे जूते, कपड़े बनाने, मिटी के बर्तन,लकड़ी के सामान, पत्थर की मूर्तियां खिलौने बनाने आदि के नि:शुल्क मशीनें वितरण की जाती है। अच्छे सामानों की प्रदर्शनी लगती है मेलों में प्रदर्शन के लिए नि:शुल्क जगह दी जाती है उसका भुगतान मंत्रालय की ओर से किया जाता है। उक्त कार्य मंत्रालय की ओर स्वरोजगार से आत्मनिर्भर बनाने के लिए किया जा रहा है। वहां पर मौजूद हस्त शिल्पकारों को सुनील गुर्जर प्रधान मांडला, सचिन त्यागी व ज्ञानेंद्र शर्मा आचार्य सूर्यांश शास्त्री ने कार्ड वितरण किये गये उन्हें आगामी 30 दिसंबर को सामान बनाने के टूल मशीनें निशुल्क वितरण की जायेगी। शिवराज सिंह, सुशील त्यागी, अरविंद, डाक्टर राजीव अग्रवाल, पंकज गोयल व शिवकुमार सिंघल आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# सचिन सरोहा बने राष्ट्रीय जाट महासभा भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** सचिन सरोहा को राष्ट्रीय जाट महासभा भारत का निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया इस दौरान गणमान्यों व पदाधिकारीयों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को फुल माला व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया।

ककराला स्थित चौधरी कदम सिंह आईटीआई कॉलेज में रविवार को हुए कार्यक्रम में सचिन सरोहा को राष्ट्रीय जाट महासभा का निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया राष्ट्रीय अध्यक्ष के तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव प्रक्रिया शुरू हुई जिसमें डॉ राजपाल सिंह मलिक को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया जिसमें सचिन सरोहा को निर्विरोध रूप से निर्वाचित चुन लिया गया कार्यक्रम में आए पदाधिकारी व गणमान्य व्यक्तियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का फूल माला व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया इस अवसर पर सचिन सरोहा ने सभी को साथ लेकर चलने व जाट समाज की बुरी कुरीतियों को समाप्त करने का आह्वान किया कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेमपाल सिंह व संचालन राष्ट्रीय सचिव मनोज राठी उर्फ बिन्नू राठी ने किया इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष अनुकूल सिंह, कुलदीप सिंह, अंकित जावरा, संसार सिंह राठी, रामकृष्ण पावड़िया, साध्वी पूजा, पंकज फौजदार, मदनलाल, अनुपम चौधरी, राजबाला, राजीव सहरावत, यशपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# एसपी के निर्देश पर पुलिस ने किए 111 मोबाइल फोन बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिले में गुमशुदा मोबाइल फोन की शत-प्रतिशत बरामदगी के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह के निर्देश पर सर्विलांस सेल व थानों पर प्रचलित सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से बड़ी कार्रवाई की गई। अभियान के तहत विभिन्न कंपनियों के कुल 111 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 25 लाख रूपए बताई जा रही है।



रविवार को पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने पुलिस लाईन में मोबाइल धारकों से मुलाकात कर उनके मोबाइल फोन उन्हें सुपुर्द किए। इस अवसर पर एसपी ने सर्विलांस सेल एवं सीईआईआर पोर्टल पर कार्यरत कर्मचारियों की कड़ी मेहनत, लगन और तत्परता की सराहना करते हुए पूरी टीम को प्रशंसा पत्र देने की बात कही। मोबाइल प्राप्त करने वाले लोगों ने अपना खोया हुआ फोन वापस मिलने पर शामली पुलिस का आभार व्यक्त किया।

एसपी द्वारा आमजन से अपील की गई कि यदि उनका मोबाइल फोन गुम हो जाता है, तो वे अपनी मोबाइल की रसीद व पहचान पत्र के साथ नजदीकी थाने पर जाकर सीईआईआर पोर्टल में विवरण अवश्य अपलोड कराएं। अपलोड होने के बाद एक रिक्वेस्ट नंबर प्राप्त होता है, जिससे भविष्य में मोबाइल के उपयोग पर सूचना मिलती है और सर्विलांस सेल के माध्यम से मोबाइल को रिकवर किया जा सकता है।



मृतक वसीम



घटना स्थल पर लोगो की भीड़

# दो बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत, दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** मेरठ-करनाल हाईवे पर झिमरान बिडौली के निकट सोमवार देर शाम दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहां रेत के स्टॉक के पास दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद हाईवे पर अफरातफरी मच गई।

मृतक की पहचान वसीम पुत्र इरफान राव द्धउम्र लगभग 30 वर्षत्र निवासी बस्सी, थाना गंगोह, जनपद सहारनपुर के रूप में हुई है। वसीम सिलाई का कार्य करता था और शामली से कोट-पैंट की सिलाई के लिए कपड़ा लेने जा रहा था। बताया गया कि वह पहले से सिले हुए कपड़े भी जमा कराने जा रहा था। जैसे ही वह बिडौली क्षेत्र में रेत के स्टॉक के पास पहुंचा, उसी दौरान झिमरान बिडौली निवासी काका पुत्र जसविंदर अपने दोस्त मनदीप पुत्र बलजीत सिंह निवासी डेरा लाल सिंह मजरा अजीजपुर, अहमदगढ़ गांव से निजी कार्य के लिए बाइक से जा रहे थे वापस आते समय जैसे ही कट से अपने घर की ओर मुड़े, तभी बिडौली की ओर से शामली जा रहे वसीम की बाइक से उनकी बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वसीम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि काका ओर मनदीप गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर स्थित मंडी परिसर में रहने वाले लोगों को भी हादसे की जानकारी मिली। परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को तुरंत करनाल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। वहीं वसीम को एंबुलेंस के माध्यम से शामली के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

हादसे को लेकर कुछ लोगों का कहना है कि यदि समय पर एंबुलेंस पहुंच जाती तो शायद वसीम की जान बचाई जा सकती थी। वसीम अपने परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। उसकी कुछ वर्ष पूर्व ही शादी हुई थी और वह अपने पीछे पत्नी व दो छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गया है। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और हादसे के कारणों की पड़ताल की जा रही है।

## जमीनी विवाद में हुई मारपीट दो महिला घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गढ़ी मियां निवासी महिला वकीला, पत्नी शफी, वह हसीबा पत्नी फाजिल ने बताया की गांव के बाहर उनकी पटटो की जमीन है, जिस पर गांव के कुछ दबंग लोग जबरन कब्जा करना चाहते हैं। पूर्व में भी कई बार दबंगों ने उनकी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया जिसका मामला तहसील कैराना में एसडीएम कोर्ट में चला था। कोर्ट में कई साल मुकदमा चलने के बाद उनके हक में फैसला आया था। आरोप है कि रविवार को आरोपी दोबारा से उनकी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे जब महिलाओं ने विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी डंडों से मारपीट की और दोनों महिलाओं को घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों का उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया। दोनों महिलाओं ने अपना प्राथमिक उपचार कराने के बाद थाने पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# दुष्कर्म के आरोपी के घर की कुर्की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बा निवासी एक युवक ने अपनी पत्नी को कैराना के एक होटल में ले जाकर अपने दोस्त को सौंप दिया था। आरोप है कि आरोपी युवक ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था, और मौके से फरार हो गया था। पीड़िता ने अपने पति और उसके दोस्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने पीड़िता के पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि दूसरा आरोपी तभी से फरार चल रहा है। पुलिस ने फरार आरोपी के घर की कुर्की कर सामान कैराना कोतवाली में जमा कर दिया है।कस्बा के मोहल्ला इदरीश बेग विहार निवासी विवाहिता ने मार्च 2025 को कैराना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि मेरे पति रिजवान और पड़ोस के ही नदीम पुत्र अलमू की गहरी दोस्ती है। आरोप है कि पीड़िता के पति रिजवान ने पीड़िता को कैराना के महाराजा होटल में ले जाकर अपने दोस्त नदीम को सौंप दी थी। आरोप है कि नदीम ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था जबकि नदीम तभी से फरार चल रहा है। रविवार को कैराना कोतवाली उप निरीक्षक इंतजार, हेड कांस्टेबल रिंकू मलिक, राहुल, हेड कांस्टेबल ललित शर्मा व महिला हेड कांस्टेबल पायल त्यागी के साथ कस्बे के मोहल्ला इदरीश बेग विहार कॉलोनी में स्थित नदीम के मकान पर पहुंचे और कुर्की की कार्रवाई की। पुलिस के द्वारा नदीम के मकान का सामान अपने कब्जे में कर लिखा पढ़ी कर कैराना कोतवाली में जमा करा दिया है।



## जंगल में ले जाकर युवक के साथ बेरहमी से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** रविवार को थाना क्षेत्र के गांव भारसी निवासी शुभम ने बताया कि, गांव के दो युवक उसे बुलाकर जंगल में ले गए आरोपीयों ने पहले तो उसके साथ गाली गलौज की, और जब पीड़ित ने विरोध किया तो एक आरोपी ने गले में रस्सी डाल दी और दूसरे ने डंडा मार कर घायल कर दिया। आरोपीले युवक को जंगल में छोड़कर फरार हो गए पीड़ित ने किसी तरह मामले की सूचना अपने परिजनों को दी। घायल के परिजनों ने उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल है रेफर कर दिया। पीड़ित घायल ने थाने पर पहुंचकर आरोपी दोनों को के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है की तारीफ प्राप्त हुई है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।



## एक नजर

### चारे के साथ हुई गो माता की सेवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मां शाकुंभरी देवी गऊ ग्रास समिति द्वारा नई मंडी स्थित गौशाला में 6 कुंतल हरे चारे तीन कुंतल गोभी और एक कुंतल गाजर से गौ माता की सेवा की गई। संस्था के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार बंसल ने बताया कि संस्था माह में एक बार गौ माता को हरा घास खिलाकर गौ माता की सेवा करती है शास्त्रों में गौ माता की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य का काम है गौ माता की सेवा से सभी प्रकार के दुख दर्द दूर होते हैं तथा सभी ग्रह शांत रहते हैं गौ माता की सेवा करने से पुण्य प्राप्त होता है तथा मन को असीम शांति भी प्राप्त होती है सभी को बढ़-चढ़कर गौ माता की सेवा करनी चाहिए। इस मौके पर मती प्रवीण बंसल पिंकी अग्रवाल विजय गुप्ता डॉ उमेश कुमार वीरेन्द्र बालियान शिवकुमार चौधरी अनिल रेनू आदि मौजूद रहे



### 150 बच्चों को जर्सी व टोपे का वितरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नर सेवा नारायण सेवा के अंतर्गत सर्व सेवा सम्मान समिति द्वारा , उच्च प्राथमिक विद्यालय गांव झाल कंपोजिट (1, टू, 8) में स्कूल के सभी , लगभग 150 बच्चों को जर्सी और टोपे वितरण किए सभी बच्चों को फल वितरण किए गए , विधायक प्रसन्न चौधरी नगर पालिका शामली अध्यक्ष अरविंद संगल ने आशीर्वाद स्वरूप सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य कि कामना कि कहा कि सेवा परमोधर्म है, गुरुओं के बताए रास्ते पर चल कर उच्च शिक्षा प्राप्त कर एक दिन डॉक्टर, इंजियर, आई, पी, एस ऑफिसर कि तरह महान बन सकते हैं, उपस्थित, संथापक अध्यक्ष गिरधारी लाल नारंग ने कहा अकेले हम बूंद है, मिल जाएं तो सागर अकेले हम धागा है, मिल जाएं तो चादर अकेले हम कागज है, मिल जाएं तो किताब जीवन का आनंद मिल जुल कर रहने में है खुश रहो खुशियां बांटते रहो यही है अच्छी आदत, अध्यक्ष मनुज कांबोज,जगदीश प्रसाद, अजय गर्ग, अंकुर आर्य, संदीप विश्वकर्मा, वीरेंद्र संगल, आशू गर्ग, देविंद्र धानिया, सुशील अग्रवाल, अनिल कुमार, सचिन अरोरा, माणिक गर्ग , मनजीत सिंह आदि शामिल रहे।

# पैरा एथलेटिक्स के लिए ट्रायल का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहीद उधम सिंह स्टेडियम, शामली में रविवार को दसवीं उत्तर प्रदेश स्टेट पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए ट्रायल का आयोजन किया गया। पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन शामली के सचिव जबर सिंह खैवाल ने बताया कि ट्रायल में चयनित खिलाड़ी आगामी 20 व 21 दिसंबर 2025 को बरेली स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सीधे प्रतिभाग करेंगे।ट्रायल में विभिन्न वर्गों में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिसमें टी-46 100 मीटर में अमित प्रथम, चिराग द्वितीय, सूरज तृतीय रहे। टी-42 100 मीटर में संदीप प्रथम, अभी द्वितीय, दीपक तृतीय रहे। टी-46 400 मीटर में चिराग प्रथम, अमित द्वितीय, सूरज तृतीय रहे। टी-44 महिला वर्ग 100 मीटर में रानी प्रथम, नेहा द्वितीय, शालू तृतीय रही। टी-44 400 मीटर में नेहा प्रथम, शालू द्वितीय, आशु तृतीय रही। लंबी कूद टी-42 में संदीप प्रथम, रोहन द्वितीय रहे। भाला फेंक टी-40 में सिद्धार्थ प्रथम, मोहन कुमार द्वितीय रहे। गोला फेंक टी-42 में संदीप कुमार प्रथम, विकास द्वितीय, अमित तृतीय रहे। टी-44 गोला फेंक में रोहित प्रथम, दीपक द्वितीय, सूरज तृतीय रहे। एफ-54 पुरुष वर्ग में सपन ठाकुर प्रथम, सुशील द्वितीय, रोहित कुमार तृतीय रहे। एफ-54 भाला फेंक में रोहित प्रथम, सुशील द्वितीय, सपन तृतीय रहे। एफ-55 में अमर प्रथम, रोहित द्वितीय, निक्की तृतीय, एफ-54 महिला गोला फेंक में पायल प्रथम, अनुराधा द्वितीय, भावना तृतीय, एफ-54 भाला फेंक महिला वर्ग में भावना प्रथम, अनुराधा द्वितीय, पायल तृतीय रही। टी-37 में 1500 मीटर में शारिक अली प्रथम, 400 मीटर में भी शारिक अली प्रथम रहे। इस अवसर पर युवा कल्याण अधिकारी सचिन कुमार, आकाश पवार, हिमांशु अहलावत, प्रधानाचार्य कुलदीप तोमर, कोच अंकित कुमार, अजय धीमान, अनिल कुमार, विकास कुमार मौजूद रहे।



## अज्ञात मोटरसाइकिल चालक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** गांव डोगपुरा मोड पर तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक बुजुर्ग की मौत हो गई थी। पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डोगपुरा निवासी अमित पुत्र बाबूराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 07 दिसंबर को शाम को वह अपने पिता बाबूराम के साथ बकरी भेड चराकर मंसूरा गांव की ओर से अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही वे डोगपुरा मोड पर पहुंचे, सामने से आ रहे बाइक सवार ने सीधे उसके पिता को टक्कर मार दी। हादसे में अमित बच गया। टक्कर मारते ही चालक बाइक मौके पर छोड़कर फरार हो गया। घायल को ग्रामीणों की मदद से अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। पीडित ने बताया कि पिता के अंतिम संस्कार और शोक के कारण वह तत्काल कार्रवाई नहीं करा सका। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## जिला सभा की बैठक संपन्न

**बिजनौर।** जिला आर्य प्रतिनिधि सभा बिजनौर की अंतरंग की एक बैठक आर्य समाज फीना में आयोजित की गई । बैठक की अध्यक्षता प्रधान चंद्रपाल सिंह आर्य ने और संचालन जिला मंत्री राजपाल सिंह आर्य ने किया। बैठक की शुरुआत प्रार्थना से की गई। बैठक में कोटि धन संग्रह, निष्क्रिय आर्य समाजों को सक्रिय किए जाने और प्रदेश के संगठन के परिवर्तन पर चर्चा करते हुए शुभ बताया।

## सड़क हादसे में दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कार से बचने के प्रयास में बाइक सवार दो युवक डिवाईडर से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को राहगीरों की मदद से शामली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी दशा गंभीर होने के कारण हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।



कैराना क्षेत्र के गांव मन्ना माजरा निवासी जुल्फान पुत्र उमरदीन अपने गांव के ही दोस्त तसव्वर के साथ बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से कैराना गया था। बताया जाता है कि जब वह वापस लौट रहे थे तो कैराना बाईपास से अचानक सामने से तेजी से आ रही कार से बचने के प्रयास में बाइक का संतुलन बिगड गया और बाइक डिवाईडर से जा टकराई, जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की चीख पुकार सुनकर आसपास मौजूद लोग वहां पहुंचे और दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी दशा गंभीर होने के कारण हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।



## एमएलसी किरणपाल कश्यप ने निधि से कराया सड़क का निर्माण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** ग्राम ओदरी में विकास कार्यों की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए एमएलसी किरणपाल कश्यप द्वारा अपनी निधि योजना से आरसीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य कराया गया। रविवार को इस विकास कार्य का उन्होने उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए एमएलसी किरण पाल कश्यप ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि गांवों में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए भविष्य में भी निरंतर विकास कार्य कराए जाते रहेंगे। ग्रामीणों ने बताया कि आरसीसी सड़क एवं नाली निर्माण से आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी और जल निकासी की समस्या से भी राहत मिलेगी। इस अवसर पर गौरव कश्यप, भारत कश्यप, सुनील प्रधान रझड़, रूप सैन प्रधान हसनपुर, सुबोध प्रधान पेलखा, सतपाल सिंह ओदरी, नीरज कश्यप गढ़ी, हरवीर कश्यप गढ़ी, मुस्ताकिम गढ़ी, हरेंद्र कश्यप हरिपुर, किरण पाल खेड़की, धीरज प्रधान, संजीव राठी, रफा चौधरी, चंद्रपाल कश्यप, हरबीर कश्यप सहित अनेक गणमान्य लोग एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## युवती से छेड़छाड़ व मारपीट के आरोप में पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कैराना।** नगर के एक मौहल्ला निवासी पीड़ित पिता के अनुसार 13 दिसंबर की शाम करीब आठ बजे उसकी पुत्री गली से गुजर रही थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले एक मंचले ने उसके साथ छेड़छाड़ की। युवती ने घर पहुंचकर घटना की जानकारी परिजनों को दी। जब पीड़ित पक्ष ने आसपास के लोगों को घटना के बारे में बताया और शिकायत की बात कही, तो कुछ ही देर बाद आरोपी पक्ष क्षुब्ध होकर दुकान पर पहुंच गया। आरोप है कि मुख्य आरोपी अपने परिजनों व अन्य लोगों के साथ हाथों में लाठी-डंडे लेकर दुकान के अंदर घुस आया था। गाली-गलौच करते हुए पीड़ित और उसके परिजनों के साथ मारपीट की गई तथा दुकान में तोड़फोड़ भी की गई। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिनके सामने आरोपी शिकायत करने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित ने आरोपी पक्ष के राजनीतिक लोगों व बदमाशों से संबंध होने के आरोप लगाए थे कहा था कि उसके परिवार को जानमाल का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुख्य आरोपी सहित पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच कार्रवाई शुरू कर दी है।

# ओवरलोड गन्ना ट्रकों का कहर रसीदगढ़ में बड़ा हादसा टला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना भवन क्षेत्र के गांव रसीदगढ़ में शनिवार देर रात ओवरलोड गन्ने के ट्रकों की लापरवाही एक बार फिर जानलेवा साबित होते-होते रह गई। गन्ने से भरे एक ओवरलोड ट्रक से बचने के प्रयास में किसान का ट्रैक्टर सड़क किनारे लगे विद्युत खंभे से टकरा गया, जिससे दो खंभे टूटकर ट्रैक्टर के ऊपर गिर गए। गनीमत रही कि ट्रैक्टर चालक विशांक पुत्र शौकेंद्र निवासी रसीदगढ़ इस भीषण हादसे में बाल-बाल बच गया, अन्यथा बड़ा जान-माल का नुकसान हो सकता था।हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। टूटे विद्युत खंभों के कारण गांव की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। घटना स्थल पर नौजल और रसीदगढ़ दोनों गांवों के लोग इकट्ठा हो गए।



घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने गन्ना ट्रक के शीशे तोड़ दिए, टायरों की हवा निकाल दी तथा कुछ समय के लिए ट्रकों की आवाजाही पूरी तरह रोक दी।ग्रामीणों ने बजाज शुगर मिल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मिल की लापरवाही ग्रामीणों की जान पर भारी पड़ रही है। ग्रामीणों के अनुसार नौजल और रसीदगढ़ का यह मार्ग अत्यंत संकरा है, इसके बावजूद प्रतिदिन लगभग 70 से अधिक ओवरलोड गन्ना ट्रक इसी रास्ते से गुजरते हैं, जिससे हर समय हादसे की आशंका बनी रहती है।

ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिन पूर्व इसी मार्ग पर ओवरलोड गन्ना ट्रक की वजह से एक युवक की जान जा चुकी है। उस दर्दनाक हादसे के बाद मिल प्रशासन द्वारा ग्रामीणों को यह आश्वासन दिया गया था कि गन्ना ट्रक केवल रात्रि में ही चलेंगे और दिन में बिल्कुल नहीं चलेंगे, लेकिन इसके बावजूद आज भी दिन-रात धड़ल्ले से ट्रकों की आवाजाही जारी है, जो मिल प्रशासन की कथनी-करनी के फर्क को साफ उजागर करता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ओवरलोड ट्रकों को निकालने के लिए रसीदगढ़ रेलवे अंडरपास के रैंप को जानबूझकर तोड़ा गया है, ताकि ट्रक ऊपर बने टीन शेड में न फंसें।

यह कार्य न केवल अवैध है, बल्कि जनसुरक्षा के साथ खुला खिलवाड़ भी है। ग्रामीणों का कहना है कि कई गन्ना ट्रक 12से 15 साल पुराने हैं, जिनकी फिटनेस लगभग समाप्त हो चुकी है, इसके बावजूद वे बिना किसी रोक-टोक के सड़कों पर दौड़ रहे हैं। सवाल उठ रहा है कि आखिर ऐसे ट्रकों पर अब तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई। घटना स्थल पर मौजूद ओमपाल प्रधान, दिनेश कुमार, अशोक राणा, शिवकुमार शर्मा, दीपक राणा, विक्की राणा और बृजेश राणा सहित अन्य ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि ओवरलोड गन्ना ट्रकों पर तत्काल रोक नहीं लगाई गई, ट्रकों की फिटनेस की जांच नहीं कराई गई, तो ग्रामीण सड़क जाम व आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

ग्रामीणों का कहना है कि आज एक किसान की जान बच गई, लेकिन यदि समय रहते प्रशासन और मिल प्रबंधन ने ठोस कदम नहीं उठाए तो अगली बार बड़ा हादसा हो सकता है। गन्ना महाप्रबंधक ने बताया कि ट्रकों द्वारा गन्ना रात्रि में ही आता है।

इस संबंध में किसानों से बातचीत हो गई है जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई कर दी जाएगी और भविष्य में कोई भी ओवरलोड गन्ना ट्रक नहीं आएगा।

## गन्ने से लदे ओवरलोड ट्रकों ने लगाया कैराना की रफ्तार पर ब्रेक, हर दिन लग रहा जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कस्बे में गन्ने से लदे ओवरलोड ट्रकों की आवाजाही आमजन के लिए बड़ी परेशानी बनती जा रही है। आए दिन लगने वाले जाम से न केवल यातायात व्यवस्था चरमरा रही है, बल्कि कभी भी बड़े हादसे की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। खंद्रावली और तीतरवाड़ा मार्ग से होकर कस्बे में प्रवेश करने वाले ओवरलोड ट्रक सड़कों पर घंटों तक जाम की स्थिति पैदा कर देते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ओवरलोड वाहनों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे राहगीरों, स्कूली बच्चों और दोपहिया वाहन चालकों की जान खतरे में पड़ गई है। संकरी सड़कों पर भारी भरकम ट्रकों के कारण कई बार वाहन फंस जाते हैं और लंबा जाम लग जाता है। जाम के दौरान आपात सेवाओं के वाहनों को भी निकलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।आरोप है कि परिवहन विभाग की लापरवाही के चलते ओवरलोड वाहन खुलेआम सड़कों पर फर्राटे भर रहे हैं। नियमों के बावजूद न तो वजन की जांच की जा रही है और न ही प्रभावी कार्रवाई हो रही है। इससे वाहन संचालकों के हौसले बुलंद हैं। सूत्रों की मानें तो विभागीय मिलीभगत के चलते ही ओवरलोड ट्रकों पर कार्रवाई नहीं हो पा रही है।कस्बेवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि ओवरलोड वाहनों पर सख्ती से रोक लगाई जाए और नियमित जांच अभियान चलाकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि जाम और संभावित हादसों से लोगों को राहत मिल सके।



# उद्योग व्यापार मंडल की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के नवनिर्वाचित कार्यकारणी के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष घनश्यामदास गर्ग सहित अन्य पदा. धिकारियों को शपथ ग्रहण कराई गई।

रविवार को शहर के अग्रसैन बारातघर में पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल के शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ चांदनी चौक दिल्ली से सांसद प्रवीन खंडेलवाल, विधायक अशरफ अली, विधायक प्रसन्न चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष घनश्यामदास गर्ग ने संयुक्त रूप से किया।

इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष घनश्यामदास गर्ग सहित नवनिर्वाचित प्रदेश भर के सभी जिलों से मनोनीत एवं निर्वाचित सभी प्रदेश उपाध्यक्ष्यों, प्रदेश मंत्रियो, प्रदेश संगठन मंत्रियों के साथ-साथ प्रदेश युवा पदाधिकारीयों व महिला पदाधिकारीयों तथा सभी जिलों के जिला अध्यक्ष व जिला महा मंत्रियों को शपथ दिलाई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने कहा कि व्यापारियों के लिए पेंशन योजना लागू की जाए। व्यापारी को स्टॉक का बीमा सरकारी स्तर पर किया जाए। व्यापारियों का जीवन दुर्घटना बीमा 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख की जाए। उन्होने दिल्ली के सांसद प्रवीन खंडेलवाल से कहा कि जीएसटी की नई दरों को लेकर व्यापारी परेशान है।

छापेमारी के नाम पर व्यापारियों के उत्पीडन किया जा रहा है। जिसको व्यापारी बर्दाश्त नही करेगा। सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने व्यापारियों की समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर नरेंद्र अग्रवाल, सूर्यवीर सिंह, रामकुमार राय, महेशचंद धीमान, रवि संगल, अनुज गोयल, शिवांक गर्ग, वैभव गोयल, विनोद शास्त्री, ऋषभ जैन, रामकुमार कंबोज, आशु पूरी, राजेश जैन, विकास धीमान, आशु बत्रा, आदेश जैन, पवन गोयल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में व्यापार शक्ति परिचय पत्रिका 2026-2029 का विमोचन किया गया।

# धीरे-धीरे बढ़ रहा सर्दी का प्रकोप





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में सर्दी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। रविवार की सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे, वहीं दिनभर सर्द हवाएं चलने से लोगों को ठिठुरन का अहसास होता रहा। दोपहर के समय भी धूप की गर्माहट न मिलने के कारण सर्दी से राहत नहीं मिल सकी, जिससे आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

मौसम की मार का असर सबसे अधिक सुबह और शाम के समय देखने को मिला। ठंडी हवाओं के चलते लोग गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए। सड़कों और बाजारों में भी लोगों की आवाजाही अपेक्षाकृत कम रही। सर्दी बढ़ने के कारण बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों को विशेष दिक्कतों का सामना करना पड़ा। रविवार को मौसम का अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तापमान में आई गिरावट के कारण ठंड का असर और बढ़ गया है। शाम होते ही गलन बढ़ने से लोग जल्दी ही अपने घरों में कैद होने को मजबूर हो गए। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में तापमान में और गिरावट आने की संभावना है, जिससे सर्दी का असर और तेज हो सकता है। ऐसे में चिकित्सकों ने लोगों को सावधानी बरतने, गर्म कपड़े पहनने और ठंड से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी है।

# डोगपुरा हादसा में, बाइक की टक्कर से अधेड़ की मौत में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र के डोगपुरा मोड़ पर तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रही बाइक की टक्कर से एक अधेड़ की मौके पर हालत गंभीर हो गई थी। परिजन उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद बाइक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया था। पीड़ित परिवार की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

झिंझाना थाना क्षेत्र की घटना 07 दिसंबर 2025 शाम करीब चार बजे की है। डोगपुरा निवासी अमित पुत्र बाबूराम अपने पिता बाबूराम पुत्र तेल. ूराम के साथ बकरी-भेड़ चराकर मंसूरा गांव की ओर से अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही दोनों डोगपुरा मोड़ पर पहुंचे, सामने से आ रही बाइक के चालक ने तेज गति और गफलत में वाहन चलाते हुए बाबूराम को सीधी टक्कर मार दी। हादसे में अमित बाल-बाल बच गया, जबकि बाबूराम गंभीर रूप से घायल हो गए।

टक्कर के बाद बाइक चालक अपनी मोटरसाइकिल मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। ग्रामीणों की मदद से परिजन बाबूराम को झिंझाना स्थित आयुष्मान अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं पीड़ित का कहना है, अंतिम संस्कार और शोक कार्यक्रमों के चलते तहरीर देने में विलंब हुआ। इसके बाद 13 दिसंबर 2025 को अमित द्वारा थाना झिंझाना में तहरीर दी गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष झिंझाना विरेन्द्र कसाना ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। फरार बाइक चालक की तलाश की जा रही है और मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी को पकड़कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रिपल राइडिंग बनी हादसे की वजह, तेज रफ्तार बाइक ने मारी टक्कर, गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** ट्रिपल राइडिंग कर रहे तेज रफ्तार बाइक सवारों ने एक अन्य बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची, जहां से चिकित्सकों ने हालत चिंताजनक देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रविवार दोपहर ऊंचागांव निवासी अमित कुमार (36) पुत्र सुरेशपाल अपनी बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह नहर पुलिया के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रही एक बाइक पर सवार तीन युवकों ने तेज गति में उनकी बाइक



को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अमित कुमार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।राहगीरों की सूचना पर डायल 112 पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायल को सीएचसी कैराना में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार घायल की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है।पीड़ित ने बताया कि हादसा करने वाले युवक ट्रिपल राइडिंग कर रहे थे और तेज रफ्तार के कारण संतुलन खो बैठे। तीनों बाइक सवार मौके से फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# रेत से भरी भैंसा-बुग्गी बनी हादसे की वजह, दो कारें आपस में भिड़ीं

**चौसाना।** बिडौली-चौसाना मार्ग पर खोडसमा गांव में शनिदेव मंदिर के पास देर शाम एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। रेत से भरी भैंसा बुग्गी के अचानक सड़क पार करने से दो कारें आपस में भिड़ गईं। गनीमत रही कि हादसे में किसी को चोट नहीं आई, लेकिन दोनों कारें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। बताया जा रहा है कि हादसे में लाखों रूपए का नुकसान हुआ है।

चौसाना बिडौली मार्ग पर जोग्गा सिंह निवासी असंध, हरियाणा गंगोह में अपनी रिश्तेदारी में होकर वापस असंध लौट रहा था। इसी दौरान जब उसकी कार खोडसमा के पास शनिदेव मंदिर के समीप पहुंची, तभी अचानक एक रेत से भरी भैंसा बुग्गी एक साइड से दूसरी साइड में चली गई। बुग्गी को बचाने के प्रयास में जोग्गा सिंह ने अपनी कार पर अचानक ब्रेक लगा दिए।

जोग्गा सिंह की कार के पीछे गुफरान निवासी गुज्जरपुर भी चौसाना से अपने गांव की ओर जा रहा था। अचानक ब्रेक लगने के कारण गुफरान की कार आगे चल रही कार से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि आगे चल रही कार बेकाबू होकर सीधे भैंसा बुग्गी से जा भिड़ी। इस टक्कर में जोग्गा सिंह की कार आगे और पीछे दोनों ओर से बुरी तरह टूट गई, जबकि गुफरान की कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों के अनुसार भैंसा बुग्गी चालक हादसे के तुरंत बाद अपनी बुग्गी लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे कराया, जिससे यातायात सुचारु हो सका।



# ऑपरेशन सवेरा के तहत कैराना में नजागरूकता कार्यक्रम




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** ऑपरेशन सवेरा नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओरह्व अभियान के तहत थाना कैराना पुलिस द्वारा रविवार को मोहल्ला दरबार कला में नशा-मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशा-मुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

पुलिस अधीक्षक एन।पी। सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों ने लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि नशा व्यक्ति के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। इससे न केवल पढ़ाई और करियर प्रभावित होते हैं, बल्कि पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन भी बुरी तरह अस्त-व्यस्त हो जाता है।कार्यक्रम के दौरान नशे के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। साथ ही युवाओं को नशे की लत से बचाने के उपाय, नशा तस्करी व अवैध गति. विधियों के खिलाफ पुलिस की सख्त कार्रवाई तथा नशा छोड़ने के लिए उपलब्ध परामर्श व हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी गई।पुलिस ने लोगों से सकारात्मक सोच अपनाने और नशे से दूर रहकर उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ने की अपील की। थाना कैराना पुलिस ने आमजन से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करें। नशा संबंधी किसी भी गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई, साथ ही यह भी भरोसा दिलाया गया कि सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

# नशा मुक्ति केंद्र संचालकों व चिकित्सकों की एसपी ने बैठक

**शामली।** नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओर अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा नशा मुक्ति केंद्र संचालकों व डॉक्टरों के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन। जनपद शामली में नशा उन्मूलन अभियान को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह द्वारा जनपद में संचालित नशा मुक्ति केंद्रों के संचालकों एवं संबंधित डॉक्टरों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय ने नशा मुक्ति केंद्रों की कार्यप्रणाली, वहां भर्ती मरीजों के उपचार, काउंसलिंग व्यवस्था, साफ-सफाई, सुरक्षा मानकों एवं शासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुपालन की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी केंद्र निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य करें तथा मरीजों के साथ मानवीय एवं संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित किया जाए। पुलिस अधीक्षक महोदय ने कहा कि नशा समाज के लिए एक गंभीर चुनौती है, जिससे व्यक्ति, परिवार एवं समाज सभी प्रभावित होते हैं। नशे के अंधक. ार से, जीवन के उजाले की ओर के लक्ष्य को साकार करने में नशा मुक्ति केंद्रों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।




उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक मरीज का समुचित चिकित्सकीय उपचार, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, मानसिक परामर्श एवं पुनर्वास की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि वे नशे से मुक्त होकर सामान्य एवं सम्मानजनक जीवन व्यतीत कर सकें। इसके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा अवैध रूप से संचालित नशा मुक्ति केंद्रों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता अथवा मरीजों के शोषण की शिकायत मिलने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि सभी नशा मुक्ति केंद्र पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें, संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल साझा करें तथा जनपद को नशा मुक्त बनाने के अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएं। मीटिंग के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर मति अपेक्षा निम्बाडिया, क्षेत्राधिकारी कैराना हेमन्त कुमार व क्षेत्राधिकारी थानाभवन जितेन्द्र सिंह मौजूद रहे। अंत में पुलिस अधीक्षक महोदय ने सभी संचालकों एवं डॉक्टरों से सामा. जिक दायित्व का निर्वहन करते हुए पूर्ण निष्ठा एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की अपील की।

## तस्कर से पांच लाख रुपये बरामद

**शामली।** थाना कोतवाली पुलिस द्वारा ऑपरेशन सवेरा अभियान के क्रम में एक मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार कब्जे से अवैध 23.80 ग्राम स्मैक (अन्तर्राष्ट्रीय अनुमानित कीमत करीब 5 लाख रुपये बरामद किए गए हैं।

पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र सहारनपुर के कुशल नेतृत्व में परिक्षेत्र सहारनपुर के अंतर्गत मादक पदार्थों नशे के अवैध कारोबार, प्रति. बंधित दवाओं की तस्करी एवं बिक्री पर प्रभावी रोकथाम हेतु एक विशेष अभियान ऑपरेशन सवेरा नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओरह्व चलाया जा रहा है। इसी अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के कुशल निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक शामली सुमित शुक्ला के प्रभावी नेतृत्व तथा क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में आज 13.12. 2025 को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा एक मादक पदार्थ तस्कर शमशाद पुत्र जमील निवासी खेडी करमू थाना कोतवाली जनपद शामली को अवैध 23.80 ग्राम स्मैक (अन्तर्राष्ट्रीय अनुमानित कीमत करीब 5 लाख रुपये) सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना कोतवाली पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त शमशाद उपरोक्त के मादक पदार्थो तस्करी के अवैध कारोबार के सम्बन्ध में थ्व्ॅ।त्व ।छक ठ।ब्ज्ॅ।त्व स्प्छज्ञै की जांच की जा रही है। अभियुक्त शमशाद पुत्र जमील निवासी खेडी करमू थाना कोतवाली जनपद शामली है। शामली पुलिस जनपद के सभी नागरिकों से अपील करती है कि इस अभियान में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओर बढ़ते हुए हम सब मिलकर जनपद शामली को नशामुक्त बनाने का संकल्प लें।

## एक वारंटी गिरफ्तार

**शामली।** थाना बाबरी पुलिस द्वारा माननीय न्यायालयों से जारी गैर जमानती वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में कार्यवाही करते हुए 1 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के आदेशानुसार चलाए जा रहे गैर जमानती वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना बाबरी पुलिस द्वारा माननीय न्यायालयों से जारी गैर जमानती वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए एक वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त मनोज कुमार पुत्र पवन चौहान निवासी ग्राम हिरनवाडा थाना बाबरी जनपद शामली है।

## मादक पदार्थ तस्कर से चरस बरामद

**शामली।** उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र सहारनपुर के कुशल नेतृत्व में परिक्षेत्र सहारनपुर के अंतर्गत मादक पदार्थों नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी एवं बिक्री पर प्रभावी रोकथाम हेतु एक विशेष अभियान ऑपरेशन सवेरा नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओर चलाया जा रहा है। थाना कोतवाली पुलिस द्वारा संदीप कुमार पुत्र रामपाल सिंह निवासी ग्राम खेडी करमू थाना कोतवाली जनपद शामली को कुल 186 ग्राम अवैध चरस कीमत करीब 20 हजार रुपये सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना कोतवाली पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त संदीप कुमार उपरोक्त के मादक पदार्थ तस्करी के अवैध कारोबार के सम्बन्ध में जांच की जा रही है। अभियुक्त संदीप कुमार पुत्र रामपाल सिंह निवासी ग्राम खेडी करमू थाना कोतवाली जनपद शामली है।

# सैनिक सम्मेलन व अपराध गोष्ठी में एसपी ने दिए निर्देश

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली एन0 पी0 सिंह द्वारा पुलिस लाइन शामली स्थित सभागार कक्ष में सैनिक सम्मेलन एवं मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा जनपद में कानून-व्यवस्था को सु.ढ़ बनाए रखने, अपराध नियंत्रण एवं शेष लंबित अभियोगों के शीघ्र अनावरण हेतु प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने समस्त अधिकारियों को अपराधियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए गैंगस्टर अधि. नियम, गुंडा अधिनियम के अंतर्गत प्रभावी कार्यवाही करने एवं गैंग पंजीकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा लंबित विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण, जनसुनवाई में पारदर्शिता बनाए रखने तथा शासन द्वारा निर्गत आदेशों एवं निर्देशों के शत-प्रतिशत अनुपालन हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। गोष्ठी में माह के दौरान भा0द0वि0ध्बी0एन0एस0 के अंतर्गत पंजीकृत अपराधों, महिला उत्पीड़न, अनुसूचित जातिध्जनजाति से संबंधित अपराधों एवं निरोधात्मक कार्यवाहियों की समीक्षा की गई। साथ ही ई-ऑफिस के कुशल संच. ालन के संबंध में भी दिशा-निर्देश दिए गए।

जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने, सुरक्षा प्रबंधन को सु.ढ़ करने तथा आमजन की सुविधा के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु जनजागरूकता अभियान चलाने, लंबित शिकायती प्रार्थना-पत्रों के त्वरित निस्तारण एवं अपहृताओं की बरामदगी के लिए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने पर बल दिया। इसके अतिरिक्त, पुलिस अधीक्षक शामली ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि थानों पर आने वाले फरियादियों, आगंतुकों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ विनम्र, शालीन एवं संवेदनशील व्यवहार अपनाएं, ताकि आमजन भयमुक्त वातावरण में अपनी समस्याएं प्रस्तुत कर सकें। फरियादियों की समस्याओं का धैर्यपूर्वक श्रवण करते हुए निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। गोष्ठी से पूर्व पुलिस अधीक्षक द्वारा सैनिक सम्मेलन का आयोजन कर पुलिस कर्मियों की समस्याओं एवं सुझावों को सुना गया तथा उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।



# बैठक में व्यापारियों की सुनी समस्याएं



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** किरायाना एसोसिएशन की वार्षिक बैठक में संगठन की मजबूती पर बल देते हुए व्यापारी एकजुटता को जरूरी बताया गया। इस दौरान व्यापारियों ने जाम का सबब बनने वाले ई रिक्शा का प्रवेश बाजारों में प्रतिबंधित किए जाने की पुरजोर मांग उठाई।

मंगलौर चौकी स्थित एक सभागार में हुए कार्यक्रम में नगर उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष मनोज सिंघल ने कहा कि अपने हक की लड़ाई और मांगों के निराकरण के लिए व्यापारियों का एकजुट होना जरूरी है।

महामंत्री इसहाक बाले खां ने कहा कि व्यापारी देश की आर्थिक रीढ़ है। शासन प्रशासन स्तर पर व्यापारियों की समस्याओं का निदान प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। किरायाना एसोसिएशन अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कहा कि ई रिक्शा के दिन के समय बाजारों में प्रवेश से जाम की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। बार बार मांग के बावजूद भी प्रशासन इस तरफ ध्यान नहीं दे रहा है।

पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग व लोजपा नेता राघव दास अग्रवाल ने भी विचार रखें और व्यापारियों से कभी भी जरूरत पडने पर हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। अध्यक्षता मदन लाल कश्यप ने की। इस मौके पर मुकेश गर्ग, आलोक गर्ग, महबूब अंसारी, आदेश मित्तल, पंकज गंभीर समेत काफी संख्या में व्यापारी शामिल रहे।

## युवक ने लाठी डंडों से मारपीट करने का लगाया आरोप

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** गांव के ही एक व्यक्ति ने गाली गलौज करनी शुरू कर दी जब युवक ने इसका विरोध किया तो लोगो को बुलाकर लाठी-डंडो से हमला कर दिया। जिसमें वह घायल हो गया। तहरीर मिल गई है, मामले की जांच की जा रही है।

सांपला खत्री गांव निवासी सऊद कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि रविवार को वह गांव में एक खाली पड़े प्लाट से होकर गुजर रहा था। आरोप है कि इसी दौरान प्लाट के करीब बने घर से एक व्यक्ति ने गाली गलौज करनी शुरु कर दी। विरोध करने पर आधा दर्जन से अधिक लोग वहां पहुंचे और उस पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। जिसमें वह घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने उसकी जान बचाई। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिल गई है, मामले की जांच की जा रही

# सामूहिक यज्ञ का हुआ आयोजन, जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** आर्य उपप्रतिनिधि सभा एवं आर्य समाज के संयुक्त तत्वाधान में रणखंडी गांव स्थित सदाशिव कन्या इंटर कालेज में रविवार को सामूहिक यज्ञ का आयोजन हुआ। इसमें ग्रामीणों ने आहूति देकर परिवार में सुख समृद्धि और देश में खुशहाली के लिए कामना की।

कार्यक्रम में यज्ञ ब्रह्मा आचार्य धनकुमार शास्त्री ने कहा कि वेद ज्ञान का अनुसरण करने से मनुष्य सुखी रहता है। आचार्य ओमवीर शास्त्री ने भी यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए वेदों के ज्ञान को जरूरी बताया। पूर्व ब्लाक प्रमुख अनिल सिंह पुंडीर व ग्राम प्रधान प्रमोद राणा ने युवाओं से देश धर्म की रक्षा के लिए आगे आने का आह्वान किया। यज्ञ के यजमान संदीप व प्रभात आर्य रहे। इस दौरान 10 जरूरतमंद लोगों को सर्दी से बचाव के लिए कंबल दिए गए।



कार्यक्रम के बाद स्कूल की छात्राओं व ग्रामीणों ने यज्ञ कुंड को लेकर पूरा गांव में भ्रमण किया। इस दौरान प्रधानाचार्या गीता, प्रबंधक युद्धवीर सिंह, विपिन आर्य, अमरीश आर्य, सभा प्रधान मुकेश आर्य, मंत्री डा. सुरेंद्र आर्य, शिवराज आर्य, यशपाल, बृजपाल फौजी, अजब सिंह, ओमपाल राणा व दारा सिंह आदि शामिल रहे।

# 10 लाख की रंगदारी न देने से जान से मारने की धमकी का लगाया आरोप

**देवबन्द।** धर्मकांटा मालिक से 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीडित की तहरीर पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा कायम किया है। आरोपित पर पूर्व में 15 से अधिक मुकदमे दर्ज है। रणखंडी फाटक के निकट धर्मकांटा चलाने वाले मुहल्ला पठानपुरा निवासी खुशनसीब ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि मुहल्ले का ही रहने वाला जावेद ढेवा आपराधिक प्रवृत्ति का सजायाफ्ता व्यक्ति है, जो फिलहाल जमानत पर बाहर है। इस पर दुष्कर्म, हत्या आदि के गंभीर मुकदमे दर्ज है। आरोप है कि गत 12 दिसंबर को शाम के समय जावेद एक अन्य व्यक्ति को साथ लेकर जबरन उसके घर में घुस आया और 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। शोर मचाने पर मुहल्ले के लोगों को आता देख आरोपित दो दिन के भीतर 10 लाख रुपये नहीं देने पर हत्या कर देने की धमकी देकर भाग गया। बताया कि इससे पूर्व 10 अक्टूबर को भी आरोपित ने उससे रंगदारी मांगी थी और उसके ऊपर गोली भी चलाई थी, जिसमें वह बाल बाल बच गया था। आरोपित ने उसकी पुत्री का अपहरण कर दुष्कर्म करने की भी धमकी दी हुई हैं, जिसकी ओडियो उसके पास मौजूद है। बताया कि आरोपित और उसके परिवार के कई लोगों पर गैंगस्टर है और इन पर पूर्व विधायक माविया अली की सुपारी देकर हत्या कराने तक के मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने मामले में जावेद ढेवे के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## भाकियू टिकैत का धरना जारी

**नहटौर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक परिसर में तीसरे दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रखा। भारतीय किसान यूनियन टिकैत वन विभाग, पुलिस तहसील व ब्लॉक स्तर की समस्याओं के समाधान नहीं होने पर धरना प्रदर्शन कर रही है। धरना प्रदर्शन में सोमवार को कड़े निर्णय लेने का ऐलान किया गया। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने कहा कि जब तक किसानों की समस्या का समाधान नहीं होगा, धरना-प्रदर्शन चलता रहेगा। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष मुनेश कुमार अहलावत, नगर अध्यक्ष रिंकू राठी, मास्टर विजयपाल सिंह, विकास कुमार, राजकुमार सिंह, बलराम सिंह, जहीन अहमद, अयूब आदि रहे।

# अदालत ने अवैध रुप से रहे बांग्लादेशी छात्र की विवेचना से जताई असंतुष्टि

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** फर्जी दस्तावेजों पर भारत में अवैध रुप से रहकर दारुल उलूम में पढ़ाई करने के दौरान अप्रैल 2022 को गिरफ्तार किए गए बांग्लादेशी छात्र, उसके साथियों और फर्जी प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के मद्दगारों पर दर्ज मामले में विवेचना से असंतुष्ट एसीजेएम परविंद्र सिंह की अदालत ने विवेचक को कड़ी फटकार लगाई है। साथ ही अदालत ने पुलिस को मुकदमे की अग्रिम विवेचना के आदेश दिए हैं।

एसीजेएम परविंद्र सिंह ने बांग्लादेशी अभियुक्त के देशविरोधी और आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त होने के बावजूद विवेचक सिराजुद्दीन के सामान्य धाराओं में मामला पंजीकृत करने पर नाराजगी जताते हुए कड़ी फटकार लगाई है। दरअसल, पुलिस ने अप्रैल 2022 को अवैध रुप से घुसपैठ कर फर्जी प्रमाण पत्रों के आधार पर दारुल उलूम में प्रवेश लेकर पढाई कर रहे कक्षा आठ (अरबी) के छात्र फारुक को गिरफतार किया था।

छात्र शुरुआत में स्वयं को मेघालय भारत का नागरिक बताया था और उसके पास भारत का आधार कार्ड व पैन कार्ड भी था। हालांकि तलाशी लेने पर उसके पास से बाग्लादेश पासपोर्ट की फोटो स्टेट, बांग्लादेशी मुद्रा के नोट व मोबाइल बरामद हुआ था। इसमें लगी लगी चिप में देशविरोधी गतिविधियों के साहित्य मिले थे। सख्ती से पूछताछ में फारुक ने स्वीकार किया था कि वह बांग्लादेश के थाना दारुद कुंदी, डिविजन चटोग्राम जिला कुमिल्ला का निवासी है। दारुल उलूम में पढाई के लिए फर्जी तरीके से भारत में दाखिल हुआ था। वर्ष 2017 में उसने तहसील के सामने स्थित दुकान से फर्जी आधार कार्ड व पैन कार्ड बनाया था। उसने यह भी बताया कि उसके दो साथी सलाउद्दीन सालिम व इफ्ते. कार-उल-हक भी फर्जी दस्तावेजों के आधार पर दारुल उलूम में कक्षा सात में पढ़ते हैं।

मामले पुलिस ने फारुक, सला. उद्दीन सालिम, इफ्तेकार-उल-हक, तहसील गेट के सामने अज्ञात दुक. ानदार व रशीदिया मस्जिद के पास टोपी की दुकान चलाने वाले व्यक्ति के विरुद्ध धारा 420,467,468,471 व 14बी विदेशी अधिनियम की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। विवेचना उस समय कोतवाली में तैनात इंस्पेक्टर सिराजुद्दीन ने की थी। मुख्य अभियुक्त फारुक भोपाल केंद्रीय कारागार में निरुद्ध है और भोपाल की स्पेशल कोर्ट में अभियुक्त है जिसमें उसके बांग्लादेशी आतंकी संगठन जेएमबी का सक्रिय सदस्य होने, मुस्लिम युवाओं को जिहाद के नाम पर आतंकी संगठन में शामिल करने व उनसे भारत के विभिन्न राज्यों में आतंकी घटनाएं करने के लिए प्रेरित करने के पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध है।

एसीजेएम परविंद्र सिंह के यहां चल रही सुनवाई में अदालत ने विवेचक सिराजुद्दीन के विवेचना में घोर लापरवाही बरतने पर कड़ी फटकार लगाई। कहा कि विवेचक ने दो बांग्लादेशी छात्रों के फरार होने के कारण उनकी विवेचना को समाप्त कर दिया। उनके फरार होने में अन्य लोगों के सहयोग के संबंध, बांग्लादेशी छात्रों के संपर्क और

**■ एसीजेएम ने विवेचना पर असंतोष जता कोतवाली प्रभारी को दिए पुन: विवेचना के आदेश**

दारुल उलूम से प्रवेश संबंधी अनियमित्ता व विदेशी छात्रों के अवैध दाखिले की जांच नहीं की। फरार आरोपी 2017 से 2022 तक पांच साल दारुल उलूम में पढे और 2022 में उन्होंने अपना दाखिला जिस पत्र को भेजकर निरस्त कराया उस पत्र को कौन लाया इसकी जांच भी नहीं की गई। एसीजेएम ने देवबंद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को मुकदमे की अग्रिम विवेचना कराने के आदेश दिए है। आदेश की प्रतिलिपि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर, जिला जज, प्रदेश के डीजीपी व मुख्य सचिव को भी भेजी गई है।

# 75 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले विद्यार्थी सम्मानित









शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** माइनॉरिटी स्कूल्स वेलफेयर एसोसिएशन पिछले सालों की तरह इस साल भी हाई स्कूल व इण्टरमीडिएट परीक्षा 2025 में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंको से उत्तीर्ण हुए अल्पसंख्यक छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस्लामिया इण्टर कॉलेज में माइनॉरिटी स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन के द्वारा अर्वाचीन स्कूल को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका होसला-अफजाई किया गया।

वही सभी को शिक्षा के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों समी सदफ, असद, एवं सना को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया गया। वक्ताओं ने बच्चों को निरंतर मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। इस सम्मान से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल रहा। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण एवं अभिभावकों ने विद्यार्थियों की सफलता पर गर्व व्यक्त किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस सम्मान को पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।

## रोडवेज बस और ट्रैक्टर की टक्कर, बड़ा हादसा टला

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्योहारा।** बीती देर रात मुरादाबाद मार्ग पर गांव मकसूदपुर के पास रोडवेज बस और ट्रैक्टर की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। गनीमत रही कि दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

जानकारी के अनुसार मुरादाबाद की ओर से आ रही रोडवेज बस जैसे ही सैदपुर चौकी से आगे पहुंची, तभी सामने से स्योहारा की ओर से आ रहा ट्रैक्टर चालक अचानक मकसूदपुर की दिशा में वाहन मोड़ने लगा। अचानक मोड़ लिए जाने से बस चालक को संभलने का मौका नहीं मिला और दोनों वाहनों में टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि रोडवेज बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। बस में सवार यात्रियों में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। हालांकि किसी को कोई चोट नहीं आई। हादसे के चलते कुछ समय के लिए मार्ग पर यातायात बाधित रहा। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया। धामपुर के क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे भी घटनास्थल पर पहुंचे।

# नगली मेहनाज व खटौली के बीच पानी निकासी की समस्या जस की तस



**नागल।** थाना क्षेत्र के गांव नगली मेहनाज व खटौली के ग्रामीणों के बीच पानी निकासी को लेकर चली आ रही तनातनी को कुछ समय तक विराम लग गया किंतु समस्या जस की तस बनी रहने से मामला पुलिस प्रशासन के लिए भी सिर दर्द बना हुआ है।

मिली जानकारी के मुताबिक गांव नगली मेहनाज का पानी पिछले काफी समय से खटौली गांव के तालाब मे गिरता आ रहा है। जिससे तालाब ओवरफ्लो हो गया है। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए गांव के निवासियों ने तालाब खुदाई कराने की प्रशासन से गुहार लगाई जिस पर कुछ दिनों पहले गांव के तालाब की खुदाई का काम कृषि रक्षा विभाग द्वारा शुरू करा दिया गया है। खुदाई कार्य के चलते नंगली मेहनाज गांव का पानी रोक दिया गया है जिससे वहां पर पानी एकत्र हो गया है। गांव का पानी रोकने को लेकर नंगली मेहनाज के ग्रामीणों मे रोष व्याप्त हो गया और वे पूर्व की भांति ही पानी की निकासी यथावत रखने की मांग को लेकर एकत्र हो गए। उधर खटौली गांव के ग्रामीणों का कहना है नंगली मेहनाज गांव का पानी उसके रकबे के अन्तर्गत आने वाले तालाबों मे गिराना चाहिए न कि उनके गांव मे। इस बात को लेकर पिछले कई दिन से तनातनी चली आ रही थी। रविवार को इस मुद्दे को लेकर दोनों गांव के ग्रामीण आमने सामने आ गए। सूचना मिलने पर हल्का लेखपाल, नायब तहस. ीलदार के साथ साथ शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची। दोनों ही गांव के ग्रामीण अपने अपने तर्क वितर्क से अपनी अपनी बात पर अडे थे। काफी जद्दोजहद के बाद आपसी निर्णय से तय हुआ कि जब तक समस्या का स्थाई समाधान नही होता है तब तक वैकल्पिक स्तर पर तालाब की खुदाई का काम चलने तक नंगली मेहनाज गांव के पानी की निकासी एक गडढा खोदकर उसमे करा दी जाएगी । गडढा भरने पर पंम्पिग सेट से पानी को आसपास के खेतो मे छोड दिया जाएगा। उधर आगामी पंचायत चुनाव मे ग्राम प्रधान का चुनाव लडने के इच्छुक उम्मीदवार भी मामले को मुद्दा बनाकर अपनी अपनी राजनिति चमकाने के चक्कर मे मामले को तूल देने के प्रयास मे लगे है। फिलहाल गांव में शांति है लेकिन कभी भी यह मुद्दा पुलिस प्रशासन के लिए सिरदर्द बन सकता है।

## भाकियू टिकैत मजबूत संगठन : हनीफ

**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत ब्लॉक जलीलपुर क्षेत्र के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं मीडिया प्रभारी मौहम्मद हनीफ ने कहा है कि हमारी यूनियन किसानों की समस्याओं के समाधान एवं जनहित में हमेशा साथ खड़ी है। मीडिया प्रभारी ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन नेता के अनेक ग्रुप है, लेकिन हम अपने ग्रुप के हर मेंबर को पूरा सम्मान देते हैं। उन्होंने कहा कि शुगर मिल आजकल समय पर किसानों को गन्ना भुगतान नहीं कर पा रही है, जिससे किसान को अपना घर परिवार चलाने एवं कृषि कार्य में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मिल प्रबंधक वर्ग से शासनादेश अनुसार किसानों से खरीदे जा रहे हैं गन्ने का भुगतान 14 दिन के भीतर ही कराये जाने की मांग की है।

## शिवसेना यूबीटी की बैठक

**चांदपुर।** युवा सेना शिवसेना यूबीटी की जिला कार्यकारिणी की बैठक ग्राम तालिबपुर में आयोजित की गई। बैठक में युवा सेना शिवसेना के विस्तारीकरण एवं संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इस बैठक मे सीनियर कार्यकर्ताओं को पद भी सौंपे गए। कार्यकारिणी की बैठक में आदेश त्यागी निवासी तालिबपुर को युवा सेना शिवसेना जिला उप प्रमुख, प्रिंस सैनी तहसील महासचिव, रोहित सैनी जिला उप प्रमुख, गौरव सैनी तहसील सचिव, नरेश सैनी तहसील प्रभारी, जितेंद्र सैनी तहसील उप प्रमुख, अंकित सैनी तहसील उप प्रमुख पद प्रदान किए गये। शिवसेना युवा सेना जिला प्रमुख विकास त्यागी ने पदाधिकारी को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए आशा व्यक्त की केवल युवा सेवा शिवसेना को और अधिक मजबूत करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि नव मनोनीत पदाधिकारियों से युवा सेना शिवसेना की विचारधारा के अनुकूल समाज सेवा करने का आह्वान किया। इस दौरान नकुल देओल, जयदेव त्यागी, कपिल कुमार, रोहित सैनी, अंकित सैनी, आयुष त्यागी, नरेश सैनी, आदेश त्यागी, प्रिंस सैनी, सार्थक त्यागी, जिगर त्यागी, देव त्यागी, युग त्यागी, जितेंद्र सैनी, गौरव सैनी, आदेश त्यागी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## फादरसन में ज्ञानवर्धक कार्यक्रम

**चांदपुर।** फादरसन पब्लिक स्कूल में शिक्षकों के लिए इफेक्टिव एंड इन्नोवेटिव टीचिंग इन क्लास रूम पर एक अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र की प्रशिक्षक रहीं मीनू भार्गव जो कि एक अनुभवी काउंसलिंग साइकोलॉजिस्ट एवं फ्रीलांस ट्रेनर हैं। सत्र के दौरान मीनू भार्गव ने कक्षा शिक्षण को अधिक रोचक, प्रभावशाली एवं विद्यार्थी-केंद्रित बनाने के लिए अनेक व्यावहारिक एवं नवाचारी उपाय साझा किए। शिक्षकों ने इस सत्र से बहुत कुछ सीखने का अनुभव किया।

# स्वयं की आय से पंचायतें बनेगी स्वावलंबी

## दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की स्वयं की आय के स्रोत विषय पर पंचायत सहायक एवं ग्राम सचिवों का दो दिवसीय प्रशिक्षण उपनिदेशक पंचायत मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद के निर्देशन में विकास खण्ड सभागार धामपुर पर आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण का शुभारंभ एडीओ पंचायत अनिल कुमार, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर गिरीश शर्मा, ग्राम प्रधान, सचिव, प्रशिक्षक कुलवीर सिंह, मौहम्मद वसीम आदि द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। एडीओ पंचायत अनिल कुमार ने त्रिस्तरीय पंचायत के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी और पंचायत के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायतों की स्वयं की आय किस प्रकार बढ़ाई जाये, मंथन करना था। जिसमे सभी प्रतिभागियों के द्वारा अच्छे सुझाव प्राप्त हुए। कार्यशाला का संचालन करते हुए कुलवीर सिंह द्वारा पंचायती राज अधिनियम 1947 की धारा 37 पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए पंचायतों की आय हेतु कर लगाने के प्रावधानों पर चर्चा की। इसी क्रम में पंचायतों की स्वयं की आय के गैर-कर तरीके जैसे- बाजार का पट्टा, तालाबों का पट्टा, पार्कों में ओपन जीम बनाकर, पुस्तकालय बनाकर। प्रशिक्षक मौहम्मद वसीम के द्वारा जन सेवा केंद्र से शुल्क अथवा फीस, टूरिस्ट टैक्स, प्रीति के द्वारा कूड़ा कचरा प्रबंधन पर सुविधा शुल्क के द्वारा सोलर पैनल लगाकर बिजली उत्पादन एवं शुल्क अधिरोपण, गौशाला के उत्पादों से आय कर आदि उपायों से पंचायते अपनी स्वयं की आय बढ़ा सकती है और अपनी पंचायतों को स्वावलम्बी बना सकती है। प्रशिक्षण में एडीओ पंचायत अनिल कुमार, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर गिरीश, प्रशिक्षक कुल. वीर सिंह, मौहम्मद वसीम तथा पंचायत सहायक एवं पंचायत सचिव मौजूद रहे।

## हादसे में घायल

**अफजलगढ़।** रेहड़ क्षेत्र में बीती देर रात आवारा गोवंश से एक बुलेट टकरा गई। इस दौरान बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। वहीं घायलों की पहचान क्षेत्र के ग्राम मानियावाला निवासी इमरान पुत्र ताहिर और उस्मान अहमद पुत्र इदरीश अहमद के रूप में हुई। घटना वादीगढ़ कल्लू वाला मार्ग पर ग्राम जयसिंह जोत स्थित पॉलीक्लिनिक सेंटर के समीप हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को पीएचसी कासमपुर गढ़ी में भर्ती कराया।

# आंदोलन पर एस्मा लगाना खेदजनक: चंद्रहास सिंह

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश जनपद शाखा बिजनौर की जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष उमेश कुमार राजपूत की अध्यक्षता एवं जिला महामंत्री सुभाष चंद्र यादव के संचालन में बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा शिक्षक एवं कर्मचारी के आंदोलन पर एस्मा लगाना अत्यंत खेदजनक है। इससे लगता है कि सरकार कर्मचारी की समस्याओं को सुनना एवं समझना नहीं चाहती। अटेवा पुरानी पेंशन बहाली के लिए दृढसंकल्पित है। संगठन पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर शीघ्र राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में बड़े आंदोलन की रणनीति को तैयार करेगा। क्योंकि पुरानी पेंशन देश के लाखों शिक्षकों एवं कर्मचारियों के बुढ़ापे की लाठी है।

**सूचना**

मैंने अपना नाम KHUSHHAL PARVEEN से बदल कर KHUSHHAL रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

KHUSHHAL
W/O MOHD NAEEM
VILL-LABAKRI
DEOBAND SAHARANPUR

**सूचना**

मैंने अपना नाम SHAZIYA NAAZ से बदल कर SAZIYA NAAZ रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

SAZIYA NAAZ
W/O JULKAR NAIN
VILL-LABKRI
DEOBAND SAHARANPUR

**सूचना**

मेरी माता का नाम मेरे पासपोर्ट में KALSUM है जबकि मेरे माता का सही नाम KALSOOM (कलसूम) है जो उनके DEATH CERTIFICATE और अन्य आई डी कार्ड में भी ये हि स्पेलिंग है मेरे पासपोर्ट में मेरी माता का नाम KALSOOM (कलसूम' ही किया जाये')

MAHMOOD HASAN
S/O MOHAMMAD
YUSUF R/O 375
MOHALLA-BAD ZIYAUL
HAQ DEOBAND
SAHARANPUR UP



# करीना के बेटों पर चढ़ा 'मेसी' का खुमार

## एक इवेंट में इंटरनेशनल फुटबॉल प्लेयर से मिलकर खुश हुए तैमूर और जेह

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई के एक इवेंट में इंटरनेशनल फुटबाल प्लेयर लियोनल मैसी कई सेलेब्स से मुलाकात कर सकते हैं। इसमें करीना कपूर का नाम भी शामिल है। करीना ने भी इवेंट से पहले एक तस्वीर अपने सोशल मीडिया पेज पर शेयर की है। इस तस्वीर में उनके दोनों बेटों ने लियोनल मैसी के नाम की टी-शर्ट पहनी है। इसके बाद मैसी से करीना के बेटों जेह और तैमूर की मुलाकात भी हुई। करीना ने अपने इंस्टाग्राम पर जो एक तस्वीर शेयर की है, उसमें बेटा तैमूर और जेह, लियोनल मैसी के नाम वाली टी-शर्ट पहने दिख रहे हैं। करीना ने दोनों बेटों का हाथ थामा हुआ है। इसके बाद करीना ने बेटों की मुलाकात लियोनल मैसी से करवाई। लियोनल मैसी मिलकर करीना के बेटे काफी खुश नजर आए। लियोनल मेसी इन दिनों जीओएटी इंडिया टूर पर है। इस टूर के दूसरे दिन यानी 14 दिसम्बर को शाम 5 बजे वानखेड़े स्टेडियम में जीओएटी कप एग्जीबिशन मैच होगा। इसमें बालीवुड सेलेब्रिटीज और फुटबॉल प्लेयर के बीच मैच होगा। इसके बाद एक फैशन शो और ऑक्शन भी होगा। जिसमें फीफा वर्ल्ड कप 2022 में अर्जेंटीना की जीत से जुड़ी लियोनेल मेसी की यादगार चीजों (मेमोराबिलिया) की नीलामी होगी। इस खास इवेंट में करीना कपूर भी शामिल हुई। करीना कपूर के करियर फंट की बात करें तो वह मेघना गुलजार की एक फिल्म कर रही हैं। मेघना गुलजार निर्देशित फिल्म श्दायराश में करीना कपूर के साथ साउथ एक्टर पृथ्वीराज सुकुमारन भी लीड रोल में नजर आएंगे।



## संक्षिप्त खेल समाचार

### भारतीय नौसेना की हॉफ मैराथन में 7000 से अधिक धावकों ने हिस्सा लिया

**चेन्नई, वार्ता।** भारतीय नौसेना की हाफ मैराथन में रविवार को यहां 7,000 से अधिक धावकों ने हिस्सा लिया। यह मैराथन नशामुक्त भारत, आदिशक्ति के बारे में जागरुकता फैलाने और ऑनलाइन सटेबाजी के खिलाफ खड़े होने के लिए आयोजित किया गया था, जिसमें धावकों ने गति, धैर्य और जोश दिखाया।

इस मैराथन में तीन कैटेगरी थीं- 21-1 किमी अड्यार रन, हिम्मत की असली परीक्षा के लिए-10 किमी परुंडु रन, जो धावक की गति को चुनौती देता है और उसकी सीमाओं को आगे बढ़ाता है और 3-5 किमी पल्लव रन-दौड़ने, फिटनेस और समुदाय की खुशी में शामिल होने के लिए था।

### नीदरलैंड्स ने जीता एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप का खिताब

**चिली, वार्ता।** नीदरलैंड्स ने फाइनल मुकाबले में एक बार फिर से ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए अर्जेंटीना को 2-1 से हराकर लगातार तीसरी बार एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप का खिताब अपने नाम किया। डच टीम ने रिकॉर्ड छठी बार विश्व कप का खिताब जीता और 2022, 2023 और अब 2025 में जीत के साथ लगातार तीसरा खिताब अपने नाम किया। मैच की शुरुआत में नीदरलैंड्स ने पहले हाफ में एक पेनल्टी कॉर्नर और एक ओपन प्ले से गोल करके मैच अपने नाम कर लिया और फिर निर्णायक चरणों में एक बहुत ही मजबूत रक्षात्मक संरचना के माध्यम से अपनी मामूली बढ़त को बनाए रखा।इस दौरान अर्जेंटीना लगातार दबाव दिखी। नीदरलैंड्स को दूसरे क्वार्टर में सफलता उसम समय मिली जब आइवी टेलियर ने 24वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से गोल करके डच टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी।

# भारत ने द. अफ्रीका को सात विकेट से रौंदा

## टीम इंडिया ने पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बनाई

**धर्मशाला।** अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव और हर्षित राणा (दो-दो) के बाद अभिषेक शर्मा (35) और शुभमन गिल (28) के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत तीसरे टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 25 गेंदे शेष रहते सात विकेट से हरा दिया।

इसी के साथ भारत ने पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली है। दक्षिण अफ्रीका के 117 रन के स्कोर के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी भारत 15.5 ओवर में तीन विकेट पर 120 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 60 रनों की साझेदारी की। छठे ओवर में कॉर्बिन बॉश ने अभिषेक शर्मा को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। अभिषेक शर्मा ने 18 गेंदों



में तीन चौके और तीन छक्के लगाते हुए 35 रनों की पारी खेली। 12वें ओवर में मार्को यानसन ने शुभमन गिल (28) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। तीसरे विकेट के रूप में कप्तान सूर्यकुमार यादव 12 रन बनाकर आउट हुए। शिवम दुबे ने 16वें ओवर की चौथी गेंद पर छक्का और पांचवीं गेंद पर चौका लाकर भारत को जीत सात विकेट से जीत दिला दी। तिलक वर्मा ने 34 गेंदों में तीन चौके लगाते हुए नाबाद 26 रनों की पारी खेली। वहीं शिवम दुबे ने चार गेंदों में नाबाद 10 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका के लिए लुंगी एन्गिडी, कॉर्बिन बॉश और मार्को यानसन एक-एक विकेट लिया। इससे पहले भारत ने आज यहां टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत बेहर खराब रही और उसने मात्र सात रन के स्कोर पर अपने तीन विकेट गंवा दिए। रीजा हेंड्रिक्स (शून्य) क्विटन डी कॉक (एक) डेवाल्ड ब्रेविस (दो) रन बनाकर आउट हुए। कप्तान एडन मारक्रम ने दक्षिण अफ्रीका के लिए 46 गेंदों में छह चौकेऔर दो छक्के उड़ाते हुए सर्वाधिक 61 रनों की पारी खेली। इसके अलावा डॉनोवन फरेरा (20) और अनरिख नॉर्खिए ने (12) रनों का योगदान दिया। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे दक्षिण अफ्रीका के आठ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच पाए। कुलदीप यादव ने आखिरी ओवर में दो विकेट झटके। उन्होंने ऑटनील बार्टमैन (एक) को आउटकर दक्षिण अफ्रीका की पारी 117 के स्कोर पर अंत किया। भारत के लिए अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव और हर्षित राणा ने दो-दो विकेट लिए। शिवम दुबे और हार्दिक पंड्या ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# जायसवाल ने 50 बॉल में 101 रन बनाए

**पुणे, वार्ता।** युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल ने सैय्यद मुश्ताक अली ट्राफी में हरियाणा के खिलाफ मैच विनिंग सेंचुरी जमाई है। मिडिल आर्डर बल्लेबाज सरफराज खान ने फिफ्टी लगाई।

इन दोनों की बेहतरीन बैटिंग के दम पर मुंबई ने टी-20 मुक.ाबले में हरियाणा के खिलाफ 235 रन का टारगेट सिर्फ 17.3 ओवर में 6 विकेट खोकर चेज कर लिया। मुंबई ने 6 विकेट खोकर 238 रन बनाए। पुणे में खेले गए इस मैच में हरियाणा ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी की और 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 234 रन बनाए। कप्तान अंकित कुमार ने 89 रन बनाए और निशांत सिंधु ने 63 रन की पारी खेली।

जवाब में मुंबई ने 15 गेंद बाकी रहते 4 विकेट से मैच जीत लिया। जायसवाल ने 50 बाल की पारी में 16 चौके और एक छक्का जमाया। वहीं, सरफराज

- **एसएमएटी में मुंबई ने 235 रन का टारगेट चेज किया, सरफराज खान की हॉफ सेंचुरी**

ने 25 गेंदों पर 9 चौके और 3 छक्के की मदद से 64 रन बनाए। हरियाणा ने बनाए 234 रन हरियाणा के लिए अर्श रांगा और कप्तान अंकित कुमार ने पहले विकेट के लिए 61 रन जोड़े। अर्श रांगा ने 23 गेंद पर 26 रन बनाए।

कप्तान अंकित कुमार ने 42 गेंद पर 89 रन बनाए, जबकि निशांत सिंधु ने 38 गेंदों में 63 रन जड़े। सामंत जाखड़ ने 14 गेंदों में 31 रन बनाए, हालांकि वे रिटायर्ड आउट हो गए। उनकी जगह उतरे सुमित कुमार 4 गेंद पर 16 रन बनाकर नाबाद रहे। मुंबई की ओर से साईराज पाटिल सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 4 ओवर में 44 रन देकर 2 विकेट लिए।

अन्य गेंदबाज विकेट निक.ालने में असरदार नहीं रहे। हरियाणा के अंकित कुमार ने 42 गेंद पर 89 रन की पारी खेली। जायसवाल- सरफराज की साझेदारी ने पलटा मैच 234 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई को यशस्वी जायसवाल और अजिंक्य रहाणे ने अच्छी शुरुआत दिलाई।

दोनों के बीच 53 रन की साझेदारी हुई। रहाणे ने 10 गेंदों में 21 रन बनाए। इसके बाद जायसवाल और सरफराज खान ने स्कोर को 141 रन तक पहुंचाया। सरफराज ने 25 गेंदों में 64 रन की तेज पारी खेली।

यशस्वी जायसवाल ने 50 गेंदों में 101 रन बनाए, जिनमें 16 चौके और एक छक्का शामिल रहा। हरियाणा से सामंत जाखड़ सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 3.3 ओवर में 42 रन देकर 2 विकेट लिए।

अंशुल कंबोज, ईशांत भारद्वाज, सुमित कुमार और अमित राणा को 1-1 विकेट मिला।

# असम राइफल्स हॉफ मैराथन 2025 में 3038 लोगों ने हिस्सा लिया

**लैटकोर, वार्ता।** मेघालय में डायरेक्टोरेट जनरल असम राइफल्स के मुख्यालय पर रविवार को 'फिट इंडिया मूवमेंट' को बढ़ावा देने के लिए 'असम राइफल्स हाफ मैराथन 2025' के पांचवें संस्करण में आम नागरिकों से लेकर सशस्त्र बलों और पुलिस कर्मियों ने हिस्सा लिया।

प्रतिभागियों को उनके प्रयासों की पहचान के रूप में पदक और सर्टिफिकेट के साथ-साथ यादगार टी-शर्ट भी दी गई। तीन श्रेणी में आयोजित हुई इस हाफ मैराथन में 26 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के सभी उम्र वर्ग के तीन हजार से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। 21 किमी की क्लाउड चेज, 10 किमी का पाइन पाथ और पांच किमी का क्रिस्टल स्ट्रीम का आयोजन हुआ। 21 किमी हाफ मैराथन में 559, 10 किमी दौड़ में 1,502 और 5 किमी दौड़ में 977 धावक शामिल हुए। 21 किमी श्रेणी की दौड़ को असम राइफल्स के डायरेक्टर जनरल लेफ्टिनेंट जनरल विकास लखेरा और असम राइफल्स वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्ष विभा लखेरा ने हरी झंडी दिखाई। असम राइफल्स के एडिशनल डायरेक्टर जनरल, मेजर जनरल, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और स्टेट हेड नॉर्थ ईस्ट रीजन और ज़ुबिन गर्ग, चीफ जनरल मैनेजर, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, मुंबई ने 10 किमी तथा पांच किमी श्रेणी को ब्रिगेडियर प्रशासनिक मुख्यालय के ब्रिगेडियर सचिंद्र तिवारी ने हरी झंडी दिखाई। ओवरऑल कैटेगरी में, 20 कुमाऊं, इंडियन आर्मी के संदीप देवराड़ी ने एक घंटे सात मिनट के समय के साथ 21 किमी दौड़ पूरी की।

# मैनेजर की त्रुटि से ग्रीन आईपीएल नीलामी में बल्लेबाजी के रूप में होंगे शामिल

- **मुझे नहीं पता कि मेरे मैनेजर को यह सुनकर अच्छा लगेगा की नहीं लेकिन वह इनकी तरफ से हुई एक गलती थी: कैमरून ग्रीन**

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन ने मंगलवार को होने वाली नीलामी में स्वयं को ऑलराउंडर की जगह बल्लेबाज के रूप में सूचीबद्ध किए जाने को अपने मैनेजर की 'त्रुटि' बताते हुए कहा कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में गेंदबाजी के लिए उपलब्ध रहेंगे। ग्रीन ने दो करोड़ रूपये के बेस प्राइस के साथ नीलामी में नाम दर्ज कराया है और बल्लेबाज के रूप में पंजीकरण कराने के कारण वह नीलामी में आने वाले पहले छह खिलाड़ियों में शामिल होंगे। ग्रीन ने बताया कि उनके मैनेजर ने पंजीकरण फॉर्म भरते समय 'त्रुटि से गलत बॉक्स चुन लिया' था। उन्होंने कहा कि मैं गेंदबाजी के



लिए पूरी तरह तैयार रहूंगा। मुझे नहीं पता कि मेरे मैनेजर को यह सुनकर अच्छा लगेगा या नहीं, लेकिन यह उनकी तरफ से हुई एक गलती थी।

उनका इरादा 'बल्लेबाज' लिखने का नहीं था। शायद उन्होंने त्रुटि से गलत बॉक्स का चयन कर लिया। यह सब जिस तरह से सामने आया, वह काफी मजेदार था, लेकिन असल में यह उनकी तरफ से हुई गड़बड़ी थी। 26 वर्षीय ग्रीन पहले मुंबई इंडियंस (2023) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (2024) के लिए खेल चुके हैं, लेकिन पीठ की सर्जरी से उबरने के कारण वह 2025 सीजन में उपलब्ध नहीं थे। उन्होंने जून में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में वापसी की थी, लेकिन बाद में उन्हें गेंदबाजी की मंजूरी मिल गई और मौजूदा ऐशेज में ऑस्ट्रेलिया ने उन्हें ऑलराउंडर के रूप में इस्तेमाल किया है। उन्होंने पुष्टि की कि वह नीलामी पर नजर रखेंगे, जो तीसरे टेस्ट से एक रात पहले होगी। उन्होंने कहा कि वह यह देखने को लेकर उत्सुक हैं कि उनके नए साथी खिलाड़ी कौन होंगे।

# राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में अमन सहरावत और अंतिम पंघाल ने जीते स्वर्ण पदक

- **अमन सहरावत ने फाइनल में निखिल को 10-0 से हराकर पुरुषों का 61 किग्रा का खिताब जीता**

**अहमदाबाद, वार्ता।** ओलंपिक पदक विजेता अमन सहरावत और विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता अंतिम पंघाल ने राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप 2025 के अपने -अपने फाइनल मुक.ाबलों में जीत दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक जीते। पेरिस ओलंपिक 2024 के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत अपने पसंदीदा 57 किग्रा की बजाय 61किग्रा पुरुषों के फीस्टाइल डिवीजन में मुक.ाबला करते हुए यह पदक जीता।

वह राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए वजन कम करने से बचना चाहते थे। वीर सावरकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शनिवार को मुकाबला करते हुए अमन ने शनिवार को फाइनल में निखिल को 10-0 से हराकर पुरुषों का 61 किग्राम का खिताब जीता। इससे पहले, अमन ने पहले राउंड में अधित नारायण को 12-1 से हराया और फिर क्वार्टर-फाइनल में ललित को 10-0 से हराया, जबकि उनकी दाहिनी आंख के ऊपर गहरा कट लग गया था। इसके बाद ओलंपिक मेडलिस्ट ने पटी बंधी और खून बहती भौंह के साथ मुक.ाबला जारी रखा और 2-0 की कमी को पूरा करते हुए सेमीफाइनल में अनुज कुमार को 13-2 से हराया। अंडर-23 वर्ल्ड चैंपियन सुजीत ने फाइनल में विशाल कालिरामन को 10-0 से हराकर पुरुषों का 65किग्राम वर्ग का खिताब जीता। एशियन अंडर 23 स्वर्ण पदक विजेता विक्की ने 97 किग्राम का खिताब जीता। दो बार की विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता पंघाल ने भी 53 किग्रा वर्ग के बजाय 55 किग्रा वर्ग में मुकाबला करने का फैसला किया।

# आंध्र प्रदेश ने पंजाब को हराया

- **हेमंत रेड्डी ने नाबाद ने 109 और एसडीएनवी प्रसाद ने 53 रनों की आतिशी पारी खेली**

**पुणे।** हेमंत रेड्डी (नाबाद 109) और एसडीएनवी प्रसाद (नाबाद 53) की आतिशी बल्लेबाजी के दम पर आंध्र प्रदेश ने रविवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 के सुपर लीग ग्रुप मुकाबले में पंजाब को एक गेंद शेष रहते पांच विकेट से हरा दिया। यहां टॉस जीतकर आंध्रप्रदेश ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 205 रनों का स्कोर खड़ा किया। कप्तान प्रभसिमरन सिंह 16 गेंदों में (20), हरनूर सिंह 30 गेंदों में (42), अनमोलप्रीत सिंह 27 गेंदों में (47), और रमनदीप सिंह 18 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए (43) रनों का योगदान दिया। सलील अरोड़ा ने 22 गेंदों में पांच छक्के उड़ाते हुए नाबाद 42 रनों की पारी खेली। आंध्रप्रदेश की ओर से नीतीश कुमार रेड्डी, सत्यनारायण राजू, सौरभ कुमार और पृथ्वी राज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी आंध्रप्रदेश की शुरुआत बेहद खराब रही और अंतराल पर 56 के स्कोर पर अपने पांच विकेट गंवा दिये थे। इस दौरान हेमंत रेड्डी एक छोर थामे तेजी के साथ रन बनाते रहे। ऐसे संकट के समय में एसडीएनवी प्रसाद ने हेमंत रेड्डी के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच मैच विजयी 155 रनों की साझेदारी हुई। हेमंत रेड्डी ने 53 गेंदों में सात छक्के और 11 चौकों की मदद से 109 रनों की नाबाद पारी खेली। एसडीएनवी प्रसाद 35 गेंदों में चार छक्के और दो चौके लगाते हुए 53 रन बनाकर नाबाद रहे। पंजाब के लिए गुरनूर बरार ने तीन विकेट लिये। आयुष गोयल और हरप्रीत बराड़ ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### हैदराबाद ने राजस्थान को छह विकेट से हराया

**अंबी, वार्ता।** चामा मिलिंद और तनय त्यागराजन (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद तन्मय अग्रवाल (73) और राहुल बुद्धि (55) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर हैदरबाद ने रविवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 के सुपर लीग ग्रुप ए मुकाबले में राजस्थान को 17 गेंदें शेष रहते छह विकेट से हरा दिया। यहां राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 178 रन का स्कोर खड़ा किया। राजस्थान की शुरुआत खबरा रही और उसने 19 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिए। इसके बाद महिपाल लोमरा.र और कुणाल सिंह राठौड़ ने पारी को संभलाने का प्रयास किया। कुणाल 16 गेंदों में (27), मुकुल चौधरी 11 गेंदों में (20), कमलेश (29) और अशोक 10 रन बनाकर आउट हुये।

# भारत ने पाक को अंडर-19 एशिया कप में हराया

**दुबई, वार्ता।** भारत ने अंडर-19 एशिया कप में पाकिस्तान को 90 रन से हरा दिया। दुबई में रविवार को खेले गए ग्रुप स्टेज मुकाबले में 241 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही पाकिस्तानी टीम 41.2 ओवर में 150 रन पर आलआउट हो गई। पाकिस्तान की ओर से हुजेफा अहसन ने सबसे ज्यादा 70 रन बनाए। भारत के लिए गेंदबाजी में दीपेश देवेंद्रन और कनिष्क चौहान ने 3-3 विकेट झटके। किशन सिंह को 2 सफलता मिली, जबकि वैभव सूर्यवंशी और खिलन पटेल ने एक-एक विकेट लिया। इससे पहले मुकाबले में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी थी। बारिश के कारण मैच को 49-49 ओवर का कर दिया गया। भारत ने आरोन जार्ज की 85 रन की पारी की बदौलत 240 रन बनाए। कनिष्क चौहान ने 46 और

- **90 रन से जीता मैच, आरोन जार्ज ने 85 रन बनाए कनिष्क-दीपेश को 3-3 विकेट**

कप्तान आयुष म्हात्रे ने 38 रन का योगदान दिया। पिछले मैच में शतक लगाने वाले वैभव सूर्यवंशी इस बार सिर्फ 5 रन ही बना सके। दोनों टीमों की प्लेइंग-11 भारतरू आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, आरोन जार्ज, विहान मल्होत्रा, वेदांत त्रिवेदी, अभिज्ञान कुंडु (विकेटकीपर), कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, दीपेश देवेंद्रन, किशन सिंह और हेनिल पटेल। पाकिस्तानरू उस्मान खान, समीर मिन्हास, अली हसन बलोच, अहमद हुसैन, फरहान यूसुफ (कप्तान), हमजा जहूर (विकेटकीपर), हुजैफा अहसन, निकाब शफीक, अब्दुल सुभान, मोहम्मद सैय्याम और अली रजा। कनिष्क चौहान ने सेट बल्लेबाज



हुजैफा अहसन को 70 रन पर आउट कर दिया। 39वें ओवर में हुजैफा ने बड़ा शाट खेलने की कोशिश की। डीप मिडविकेट से भागते हुए वैभव सूर्यवंशी ने शानदार कैच लपक लिया। कनिष्क चौहान ने मैच में अपना दूसरा विकेट निकाला। उन्होंने अब्दुल सुभान को पवेलियन भेजा। सुभान 6 रन बनाकर आउट हुए। पाकिस्तान को 35 ओवर के बाद जीत के लिए 78 बाल पर 113 रन की जरुरत थी। टीम को करीब 9 रन प्रति ओवर बनाने थे। पाकिस्तान के मिडिल आर्डर बल्लेबाज हुजैफा अहसन ने कनिष्क चौहान की बाल पर सिंगल लेकर अर्द्धशतक पूरा किया। 32वें ओवर में भारत ने छठा विकेट झटक लिया। ओवर की चौथी गेंद खुलन पटेल ने गुड लेंथ पर फेंकी, हम्जा जहूर बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन बाउंड्री पर कैच हो गए। वे 20 गेंद पर 4 रन ही बना सके। 30वें ओवर में पाकिस्तान अंडर-19 टीम ने अपने 100 रन पूरे कर लिए।

# भारी संख्या में दिल्ली रैली में शामिल हुए कांग्रेसी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सांसद राहुल गांधी के आवाहन पर दिल्ली में होने वाली वोट चोर, गद्दी छोड़ रैली में शिरकत करने के लिए बड़ी संख्या में कांग्रेस जन नानौता स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर एकत्रित हुए और जिलाध्यक्ष संदीप सिंह राणा के नेतृत्व में लगभग ढाई सौ गाड़ियों का काफिला दिल्ली की ओर रवाना हुआ।

इस अवसर पर अपने संदेश में संदीप सिंह राणा ने कहा कि आज भाजपा की वोट चोरी के घिनौने कृत्य को उजागर करने के लिए दिल्ली के रामलीला मैदान में लाखों कांग्रेसजन राहुल के आवाहन पर एकत्रित होंगे और वोट चोर, गद्दी छोड़ की इस मुहिम को एक जनआंदोलन बनाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आजादी के बाद देश में बाबा साहब के संविधान और लो. कतंत्र को मजबूत करने का कार्य किया, लेकिन आज भाजपा संविधान




और लोकतंत्र को कमजोर करके इस देश में एक बार पुनः राजशाही की स्थापना करना चाहती है। संदीप राणा ने कहा कि आप आजादी के आंदोलन हेतु जन्मी कांग्रेस कभी भी देश में लो. कतंत्र और संविधान को कमजोर नहीं होने देगी, चाहे उसके लिए हमें कोई भी कुर्बानी देनी पड़े, हम संविधान और लोकतंत्र की रक्षा हेतु कृत संकल्पित है और यही हमारी संस्कृति। फाटक पर उपस्थित कांग्रेसजनों को पूर्व राज्य मंत्री शायन मसूद, पूर्व विधायक मसूद अख्तर, हमजा मसूद, कांग्रेस के पूर्व विदेश सचिव प्रवीण चौधरी, सांसद प्रति. निधि संदीप वर्मा, संदीप चौधरी फांदपुरी, जिला उपाध्यक्ष वरुण शर्मा, विवेककांत सिंह, सरदार चंद्रजीत सिंह निक्कू, पवन मौर्य, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष गौरव वर्मा, अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष मुनेश सहगल आदि ने भी संबोधित किया। दिल्ली में जाने वालों में हजारों कार्यकर्ताओं में चौधरी मुजफ्फर अली, जिला प्रवक्ता गणेश दत्त शर्मा, नितिन शर्मा, वरुण शर्मा, पवन मौर्य, विवेककांत सिंह, सरदार चंद्रजीत सिंह निक्कू, प्रवीण चौधरी, गौरव वर्मा, कुलवंत कौर, पल्लवी बाली, अक्षय चौधरी, कार्तिक राणा, उमेश त्यागी, विनय राणा, सुदेश प्रधान, विक्की पूजना, संदीप चौधरी, गुल. बहार अब्बासी, मोहम्मद सूफियान, मुनेश सहगल, अशोक सैनी, अरविंद पालीवाल, ओमपाल सिंह डंकावाली, राजपाल सिंह, राहत खलील, रजनीश प्रधान, पवन सिंह राणा, नितिन राणा, अरुण राणा, हर्ष राणा, मनिंदर राणा, जुबेर अहमद, सोनू राम रण्डौल आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।

# स्वस्थ नारी सशक्त अभियान के तहत लगाया स्वास्थ्य शिविर




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत लगाये गये विशाल मैडिकल शिविर में विभिन्न बिमारियों से पीडित लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उचित परामर्श दिया गया।

जाट भवन में राजीव गांधी कैंसर इंस्टीटयूट के सहयोग से लगाये गये शिविर में कैंसर मरीज, स्त्री रोग से पीड़ित महिलाओं, सामान्य मरीजों, नाक कान गले रोगियों का निःशुल्क जांच कर दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया गया। शिविर में 124 लोगों की जांच की गई। जिसमें 104 लोग हाई बीपी, 63 शुगर, 13 कैंसर और 37 महिलाएं गंभीर स्त्री रोग से पीडित पाई गई। 12 गंभीर लोगों को राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट तथा अनुसंधान केंद्र रोहिणी, दिल्ली में निःशुल्क उपचार के लिए परामर्श दिए गए। शिविर में डॉ. तरनजीत सिंह, डॉ. डोना जोशप्श, डॉ. आशीष, डॉ. गगनदीप, चौधरी बख्तावर सिंह, रामवीर सिंह भगत सिंह, कृपाल मलिक, धीरज सिंह, नरेंद्र सिंह, अशोक चौधरी आदि का विशेष सहयोग रहा।

# प्रदीप चौधरी बने भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय एवं वरिष्ठ नेता, पूर्व सांसद केराना प्रदीप चौधरी को भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्रीय परिषद सदस्य मनोनीत किए जाने पर क्षेत्रभर में खुशी और उत्साह का माहौल है।



इस घोषणा के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने एक-दूसरे को बधाइयाँ दीं तथा मिठाइयाँ बांटकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यकर्ताओं का कहना है कि प्रदीप चौधरी का राष्ट्रीय परिषद में चयन संगठन को मजबूती प्रदान करेगा। उनके लंबे राजनीतिक अनुभव, जनसंपर्क और संगठनात्मक क्षमता का लाभ पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर मिलेगा। समर्थकों ने इसे पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राजनी. तिक आवाज को और सशक्त करने वाला निर्णय बताया है।

पार्टी कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नेताओं ने इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए प्रदीप चौधरी को शुभकामनाएँ देते हुए भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# शुद्ध पर्यावरण व पृथ्वी बचाव विषय पर उकेरी पेन्टिंग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** द पेस्टल वीड स्कूल, देहरादून के तत्वावधान में एक शुद्ध पर्यावरण एवं पृथ्वी बचाव विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस रचनात्मक कार्यक्रम में लगभग 100 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से जीवंत रूप दिया।

आज कोर्ट रोड स्थित एक होटल के सभागार में आयोजित प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए। साथ ही प्रतिभागी बच्चों का उत्साह बढ़ाने हेतु सांत्वना पुरस्कार भी वितरित किए गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माइक्रो इंजीनियरिंग कंपनी अनिल यादव रहे। उन्होंने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक बताया।

कार्यक्रम की विशेष आकर्षण के रूप में अभिभावकों के लिए गायन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया।

इस आयोजन के सफल संचालन में डॉ. अब्दुल कादिर, सौरभ नैलवाल एवं श्रीमती समता गोयल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# रक्तदान से बड़ा दुनिया में कोई दान नहीं: रूही अंजुम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा प्रदेश सचिव रूही अंजुम ने कहा कि रक्तदान से बडा दान इस दुनिया में कोई नहीं है।

रूही अंजुम ने यह बात सिटी लायंस ब्लड बैंक एवं श्री दिगंबर जैन रक्तदान सेवा समिति द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में कही। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति के रक्त से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है। इसलिये रक्तदान को महादान कहा गया है। इस दौरान देवांश गोस्वामी, मीना मिक्सा, जितेंद्र सिंह चैने आदि मौजूद रहे।

# सत्संग को जीवन में जरूरी बताया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के साप्ताहिक सत्संग में पूज्य आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी अम्बालिका भारती एवं पूजा भारती ने श्रद्धालुओं को सत्संग का लाभ प्रदान किया।

पंत विहार में आयोजित सत्संग में एक प्रेरणादायक प्रसंग के माध्यम से बताया गया कि ईश्वर ने हमें जीवन में सौ चीजें दी हैं, किंतु जब दस चीजें नहीं मिलतीं तो हम उन सौ प्राप्तियों को भूलकर उन्हीं दस की कमी का शिकवा करने लगते हैं। गुरबाणी में कहा गया है कि एक सच्चा गुरु-भक्त प्रभु के चरणों में यही प्रार्थना करता है।यह भी समझाया गया कि यदि हमें सौ तो क्या, एक भी वस्तु न मिले, तब भी हम कुछ कर पाने में असमर्थ हैं। इसलिए मनुष्य को हर परिस्थिति में सदा प्रभु का धन्यवाद करते रहना चाहिए।

सत्संग के दौरान यह भाव भी व्यक्त किया गया कि जिस दिन से हमें गुरु के चरणों से सच्ची लगन लग जाती है, उसी दिन से हमारा जीवन धन्य हो जाता है। सत्संग हमारे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि इससे गुरु के चरणों में हमारी श्रद्धा और भक्ति निरंतर बढ़ती जाती है। गुरु केवल दाता ही नहीं होते, बल्कि कई बार अपने भक्तों के कल्याण के लिए याचक भी बन जाते हैं। यह गुरु की करुणा और अपार प्रेम का प्रतीक है।

## एकजुटता का आह्वान

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश वित्त विहीन माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक में शिक्षकों को एकजुट होने का आह्वान करते हुए शासन तक अपनी आवाज पहुंचाने के लिये प्रयास करने की अपील की गयी।

संघ के जिलाध्यक्ष बृजेश शर्मा ने कहा संघ निरंतर लगभग 25 वर्षों से वित्त विहीन शिक्षको के हितों के लिए प्रयासरत है। गत सरकार द्वारा 1 वर्ष के लिए आंशिक प्रोत्साहन मानदेय भी जारी किया गया था, लेकिन वर्तमान सरकार द्वारा वह प्रोत्साहन राशि रोक दी गई है ,इसी क्रम में संघ की आवाज को शासन तक पहुंचाने के लिए ,संघ जल्दी एक जिला सम्मेलन आहुत करने जा रहा है जिसका आयोजन कर जनपद के व वित्त विहीन माध्यमिक शिक्षकों को एकजुट कर शासन तक अपनी आवाज में पहुंचने के लिए किया जाएगा।

# बेटियों की भूमिका को बताया अत्यंत महत्वपूर्ण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ज्ञानदीप समाज कल्याण युवा संस्था द्वारा बेटी विकास दिवस के उपलक्ष्य में बेटी जागरूकता व परिवार बचाओ विषय पर विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने छात्राओं को मोबाइल के सीमित व सकारात्मक उपयोग, माता-पिता एवं गुरुजनों के मार्गदर्शन में परिश्रमपूर्वक अध्ययन करने तथा प्रतिभावान बनने के लिए प्रेरित किया। गिल कालोनी स्थित कर्मचंद चण्डीप्रसाद आर्य कन्या इंटर कॉलेज के सभागार में कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महेन्द्र तनेजा, कार्यकारी अध्यक्ष एडवोकेट अशोक पोसवाल, दिशा भारती स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ.



काशीराम शर्मा एवं समाजसेवी सुरेन्द्र मोहन कालड़ा द्वारा माँ शारदे के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान बदलते सामाजिक परिवेश में बेटियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। बेटियों के अच्छे संस्कार, शिक्षा, सुरक्षा व स्वास्थ्य से ही परिवार, समाज और राष्ट्र सशक्त बन सकता है। कार्यक्रम में संस्थापक महासचिव वेदप्रकाश पोपली द्वारा वाणी वंदना प्रस्तुत की गई, वहीं विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गान से सभी का अभिनंदन किया। हास्य व्यंगकार धुरेन्द्र शर्मा ने अपनी हास्य-व्यंग्य प्रस्तुति से श्रोताओं को आनंदित किया। समारोह में समाजसेवी महेन्द्र तनेजा, विद्यालय शिक्षिका श्रीमती सुमन शर्मा, शिक्षाविद वीणा बजाज, हास्य व्यंगकार धुरेन्द्र शर्मा एवं समाजसेवी विश्वास त्यागी को संस्था द्वारा ज्ञानदीप समाज कल्याण रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। संगठन सचिव नीना शर्मा एवं संयुक्त सचिव श्रीमती निशा शर्मा ने आभार व्यक्त करते हुए अधिक से अधिक लोगों से संस्था से जुड़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय संयोजक मो. हत वर्मा, ममता अरोड़ा सहित शिक्षिकाएँ दीपा गुप्ता, शिखा शर्मा, अर्चना शर्मा, रेखा द्विवेदी, शालिनी चन्द्रिल, मीरा शर्मा, शालिनी शर्मा, स्वाति शर्मा, कनिका कश्यप, मो. निका आदि की प्रमुख उपस्थिति रही।

# समूह सखी महिलाओं की मांगों को लेकर धरना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनता देश संगठन से जुड़ी समूह-सखी महिलाओं आज वेतन वृद्धि करने की मांग को लेकर आज प्रदर्शन कर धरना दिया और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह को सौंपा।

आज हकीकतनगर के रामलीला मैदान पर संगठन से जुडी समूह सखी महिलाओं ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्षन कर धरना दिया। प्रदर्शनकारियों ने प्रदेष के मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह को देते हुए कहा कि समूह-सखी महिलाओं (जो कि पिछले कई वर्षों से राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन, (एनआरएलएम) के तहत विभाग में कार्यरत हैं, को उचित वेतन नहीं मिल रहा है। जब कि इन समूह-सखी महिलाओं से हर क्षेत्र में कार्य



करवाया जाता है। संगठन पिछल डेढ वर्षों से महिलाओं का वेतन बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत है। लेकिन प्रदश सरकार महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से नही ले रही है। इन्हें आज भी न्यूनतम वेतन महज 800 रूपए प्रतिमाह दिया जाता है। जबकि शहर में होने वाली कोई भी मीटिंग या प्रोग्रामों में होने वाला खर्च यह समूह-सखी स्वयं से निर्वहन करती है, जिस कारण समूह-सखी महिलाएँ अपना जीवन यापन उचित रूप से नही कर पा रही है। जनता देश संगठन समूह सखी महिलाओं सरकार से यह मांग करती है कि समूह-सखी महिलाओं का बेसिक वेतन 18 हजार रूपए प्रति माह, विभाग में स्थायी नियुक्ति तथा (मातृत्व लाभ अधिनियम 1061) के तहत संपूर्ण सुविधाएं प्राप्त होनी चाहिए। यदि सरकार महिलाओं की समस्या का समाधान नहीं करती है। तो संगठन कड़े कदम उठाने क लिए बाध्य होगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी जिला प्रशासन तथा राज्य सरकार की होगी। इस अवसर पर जनता देश संगठन (जेडीएस) के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश कुमार (फौजी), राष्ट्रीय महासचिव एवं अध्यक्षा महिला विंग एडवोकेट पिंकी पवन शिंदे, मुख्य सलाहकार राजेश्वर दास सैनी, प्रदेश अध्यक्ष सुभाष बर्मन, प्रदेश अध्यक्षा महिला विंग एवं अध्यक्षा समूह-सखी संघर्ष समिति श्रीमति बबीता कश्यप, जिला अध्यक्ष सौरभ सिंह, मिडिया प्रभारी बाँची कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह, आदि सदस्यगण मौजूद रहे। रामनिवास, ओदेश, अजय सिंह, अमर नाव्य इत्यादि मौजूद रहे।

## भागवत कथा शुरू

**सहारनपुर।** साकेत कॉलोनी में श्रीमद् भागवत कथा का विधिवत शुभारंभ किया गया। कथा का शुभारंभ कथा व्यास आचार्य कृष्ण स्वरूप महाराज द्वारा किया गया।

अपने प्रवचन में उन्होंने कहा कि जहाँ श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होता है, वहाँ जीवन को नई दिशा प्राप्त होती है। भागवत कथा केवल एक धार्मिक कथा नहीं, बल्कि आत्मा के जागरण और मानवता के संदेश का माध्यम है, जो सभी प्राणियों में समभाव का ज्ञान कराती है। कथा का उद्घाटन नागल पूर्व ब्लॉक प्रमुख विजेन्द्र चौधरी द्वारा किया गया। उन्होंने इस आध्यात्मिक आयोजन के लिए साकेत कॉलोनीवासियों का आभार व्यक्त किया और कथा आयोजन की सराहना की। कथा के उपरांत भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो साकेत कॉलोनी से प्रारंभ होकर शास्त्री नगर एवं हकीकत नगर चौक से होते हुए पुनः साकेत कॉलोनी में संपन्न हुई।

# संत शिरोमणि गुरु रविदास की प्रतिमा स्थापित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर के मोहल्ला खेडेवाला स्थित श्री गुरु रविदास मंदिर में संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास की प्रतिमा की विधिवत स्थापना की गई। कार्यक्रम की शुरुआत में श्री गुरु रविदास जी की मूर्ति की नगर परिक्रमा से हुई।

रविवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय शिक्षा चौरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संचालक जयराम गौतम रहे। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए संत गुरु रविदास जी के जीवन, विचारों और समाज सुधार में उनके योगदान पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने समाज को शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। हवन पूजन के बाद विधि विधान से मूर्ति की स्थापना की गई।

श्री गुरु रविदास मंदिर समिति, सुल्तानपुर के तत्वाधान में हुए कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष अजय कुमार, उपाध्यक्ष विशाल कुमार, सचिव सूरज कुमार सहित संदीप, अंकुश कुमार, अक्षय कुमार, शेर सिंह, इसम सिंह, विक्की, डॉ. अर्जुन, संदीप, तुषार, विशाल आदि रहे। मूर्ति स्थापना के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# पंकज के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बांटी मिठाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर भाजपाइयों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस दौरान कार्यकताओं ने आषा व्यक्त करते हुए की संगठन उनके नेत्तृव में और अधिक मजबूत मिलेगी।

आज दिल्ली मार्ग स्थित भाजपा कार्यालय पर भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने प्रदेशाध्यक्ष की चुनाव प्रकिर्या का सीधा प्रसारण देखा। जैसे ही चुनाव अधिकारी पीयूष गोयल ने पंकज चौधरी के निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा की सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी और नारे लगाए। इस अवसर पर एससी आयोग के सदस्य महिपाल वाल्मीकि ने कहा कि पंकज चौधरी संगठन के पुराने एवं निष्ठावान कार्यकर्ता हैं, निश्चित ही उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश भाजपा नए आयाम स्थापित करेगी। पूर्व महानगर अध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक लो. कतांत्रिक पार्टी है, यहां परिवारवाद की कोई जगह नही है। पंकज चौधरी लंबे समय से एक समर्पित कार्यकर्ता है और उसी का परिणाम है कि आज वह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित हुए है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व विधायक जगपाल, पूर्व महानगर अध्यक्ष हेमंत अरोड़ा, के एल अरोड़ा, महानगर महामंत्री किशोर शर्मा, विपिन कुमार, योग चुघ, नगर निगम उपसभापति मयंक गर्ग, मीडिया प्रभारी गौरव गर्ग, राजीव सैनी, मनीष साहनी, अमित चौधरी, विकास मौजूद रहे।

# शैक्षिक भ्रमण को बनाया यादगार अनुभव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** गीता ज्ञान संस्कार एकेडमी ने छात्र छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए देहरादून के फोरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट, विज्ञान केंद्र और चिड़ियाघर का शैक्षणिक भ्रमण किया। कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों ने इसमें भाग लिया। छात्र छात्राओं ने इसे यादगार अनुभव बताया।

गीता ज्ञान संस्कार एकेडमी ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, अनुभवात्मक अधिगम एवं व्यावहा. रिक ज्ञान को बढ़ाने के उद्देश्य से फोरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट, विज्ञान केंद्र व चिड़ियाघर देहरादून के लिए शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया। इस भ्रमण में कक्षा 9 से कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने आनंद लिया। फोरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट में छात्र छात्राओं को वन संपदा संरक्षण के बारे बताया गया। इंस्टीट्यूट में छात्र छात्राओं ने



पुरातत्व महत्व के मांडल देखें। विज्ञान प्रयोगशाला, वायुमंडल, पैंडुलम, अलग-अलग प्रकार के दर्पण आदि की जानकारी दी गई। इसी के साथ देहरादून चिड़ियाघर में छात्र छात्राओं ने भिन्न-भिन्न प्रकार के पक्षी, मछलियां, सांप, कछुए, मगरमच्छ, हिरण, बारहसिंगा, गुलदार व चीते को नजदीक से देखा और उनके रहन-सहन खान-पान के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर कुछ छात्र छात्राओं ने अपना अनुभव साझा किया। इसके साथ ही बच्चों ने भिन्न-भिन्न प्रकार के पेड़-पौधों एवं फूलों को देखा और उनकी जानकारी प्राप्त की। छात्र छात्राओं ने इसे यादगार अनुभव बताया। अंत में सभी ने मां डाट काली मंदिर में दर्शन कर गंगोह के लिए रवाना हुए। प्रबंधक राकेश तायल, कोषाध्यक्ष संजय कांत गुप्ता व सुनील गर्ग ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। भ्रमण में प्रधानाचार्य संजय कुमार, उप प्रधानाचार्य दीपक सैनी, पीटीआई सुमित चौहान, सचिन शर्मा, आशीष

# परिचय सम्मेलन में शामिल हुए युवक युवती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वैश्य अग्रवाल समाज महासभा व अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा चतुर्थ वैश्य युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया।

अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित सम्मेलन में 14 प्रदेशों से आये विवाह योग्य युवक युवती प्रत्याशियों ने सहभागिता की। उन्हें अपना जीवन साथी चुनने के लिये सैकडों विकल्प प्राप्त हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गोपाल शरण गर्ग, सुरेंद्र अग्रवाल ने किया। उन्होंने कहा कि आज समाज को इस तरह के आयोजनों की आवश्यकता है। अग्रवाल समाज राष्ट्रप्रेम व समाजस. ेव में सबसे अग्रणी भूमिका रहा है। संजय अग्रवाल, सुरेंद्र अग्रवाल, विश्वनाथ गोयल, पंकज बंसल, आशीष गर्ग ने भी अपने विचार रखे।

इस दौरान प्रमोद मित्तल, सुरेंद्र अग्रवाल, शिवकुमार गर्ग, विपिन अग्रवाल, सागर गुप्ता, राजीव, सतीश सिंघल, योगेश गोयल, अरविंद गोयल, निपुण जैन, अमनदीप कौर सिंह, प्रशांत गोयल, विश्वास अग्रवाल, स्वाति, किशन गोयल, निकुंज बंसल, रिया वैश्य, आकांक्षा अग्रवाल, सुशील, मंजू, आयुष गर्ग, शुभांगी, आयुष सिंघल, रमन गुप्ता, सर्विष्ठ गुप्ता, राजीव गर्ग, संजय सिंघल, सरला गुप्ता, प्रेमबिहारी बंसल, दिव्य जैन, पूजा बंसल, मान. सिंह जैन, राजीव गर्ग, कविता सिंघल, मीता गर्ग समेत भारी संख्या में वैश्य अग्रवाल समाज के लोग मौजूद रहे।

# कांग्रेस की हुंकार

रविवार को तय कार्यक्रम के अनुसार कांग्रेस ने दिल्ली के रामलीला मैदान में विशाल रैली की। जैसीकि उम्मीद थी कांग्रेस नेता केंद्र सरकार पर जमकर बरसे। वैसे भी यह रैली वोट चोरी को लेकर बुलाई गई थी और उसमें नारा भी यही दिया गया था कि वोट चोर गद्दी छोड़। कांग्रेस नेता यह नारा पहले भी देते रहे हैं, विशेषकर बिहार चुनाव के दौरान उन्होंने इस नारे का जमकर उपयोग किया था। जाहिर है, चुनाव आयोग भी उनके निशाने पर रहना था, जोकि पहले भी रहता रहा है। राहुल गांधी विपक्ष नेता के रूप में लोकसभा में भी इस नारे को लेकर काफी गंभीर रहते हैं। इस रैली का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है कि यह रैली ऐसे समय में हो रही है जब बिहार चुनाव में भारी पराजय के बाद कांग्रेस के नेताओं में हताशा की आशंका व्यक्त की जा रही थी। साथ ही इस समय संसद का शीतकालीन सत्र भी चल रहा है। इस लिहाज से कांग्रेस इस रैली को सफलतापूर्वक कर अपना मनोबल बनाए रखने में सफल रही, क्योंकि जिस तरह भीड़ उमड़ी निश्चित रूप से उसने कांग्रेस नेताओं में आत्मविश्वास जताया होगा। कांग्रेस के तमाम नेताओं ने पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह व चुनाव आयोग को इस रैली के माध्यम से सीधे निशाने पर लिया और साफ कहा कि चुनाव आयोग सरकार के साथ साठगांठ कर सरकार बनाने में मदद कर रहा है। राहुल गांधी तो यहां तक कह गए कि अगर उनकी सरकार आती है, तो तीनों चुनाव आयुक्तों को कानून के कठघरे में लाया जाएगा। जहां तक बात आरोप-प्रत्यारोप की है, राजनीति में यह सब चलता रहता है, लेकिन जिस तरह चुनाव आयोग आजकल विपक्ष के निशाने पर है और जिस तरह के आरोप लग रहे हैं, निश्चित रूप से यह हमारे लोकतंत्र के लिए किसी गंभीर खतरे से कम नहीं है। सच क्या है झूठ क्या है यह तो तब पता चले जब निष्पक्ष जांच हो, लेकिन एक बात तो साफ है जो देश में इस समय वातावरण बना हुआ है और विपक्ष एक स्वर में चुनाव आयोग पर निशाना साध रहा है, उससे चुनाव आयोग की निष्पक्षता जरूर सवालों में खड़ी होती है। यह देखकर निसंदेह बेहद दुख होता है कि चुनाव आयोग विपक्ष की किसी बात का ठोस तरीके से जवाब नहीं दे रहा है। एक कड़वा सच यह भी है कि केंद्र सरकार किसी भी मामले की जांच कराने के बजाए चुनाव आयोग के ही पक्ष में खड़ी दिखाई दे रही है। कोई साधारण बुद्धि वाला आदमी भी समझ सकता है कि अगर चुनाव आयोग की नियत पर ही सवाल खड़े किए जाएंगे तो उसके द्वारा कराए जा रहे चुनाव पर कैसे सवाल खड़े नहीं होंगे। सरकार भले ही चाहे खुले मन से स्वीकार न करे लेकिन यह तो मानना ही पड़ेगा कि बिहार में जिस तरह उसने दस हजार रुपये चुनाव के समय देने का वादा किया है, वह किसी वोटर को घूस देना नहीं तो इससे ज्यादा क्या हो सकता है। यही विपक्ष भी कह रहा है। संविधानिक संस्थाएं भी लड़खड़ा रही हैं। यही विपक्ष का आरोप भी बराबर रहा है, लेकिन सरकार की तरफ से ऐसा कोई ठोस जवाब अब तक नहीं आ रहा है, जिससे लगे कि विपक्ष उसके ऊपर बेकार के आरोप लगा रहा है।

## मोदी व अमित शाह घबरा गए



आज संसद में मुश्किल से एक सत्र में केवल 1-2 बहस होती हैं, जब कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने संसद में मुद्दा उठाया कि हमें चुनाव पर, एसआईआर पर, वोट चोरी पर बहस करनी है, तो प्रधानमंत्री मोदी व गृह मंत्री अमित शाह घबरा गए। उन्होंने हमारी बात नहीं मानी, अंत में कैसे माने कि हम वंदे मातरम पर भी चर्चा करेंगे, हम संसद में यह बहस करते रहे कि राष्ट्र गीत किसका है, राष्ट्र गीत कैसे बना, राष्ट्र गीत क्यों बना और जो बड़ी-बड़ी समस्याएं हैं, जिससे आप जूझ रहे हो-बेरोजगारी, महंगाई, पेपर लीक, इनके बारे में चर्चा करने की हिम्मत नहीं है, मैं भाजपा चुनौती देती हूं कि ये एक सही चुनाव लड़ लें, बैलेट पर लड़ लें, तो वो खुद जानते हैं कि वो कभी नहीं जीत पाएंगे। **-प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस सांसद**

# कुछ ही सालों में शुरू हो जाएगा प्रकृति का कहर

## खेत, खलिहान और भारतीय लोगों को निपटा देंगी सरकार की प्रकृति विरोधी योजनाएं



पवन सिंह



इस देश में पर्यावरण पर लिखना अमूमन प्रचंड मूखर्ता की श्रेणी में आता है और मैं बतौर एक प्रचंड मूर्ख अपने पूरे होशो-हवास में यह लेख लिख रहा हूं कि कुछ ही सालों में नेचर बदला लेना शुरू कर देगी। प्रकृति का यह वार देश के एक बड़े भू-भाग को तहस-नहस कर देगा। विश्व के तमाम देशों ने विकास के चरम को छुआ लेकिन उनका समानांतर एक प्रयास रहा कि जड़, जंगल, जमीन, पहाड़ और नदियां सुरक्षित रहें, लेकिन एक हम ऐसे अभागे हैं कि हमने विगत कुछ ही सालों में नादिरशाह की तरह प्राकृतिक संसाधनों को लूटा है और ऐसा लूटा है कि इसकी कीमत हर जिंदा आदमी उठाएगा और जो जन्म लेने वाला है वह मौत बन चुके पर्यावरण में पहली सांस लेगा।

विगत 10 सालों यानी कि वर्ष 2015 से लेकर वर्ष, 2025 के बीच भारत में वनों की कटाई का कोई सटीक आंकड़ा तो नहीं है लेकिन वनों की कटाई से संबंधित जो अलग-अलग रिपोर्ट्स प्रकाशित हुई हैं, उन अध्ययनों का विश्लेषण करें तो भारत का लाखों हेक्टेयर वन क्षेत्र अब गायब हो चुका है। वर्ष 2015 से 2020 के मध्य भारत में 6.68 लाख हेक्टेयर की वार्षिक दर से वनों की धुआंधार कटाई हुई। भारत में वनों की कटाई की यह रफ्तार दुनिया में सबसे जबरदस्त रही। ऐसा लग रहा है जैसे कोई वहशी, भूखा, निकृष्टतम, लालची प्रकृति दुश्मन एक झटके में सब कुछ लूट लेना चाहता है। एक अध्ययन के अनुसार 2015-2024 में 1.3 से 1.5 मिलियन हेक्टेयर जंगल कटे, जबकि सरकार ने तथाकथित विकास कार्यों के निम पर 1700 वर्ग कि.मी. यानी कि 1।7 मिलियन हेक्टेयर जंगल काट डाले। डाउन टू अर्थ, रिपोर्ट वर्ष 2023 के अनुसार वर्ष, 2015 से 2020 के बीच, भारत का 668,400 हेक्टेयर यानी कि लगभग 6.68 लाख हेक्टेयर वन क्षेत्र कट कर खत्म हो गया। यह वन कटान रफ्तार वैश्विक स्तर पर दूसरी सबसे तेज वनों की कटान रफ्तार रही। विभिन्न आईआईटी अध्ययन रिपोर्ट्स 2025 के अनुसार वर्ष 2015 से 2019 के बीच 1,033 वर्ग किलोमीटर यानी कि 1.033 मिलियन हेक्टेयर वन क्षेत्र कुछ वहशी व राक्षसी उद्योगपति, जंगल माफियाओं व सफेदपोश लकड़ीखोरों की भेंट चढ़ गया। ग्लोबल फॉरेस्ट वॉच की वर्ष, 2025 की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष, 2000 के बाद से भारत ने 2.33 मिलियन हेक्टेयर वृक्ष क्षेत्र जिसे आंग्ल भाषा में आप जतमम बवअमत कह सकते हैं, वह हमने खो दिया है। हालांकि एक सरकारी बयान भी है वर्ष, 2024 का जिसके अनुसार-विकास गतिविधियों के कारण पिछले 10 सालों में 1,700 वर्ग किलोमीटर यानी कि 1.7 मिलियन हेक्टेयर से अधिक वन क्षेत्र नष्ट हुआ, जिसमें कोयला खनन और शहरी फैलाव मुख्य कारण थे। इसके ठीक विपरीत चीन जो जनसंख्या और तकनीकी तौर पर हमसे कम से कम 50 साल आगे जा चुका है, वहां वन क्षेत्र आश्चर्यजनक रूप से बढ़ा है। चूंकि चीन की साक्षात्कार दर 100 प्रतिशत है और साथ ही बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा ही इको-फ्रेंडली और साइंटिफिक टैंपरामेन्ट व सिविक सेंस, के साथ चलती है। उसका नतीजा यह निकला है कि चीन ने अपने पर्यावरण संरक्षण के अभियानों को एक नवीन ऊंचाई दी है। चीन में 2022 में यह 99.83 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जिसमें युवा साक्षरता दर 100 प्रतिशत के करीब है। चीन ने ग्रेन फॉर ग्रीन नाम से एक अभियान डिजाइन किया और उद्योग. पति से लेकर खनन पर सख्त नीतियां बनाई। किसी उद्योगपति को इतनी हैसियत और अधिकार नहीं दिए कि वह सत्ता को मोजा समझ कर जूतों में डाल ले। परिणामत: चीन का फॉरेस्ट कवर forest coverage वर्तमान में 25 प्रतिशत बढ़ गया और वह विश्व के हरे-भरे देशों में शामिल हो गया। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि चीन ने अपने सबसे बड़े गोबी रेगिस्तान को ही बांध दिया है। उसने ग्रेट ग्रीन वॉल यानी महाहरित दीवार परियोजना लागू की और 66 अरब पेड़ लगा ही नहीं डाले बल्कि उन्हें संरक्षित भी किया। नतीजा गोबी व तकलामकन जैसे रेगिस्तानों का फैलाव कम हुआ है। ग्रेट ग्रीन वॉल के तहत वर्ष, 2050 पूरे देश की आबो-हवा बदल देगा। चीन आज पूरी दुनिया में वृक्षारोपण के क्षेत्र में सबसे तीव्र गति से व सबसे ज्यादा वृद्धि वाला देश है। इससे उलट हमने अपने ही देश, अपने ही देश के नागरिकों के विनाश की योजनाओं पर इतनी तेजगति से काम किया है कि आने वाले पांच से दस सालों में हम समूचे उत्तरी भारत को एक गैस चेंबर बना चुके होंगे। अब सरकार अरावली पर्वत श्रंखला को ही निपटाने की तैयारी में है। मेरे एक पाठक ने मुझे लिखकर दिया है कि मुंबई-गुरुग्राम एक्सप्रेस, दौसा-बांदीकुई के बीच का एरिया रीको यानी राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम में जा चुका है बस नोटिस मिलना बाकी है, डांग एरिया रणथंभौर कैलादेव अभ्यारण में गया, करौली एरिया की जमीन पांचना दम में गई और सवाई माधोपुर करौली बॉर्डर एरिया की डोगरी दम में जाना प्रस्तावित है, बीसलपुर का विस्तार अभी प्रस्तावित हैं। इशारदा दम का विस्तार चल रहा है। भरतपुर ब्यावर एक्सप्रेस प्रस्तावित हैं सरिस्का का विस्तार अभी चल रहा है। यह सब योजनाएं खेत, खलिहान और किसान को निपटा देंगी। इस इलाके में कुछ साल पहले जो खुशहाल थी आज यहान विस्थापन पूरे शिखर पर हैं। कुछ ही सालों के भीतर ही भारत में नेचर पलटकर बदला लेना शुरू कर देगी। सब कुछ तहस-नहस कर देगी। देश में खासकर उत्तरी भारत में नेचर के डकैत ऐसा नंगा नाच करेंगे यह भयावह कल्पना अब साक्षात नजर आ रही है। जो चल रहा है यकीन मानिए और मुझ पर भरोसा करिए कि आने वाली पीढ़ी कुछ ही सालों का जीवन लेकर आएगी और भूख, पानी व प्राकृतिक क्रोध से इसी मिट्टी में मिल जाएगी। इन लाशों में उनकी लाशें, उनकी औलादों की लाशें और औलादों की औलादें भी लाश बन जाएंगी जो आज तालियां पीट रहे हैं। हम इस देश को जिंदा श्मशान बना रहे हैं। मूर्ख की लेखनी जारी रहेगी...।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# भाजपा नेतृत्व की अपेक्षा पर खरा उतरने की चुनौती



यशोदा श्रीवास्तव

उत्तर प्रदेश में भूपेंद्र चौधरी की जगह पूर्वी उत्तर प्रदेश के कद्दावर भाजपा नेता पंकज चौधरी को नया प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर 2027 में विधानसभा चुनाव के नफा नुकसान पर चर्चा शुरू हो गई है। निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट नेता हैं। जाटों में उनका अच्छा खासा प्रभाव है। किसान आंदोलन में भाजपा से जाटों की नाराजगी दूर करने के लिए भूपेंद्र चौधरी को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बनाया गया था। 2024 के लोकसभा चुनाव में यूपी में भाजपा भले ही सबसे खराब हालत में रही लेकिन चुनाव परिणाम पर गौर करें तो पता चलता है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाटों ने भाजपा के लोकसभा प्रत्याशियों को भर भर कर वोट दिया था। जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश में भाजपा अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी थी। यहां के कुर्मी वोटरों का बड़ा वर्ग भाजपा से नाराज दिखा नतीजा समाजवादी पार्टी के सात कुर्मी उम्मीदवार लोकसभा चुनाव जीतने में सफल हो गए। सच कहा जाए तो केंद्र में भाजपा को पूर्ण बहुमत से दूर रखने में उत्तर प्रदेश के लोकसभा चुनाव परिणाम का बड़ा योगदान था। पूर्वी उत्तर प्रदेश के महराजगंज संसदीय क्षेत्र से नए प्रदेश अध्यक्ष स्वयं पंकज चौधरी की ही जीत मुश्किल में पड़ गई थी। कांग्रेस के वीरेंद्र चौधरी ने इन्हें कड़ी टक्कर दी थी। यह मुकाबला दो कुर्मी नेताओं के बीच की थी जिसमें कांग्रेस के कुर्मी नेता वीरेंद्र चौधरी कुर्मी वोटरों के बीच कहीं से कमजोर नहीं दिखे। जाहिर है महराजगंज क्षेत्र से सात बार के सांसद पंकज चौधरी की अध्यक्ष पद पर ताज पोशी के पीछे पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुर्मी बिरादरी सहित अन्य बैकवर्ड वोटरों में भाजपा के प्रति आकर्षण पैदा करना ही है। पंकज चौधरी भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व की अपेक्षा पर कितना खरा उतर पाते हैं यह देखना होगा।

पंकज चौधरी की राजनीतिक महत्वाकांक्षा पर नजर डालें तो पता चलता है कि गोरखपुर के एक प्रतिष्ठित व्यवसाई परिवार का नौजवान किस तरह गोरखपुर नगर निगम के पार्षद फिर डिप्टी मेयर से लेकर लोकसभा की दहलीज तक पहुंचने में कामयाब हुआ। महराजगंज जिले में भाजपा का कोई नामचीन नेता नहीं था। लिहाजा यहां से भाजपा नेता के रूप में पंकज चौधरी की इंट्री भाजपा के लिए मुफीद साबित हुई।कभी यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीर बहादुर सिंह के करीबी रहे पंकज चौधरी पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डाक्टर रमापति राम त्रिपाठी की प्रेरणा से भाजपा में शामिल हुए और 1990 में जयपुर में आयोजित भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में इनके महरा. जगंज से लोकसभा का चुनाव लड़ने की सुगबुगाहट शुरू हुई और 1991 में पंकज चौधरी को यहां से लोकसभा का टिकट दिया गया। महराजगंज लोकसभा क्षेत्र कुर्मी बाहुल्य है। यहां के कुर्मी बिरादरी में पंकज चौधरी के पिता स्वर्गीय हरिवंश राम का बड़ा मान था। तब यहां कुर्मी बिरादरी का कोई नेता भी नहीं था। 1991 में पंकज चौधरी उस समय लोकसभा का चुनाव जीतने में कामयाब हुए थे जब पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या हुई थी। राजीव गांधी की हत्या के बाद देश में इंदिरा की हत्या जैसी सहानुभूति लहर नहीं थी फिर भी लोगों में राजीव की हत्या को लेकर रोष था। महराजगंज में भी लोगों में गुस्सा था लेकिन पहली मर्तबा यहां के कुर्मी बिरादरी को अपना सजातीय उम्मीदवार मिला था इसलिए लोगों ने एक तरफा वोट देकर पंकज चौधरी को पहली बार ही संसद तक भेज दिया।

पंकज चौधरी ने अपने पहले चुनाव में ही दो बड़े नेताओं को धराशाई कर मीडिया में सुर्खियां बटोर ली थी। एक थे हर्षवर्धन जो 1989 में जनता दल के टिकट पर चुनाव जीते थे लेकिन 1991 में पंकज चौधरी से हार गए। दूसरे थे कांग्रेस के जितेन्द्र सिंह! जितेन्द्र सिंह 1985 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद उपजे सहानुभूति लहर में यहां से एमपी हो गए थे। वे 1991 में राजीव गांधी की हत्या के बाद उत्पन्न सहानुभूति लहर में दूसरी बार एमपी होने की आश में थे। पंकज चौधरी महराजगंज क्षेत्र से कुल नौ बार लोकसभा का चुनाव लड़ें हैं और दो बार हारे हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

1999 में सपा के अखिलेश सिंह से हारे थे और 2009 में कांग्रेस के हर्षवर्धन से हारे थे। पंकज चौधरी का सात बार लोकसभा का चुनाव जीतने का रेकॉर्ड है जो बहुत कम लोगों के हिस्से में है। गोरखपुर की राजनीति में गोरक्षनाथ पीठ भी एक अध्याय है। वर्तमान समय में इस पीठ के महंत योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के सीएम है। इसका कोई ठोस और पुष्ट प्रमाण नहीं लेकिन यूपी खास तौर से पूर्वांचल की राजनीति की समझ रखने वाले लोग यदा कदा योगी और पंकज चौधरी के बीच राजनीतिक असामंजस्य की बात करते रहते हैं। ऐसी अटकलों पर एक बार चर्चा तेज हुई थी जब गोरखपुर आए प्रधानमंत्री मोदी गीता प्रेस से पंकज चौधरी के घर तक करीब दो सौ मीटर पदचाप करते हुए गए थे।

# जलवायु परिवर्तन: मिलकर ही निकलेगा समाधान



वीरेश तरार

विश्व आज जलवायु परिवर्तन की ऐसी कगार पर खड़ा है, जहां से या तो हम सामूहिक प्रयासों से पृथ्वी को बचा सकते हैं या फिर पूरी मानवता को अनियंत्रित तापमान वृद्धि, चरम मौसम, बढ़ती समुद्री सतह, सूखा, बाढ़, तूफान की मार में झोंक सकते हैं। वर्ष 2015 में जब पेरिस समझौते पर हस्ताक्षर हुए थे, तब दुनिया भर ने यह मान लिया था कि अब जलवायु संकट से लड़ाई वैश्विक सहयोग के बिना संभव नहीं है परन्तु पिछले दस वर्षों की यात्रा, राजनीतिक अनिश्चितताओं, आर्थिक दबावों और व्यापारिक वर्चस्व की स्पर्धा के बीच कई बार हिचकोले खाती रही। फिर भी मानवता बार-बार यह समझने को मजबूर हुई कि पृथ्वी को बचाने का केवल एक ही रास्ता है, साझेदारी, सहयोग और संसाधनों की सामूहिक जिम्मेदारी। यही वह भावना है जिसे ब्राजील की पुर्तगाली भाषा में माटी-रो कहा गया और जिसकी भारतीय लोक अभिव्यक्ति डंगवारा यानि मिलजुल कर काम करना है। COP-30 के अंतिम दस्तावेज में यह शब्द केवल भावार्थ नहीं, बल्कि दिशा बनकर उभरा है।

ब्राजील के बेलें शहर में संपन्न हुए COP-30 में दो सौ के लगभग देशों ने एक स्वर से स्वीकार किया कि जलवायु परिवर्तन से मुकाबला किसी एक राष्ट्र की जिम्मेदारी नहीं है। पृथ्वी एक है, वातावरण एक है और संकट भी साझा है, इसलिए समाधान भी साझा होना चाहिए। इसी भावना को वैश्विक माटी-रो का नाम दिया गया, एक ऐसी साझी जिम्मेदारी, जिसमें दुनिया भर के देश, समाज, आदिवासी समुदाय, ग्रामीण इकाइयां, युवा, महिलाएं और तकनीकी क्षेत्र मिलकर एक संयुक्त कार्रवाई की दिशा में आगे बढ़ें। पहली बार पांच हजार से अधिक आदिवासी प्रतिनिधियों की भागीदारी इसका प्रमाण है कि विश्व अब उन समुदायों की बुद्धि, अनुभव, प्रकृति सम्बद्ध जीवन शैली और पर्यावरण अनुकूल परंपराओं को अपनी नीति का आधार बनाना चाहता है, जिन्हें सदियों से हाशिए पर रखा गया था।

पेरिस से बेलें तक के दस वर्षों की इस यात्रा में विश्व ने यह स्वीकारा कि तापमान वृद्धि को डेढ़ डिग्री सेल्सियस के भीतर सीमित रखना अब भी एक कठिन लक्ष्य है, परन्तु असंभव नहीं। इसके लिए जो सबसे बड़ा कदम सामने आया, वह है कार्बन फंड को 2035 तक तीन गुना बढ़ाने का निर्णय। यह फंड विकासशील देशों, गरीब देशों, द्वीपीय देशों और उन समाजों के लिए जीवन-रेखा बन सकता है, जो जलवायु परिवर्तन के सबसे अधिक शिकार हैं लेकिन उत्सर्जन के लिए सबसे कम जिम्मेदार हैं। इसी सम्मेलन में ऊर्जा संक्रमण की दिशा में कई महत्वपूर्ण चर्चाएं हुईं। जैव ईंधन खासकर एथेनॉल को एक महत्वपूर्ण भूमिका के रूप में देखा गया। यद्यपि जैव ईंधन पर कोई बाध्यकारी समझौता नहीं हो सका, फिर भी इसे भविष्य के ऊर्जा संक्रमण का आवश्यक अंग माना गया। तेल और कोयले पर निर्भरता कम करने, नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश बढ़ाने और बायोफ्यूल को बहुविकल्पीय ऊर्जा स्रोत के रूप में विकसित करने पर व्यापक सहमति बनी। भारत के लिए यह विषय विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि यहां बायो बेस्ड कच्चा माल प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है चाहे वह गन्ना हो, मक्का हो, चुकंदर हो, शीरा हो, कृषि अवशेष हों, या फिर जैविक कचरा। इसके अलावा पशुधन और मानव अपशिष्ट से उत्पन्न मीथेन को पकड़कर वह बड़ी मात्रा में ऊर्जा स्रोत बन सकता है तथा वातावरण में मीथेन की वृद्धि को रोका जा सकता है। भारत ने पिछले बीस वर्षों में एथेनॉल क्रांति की एक मजबूत शुरुआत की थी, लेकिन तेल कंपनियों द्वारा पानी की खपत को बहाना बनाकर इसके विस्तार को कई बार धीमा कर दिया गया। जबकि सत्य यह है कि पानी की समस्या का समाधान प्रबंधन और तकनीक से संभव है। हमारे देश में वर्षा जल का एक बड़ा हिस्सा समुद्र में बह जाता है। पहाड़ी इलाकों में छोटे-बड़े जलाशय, चेक-डैम, अर्ध-स्थाई बांध तथा वर्षा जल संचयन संरचनाएं बनाकर, और मनरेगा जैसी योजनाओं का उपयोग करके हम एथेनॉल निर्माण हेतु आवश्यक जल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कर सकते हैं। इससे न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी, बल्कि जल संरक्षण की एक टिकाऊ व्यवस्था भी खड़ी होगी। भारत में चीनी और गन्ने का उत्पादन प्रचुर मात्रा में होता है। हमारा देश विश्व के सबसे बड़े गन्ना उत्पादकों में से एक है। गन्ने से एथेनॉल बनाना अपेक्षाकृत सरल और सस्ता है। मक्का, चुकंदर और विभिन्न फसलों के अवशेष भी एथेनॉल का महत्वपूर्ण स्रोत बन सकते हैं। भारत के पास जैव-ईंधन के लिए कच्चा माल न केवल पर्याप्त है, बल्कि इतना है कि इसे राष्ट्रीय ऊर्जा-रणनीति का प्रमुख स्तंभ बनाया जा सकता है। इसके साथ-साथ मीथेन को पकड़कर ऊर्जा उत्पादन करना जो कि पशुधन आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए सबसे उपयुक्त तकनीक है तेल और कोयले के विकल्प के रूप में क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है। बेलें में यह भी स्वीकार किया गया कि जलवायु परिवर्तन केवल तकनीकी या आर्थिक सवाल नहीं है, यह सामाजिक न्याय और सांस्कृतिक अस्तित्व का प्रश्न भी है। दुनिया के आदिवासी समुदाय यह मानते हैं कि उनकी लड़ाई केवल वन और पहाड़ बचाने की नहीं है, बल्कि जलवायु संतुलन की भी लड़ाई है। भारत के संदर्भ में यह बात और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है, क्योंकि हमारे यहां बड़ी जनसंख्या ग्रामीण और आदिवासी समाज पर आधारित है। जल, जंगल और जमीन इनके जीवन का आधार हैं। लेकिन पिछले कुछ दशकों में विकास के नाम पर इन्हीं संसाधनों पर सबसे अधिक चोट की गई। जब पहाड़ काटे गए, जंगल उजाड़े गए, नदियों का स्वाभाविक प्रवाह बाधित किया गया, तब न केवल पर्यावरण को नुकसान हुआ बल्कि सामाजिक असंतुलन भी बढ़ा। भारत में नक्सलवाद के रूप में जो असंतोष दिखाई देता है, उसके मूल में भी यही सवाल है जल, जंगल और जमीन के अधिकारों पर हो रहा दबाव। COP-30 में आदिवासी प्रतिनिधियों ने यही कहा कि यदि जलवायु परिवर्तन से लड़ाई को सफल बनाना है, तो वन आधारित और प्रकृति आधारित समुदायों की बुद्धि, परंपरा और जीवन.शैली को मूल स्थान देना होगा। भारत के पास आज सबसे बड़ी शक्ति उसकी ग्रामीण आबादी, युवा शक्ति, स्वयं सहायता समूह और मनरेगा जैसे मजदूर संगठन हैं। यदि इन्हें सही दिशा दी जाए, तो जलवायु समाधान का सबसे बड़ा मॉडल भारत प्रस्तुत कर सकता है। गांव. पंचायतों को कार्बन-न्यूट्रल बनाने का विचार इसी दिशा में एक बड़ा कदम हो सकता है। प्रत्एक गांव में दस हजार से बीस हजार वृक्ष लगाने का सामूहिक अभियान चलाया जाए, जिसकी निगरानी गांव की पंचायत, स्वयं सहायता समूह, युवा संगठन और स्कूली बच्चे मिलकर करें। इससे न केवल कार्बन शोषण बढ़ेगा, बल्कि गांवों को कार्बन-क्रेडिट से स्थाई आय का स्रोत भी मिलेगा। वृक्षारोपण के साथ-साथ ग्रामीण जल संरक्षण, तालाब, पोखर, जलाशय, चेक-डैम का निर्माण मनरेगा के श्रमिकों की मदद से बड़े पैमाने पर किया जा सकता है। इससे जल-संकट भी दूर होगा और कृषि-उत्पादन में भी वृद्धि होगी। ग्रामीण समाज को जल संरक्षण से जोड़ना इसलिए भी आवश्यक है, क्योंकि जल की कमी अब कृषि, उद्योग और ऊर्जाकृतीनों को समान रूप से प्रभावित कर रही है। पेरिस से बेलें तक के दस वर्षों की इस यात्रा का सबसे बड़ा निष्कर्ष यही है कि विश्व समाज अब टुकड़ों-टुकड़ों में नहीं, बल्कि सामूहिक रूप से आगे बढ़ने के लिए तैयार है। वैश्विक माटी-रो यानी मिलकर काम करना के सिद्धांत को केंद्र में रखा गया है। यह केवल देशों के बीच सहयोग नहीं है, बल्कि समाज आधारित और समुदाय आधारित सहयोग है। इसमें विज्ञान है, परंपरा है, तकनीक है, लो. कजीवन है, और सबसे बढ़करकृएक साझा भविष्य का संकल्प है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सीरिया में अमेरिकी सैनिकों पर आईएसआई का हमला

## तीन की मौत, ट्रम्प बोले: मुंहतोड़ जवाब दूंगा, असद के हटने के बाद अमेरिकी सेना पर पहला हमला

**दमिश्क।** मध्य सीरिया के शहर पल्मायरा में शनिवार को इस्लामिक स्टेट आईएसआई के एक हमलावर ने अमेरिकी सैनिकों पर हमला किया। हमले में दो अमेरिकी सैनिक और एक अमेरिकी नागरिक की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य अमेरिकी सैनिक घायल हुए हैं।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सीईएनटीसीओएम) के अनुसार, यह हमला उस समय हुआ जब अमेरिकी सैनिक आईएसआई के खिलाफ चल रहे आतंकवाद-रोधी अभियानों के तहत एक बैठक में शामिल थे। हमलावर को मौके पर मौजूद सीरियाई बलों ने मार गिराया। सीरियाई मीडिया के मुताबिक, इस हमले में सीरियाई सुरक्षा बलों के कुछ सदस्य भी घायल हुए हैं। सभी घायलों को हेलीकॉप्टर के जरिए अल-तनफ स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे पर ले जाया गया। अमेरिकी बलों पर यह हमला बशर अल-असद के सत्ता से हटने के बाद पहली बार हुआ है। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि हमले के लिए जिम्मेदार समूह के खिलाफ जवाबी



सतर्क अमेरिकी प्रशासन ने सीरिया में हमले के बाद सुरक्षा बलों को चौकन्ना कर किया

कार्रवाई की जाएगी। ट्रम्प ने मुंहतोड़ जवाब देने और बदला लेने की बात कही। अमेरिका ने सीरिया में हमले के बाद सुरक्षा बलों को चौकन्ना कर दिया है। आईएसआई को 2019 में क्षेत्रीय रूप से हराया जा चुका है, लेकिन संगठन के स्लीपर सेल अब भी सीरिया और इराक में सक्रिय बताए जाते हैं। अनुमान है कि आईएसआई के पास 5000 से 7000 लड़ाके अब भी मौजूद हैं। पूर्वी सीरिया में अमेरिका के सैकड़ों सैनिक तैनात हैं, जो आईएसआई के डेवलपमेंट को रोकने के लिए गठबंधन का हिस्सा हैं। दिसम्बर 2024 में तख्तापलट के बाद अहमद अल-शरा ने अंतरिम राष्ट्रपति के तौर पर सत्ता संभाली थी। असद के पतन के बाद सीरिया के नए अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा के नेतृत्व में अमेरिका से संबंध सुधरे हैं। हाल ही में सीरिया आईएसआई विरोधी गठबंधन में शामिल हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर इस हमले को आईएस का अमेरिका और सीरिया दोनों पर हमला बताया और कहा कि इसके लिए बहुत गंभीर बदला लिया जाएगा। ट्रम्प ने बताया कि सीरियाई राष्ट्रपति अल-शरा इस घटना से बहुत दुखी और गुस्से में हैं। उन्होंने यह भी कहा कि घायल अमेरिकी सैनिकों की हालत में सुधार है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि हमलावर सीरियाई सुरक्षा बलों का सदस्य था, जिसे चरमपंथी विचारों के कारण हटाया जा रहा था। हालांकि, सीरियाई अधिकारियों ने इस दावे की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। अमेरिका ने 2014 से सीरिया में सैनिक तैनात कर रहा है। पहले यह तैनाती ईरान समर्थित मिलिशिया और रूसी खतरे के कारण थी, लेकिन अब मुख्य फोकस सिर्फ आईएसआई पर है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने की ऑस्ट्रेलिया में यहूदी लोगों पर हुए हमले की निंदा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आस्ट्रेलिया के सिडनी स्थित बोंडी बीच पर त्योहार मना रहे यहूदी लोगों पर हुए हमले की निंदा करते हुए देशवासियों की तरफ से गहरी संवेदना प्रकट की है। मोदी ने अपने एक्स हैंडल पर अपने एक पोस्ट में लिखा कि ऑस्ट्रेलिया के सिडनी स्थित बोंडी बीच पर आज हुए भयानक आतंकवादी हमले की मैं कड़ी निंदा करता हूं, जिसमें यहूदी त्योहार हनुक्का के पहले दिन जश्न मना रहे लोगों को निशाना बनाया गया। उन्होंने कहा कि मैं भारत के लोगों की तरफ से उन परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। हम दुख की इस घड़ी में ऑस्ट्रेलिया के लोगों के साथ खड़े हैं।




**अमृतसर। पंजाब के बाहरी इलाके में स्थित एक मतदान केंद्र पर जिला परिषद और पंचायत समिति के चुनावों के दौरान एक पुलिस अधिकारी मतदाताओं के दस्तावेजों की जांच करते हुए।**

## सूडान में आतंकी हमले के छह बांग्लादेशी शांति सैनिकों की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश सेना ने एक बयान में कहा कि सूडान में हुए एक आतंकी हमले में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में उसके छह जवान मारे गए और आठ अन्य घायल हो गए। यह हमला सूडान के अबेई इलाके में संयुक्त राष्ट्र के एक बेस पर हुआ। इस बीच, रक्षा मंत्रालय के इंटर-सर्विस पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) निदेशालय ने एक शुरुआती बयान में कहा कि इलाके में अभी भी लड़ाई जारी है। बांग्लादेश, संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में एक प्रमुख योगदानकर्ता है, और अधिकारियों का कहना है कि वर्तमान में सेना, नौसेना, वायु सेना और पुलिस के 6000 से अधिक जवान संयुक्त राष्ट्र शांति सेना में तैनात हैं।

## इजरायल ने हमास के वरिष्ठ कमांडर को किया ढेर, हमास की पुष्टि

**यरूशलम/गाजा।** इजरायली सेना ने पुष्टि की है कि उसने शनिवार को गाजा पट्टी में एक हमले में हमास के एक वरिष्ठ कमांडर को मार गिराया है। इजरायल रक्षा बलों और शिन बेट सुरक्षा एजेंसी ने एक संयुक्त बयान में कहा कि हमास की सैन्य शाखा में हथियार निर्माण मुख्यालय के प्रमुख राद साद को मार दिया गया है। इजरायली सेना के अनुसार, साद सात अक्टूबर, 2023 को इजरायल पर हमास द्वारा किये गए योजनाकारों में से एक था और अंतिम बचे हुए शीर्ष सरगनाओं में एक था। आईडीएफ ने यह भी दावा किया कि साद हाल के महीनों में हमास द्वारा 'संघर्ष विराम समझौते के उल्लंघनों के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार' था। सेना ने यह भी आरोप लगाया कि वह संघर्ष विराम के दौरान हथियारों का निर्माण जारी रखने के लिए भी जिम्मेदार था। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक बयान में कहा कि उन्होंने और रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने शनिवार को गाजा में इजरायली बलों को घायल करने वाले हमास के एक विस्फोटक उपकरण के विस्फोट के जवाब में साद की हत्या का व्यक्तिगत रूप से आदेश दिया था।

# ऑस्ट्रेलिया में यहूदियों पर आतंकी हमला

## 12 की मौत, बॉन्डी बीच पर गोलीबारी, इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर माइकल वॉन ने रेस्त्रां में छिपकर जान बचाई

**सिडनी।** सिडनी के बान्डी बीच पर त्यौहार मना रहे यहूदियों पर दो हथियारबंद लोगों ने सामूहिक गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया। गोलीकांड की सूचना मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। कई राउंड गोलियां चलने के बाद बीच पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। हमले में शूटर समेत 12 लोगों की मौत हो गई है।

आस्ट्रेलियाई पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। आस्ट्रेलिया सरकार ने इस गोलीबारी को आतंकी हमला करार दिया है। गोलीबारी की घटना के तुरंत बाद पुलिस को बान्डी में कैंपबेल परेड में एक गाड़ी मिली, जिसमें उन्हें कुछ विस्फोटक होने की आशंका है। सिडनी मार्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, गोलीबारी में शूटर सहित 12 लोग मारे गए हैं। जानकारी के अनुसार यहूदी त्योहार हनुक्का मनाने के लिए सैकड़ों लोग बान्डी बीच पर जुटे थे। इसी दौरान हमलावरों ने गोलियां बरसानी शुरू कर दीं। एक पुलिस अधिकारी ने इस बात की पुष्टि की है कि हमलावरों में से एक सिडनी के दक्षिण-पश्चिम में बोनिरिग का रहने वाला नवीद अकरम था। पुलिस शूटर के घर पर इस समय पुलिस छापा मार रही है। एनएसडब्ल्यू प्रीमियर क्रिस मिन्स ने बताया कि 12 लोगों की मौत हो गई है। हमलावरों में से एक मारा गया है और एक को हिरासत में लिया गया है। मिन्स ने कहा कि यह हमला यहूदी समुदाय को निशाना बनाकर किया गया था।। आस्ट्रेलियाई पुलिस के मुताबिक गोलीकांड के बाद एक हमलावर को गिरफ्तार किया गया है। न्यू साउथ वेल्स पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा, पुलिस की जांच जारी है और हम लोगों से अपील करते हैं कि वे इस इलाके से दूर रहें। पुलिसकर्मियों को मौके पर तैनात किया गया है और जानकारी मिलने पर आगे अपडेट दिया जाएगा। बान्डी बीच पर गोलीबारी की खबरों के बाद पुलिस की गाड़ियां और एम्बुलेंस मौके पर पहुंचीं। पुलिस ने लोगों को बान्डी बीच से दूर रहने का आग्रह किया और घटनास्थल पर मौजूद लोगों से सुरक्षित जगह पर जाने को कहा।

पुलिस ने दो लोग हिरासत में लिए हैं। एम्बुलेंस 16 घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में ले गईं। पुलिस ने शूटर समेत 12 लोगों की मौत, दो पुलिस अधिकारी सहित 11 अन्य लोग घायल की पुष्टि की। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में बान्डी बीच पर लोग भागते हुए दिखाई दे रहे हैं और बैकग्राउंड में गोलियों की आवाज और पुलिस सायरन सुनाई दे रहे हैं। रायटर्स ने कहा कि वह इन वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं कर सका। गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, उसके पत्रकारों द्वारा देखे गए वीडियो में काले कपड़े पहने दो लोग बीच के पास एक पुल के पास गोलीबारी करते दिखे। करीब एक दर्जन राउंड गोलियों की आवाज सुनाई दी और लोग चीखते हुए इधर-उधर भागने लगे। न्यू साउथ वेल्स पुलिस ने एक्स पर एक ताजा पोस्ट में बताया कि बान्डी बीच पर दो लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है।



एक हमलावर गिरफ्तार, जवाबी कार्रवाई में मारा गया हमलावर
यहूदी समुदाय को निशाना बनाकर किया गया
हथियारबंद लोगों ने हमला

### बोंडी बीच पर हमला यहूदी समाज के खिलाफ शैतानी हरकत: अल्बनीज

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ ने न्यू साउथ वेल्स की राजधानी सिडनी के बोंडी बीच पर हानुका जश्न के दौरान हुए आतंकवादी हमले को 'यहूदी-विरोधी भावना' की शैतानी हरकत करार देते हुए कहा कि एक ऑस्ट्रेलियाई नागरिक पर हमला पूरे देश पर हमले के बराबर है। अल्बानीज़ ने हमले के बाद एक संबोधन में कहा कि यह हमला यहूदी ऑस्ट्रेलियाई लोगों को निशाना बनाकर किया गया है। यह उनकी खुशी के दिन उनकी आस्था के जश्न पर हमला है। जब बोंडी बीच पर गोलीबारी हुई तो वहां मौजूद कुछ लोग बैरिकेड तोड़कर भागने को मजबूर हुए, जबकि कुछ ने करीब के एक रेस्तरां में शरण ली। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में देखा जा सकता है कि एक शख्स ने गोलीबारी कर रहे हमलावर को पीछे से दबोचा और उसके हाथ से हथियार छीन लिया। पुलिस ने पुष्टि की है कि हमलावर के हाथ से बंदूक छीनने वाले शख्स का नाम अहमद अल अहमद है।

## दक्षिण अफ्रीका मंदिर हादसा

मृतकों की संख्या बढ़कर हुई चार, मृतकों में एक भारतीय भी शामिल

**जोहानसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के डरबन के उत्तर में स्थित रेडक्लिफ इलाके में बीते शुक्रवार दोपहर को अहोबिलम टेंपल आफ प्रोटेक्शन के निर्माण स्थल पर हुए भीषण हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। वहीं अभी भी कई लोगों के मलबे में फंसे होने की संभावना जताई जा रही है। मलबे में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए राहत और बचाव अभियान चलाया जा रहा है।

स्थानीय मीडिया के अनुसार, राहत और बचाव कर्मी पिछले दो दिनों से मलबे में दबे एक पांचवें शव को निकालने की कोशिश कर रहे थे। हालांकि, शनिवार दोपहर खराब मौसम के कारण रेस्क्यू आपरेशन को रोकना पड़ा। तेज बारिश और खराब हालात के चलते मलबे में काम करना बेहद मुश्किल हो गया। बता दें कि पहले मीडिया रिपोर्टस में बताया गया था कि इस हादसे में दो लोगों की मौत हुई है और कई लोग मलबे में दबे हैं। ऐसे में जब ताजा अपडेट सामने आया तब इस बात की पुष्टि की गई कि इस हादसे में मरने वालों की संख्या अब बढ़कर चार हो गई है। बता दें कि मंदिर एक ढलान वाली पहाड़ी पर बनाया जा रहा था और इसमें चट्टानों का इस्तेमाल किया गया था, जिन्हें भारत से लाया गया और निर्माण स्थल पर खुदाई की गई थी। मंदिर का डिजाइन गुफा जैसा था और इसे भगवान नरसिंहदेव की दुनिया की सबसे बड़ी प्रतिमाओं में से एक के लिए बनाया जा रहा था। हादसे में मारे गए लोगों में से एक 52 वर्षीय भारतीय मूल के विक्की जैरज पांडे हैं, जो मंदिर ट्रस्ट के कार्यकारी सदस्य और निर्माण परियोजना के प्रबंधक थे। पांडे पिछले दो साल से मंदिर निर्माण में सक्रिय रूप से शामिल थे। मामले में रिएक्शन यूनिट साउथ अफ्रीका के प्रवक्ता प्रेम बलराम ने जानकारी देते हुए बताया कि फिलहाल यह पुष्टि नहीं हो पाई है कि मलबे के नीचे और लोग फंसे हुए हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि हालात सामान्य होने के बाद फिर से तलाशी अभियान शुरू किया जाएगा। गौरतलब है कि इस हादसे के बाद इलाके में शोक का माहौल है। प्रशासन ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि निर्माण के दौरान सुरक्षा नियमों का पालन किया गया था या नहीं।

# स्पेन में रूसी वाणिज्य दूतावास ने 40 वीजा जारी किए

**मैड्रिड।** स्पेन में रूसी वाणिज्य दूतावास ने रूस के पारंपरिक, आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों से इत्तेफाक रखने वाले 40 विदेशियों के वीज़ा को 'मानवीय सहायता' उपलब्ध कराने के इरादे से मंजूरी दे दी है।

समाचार एजेंसी स्पूतनिक ने स्पेन में रूसी दूतावास के वाणिज्यिक विभाग के हवाले से यह जानकारी दी। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 2024 में एक फैसले पर हस्ताक्षर किये थे, जिसके अनुसार देश रूस के पारंपरिक, आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों से इत्तेफाक रखने वाले लोगों को मानवीय सहायता देगा। इस फरमान के अनुसार, जो विदेशी अपने देशों की नीतियों के विरोध के कारण रूस आए हैं, वे रूसी भाषा में दक्षता के प्रमाण के बिना रूस में अस्थाई रूप से रह सकेंगे। स्पूतनिक ने




वाणिज्यिक विभाग के प्रमुख किरिल बुदाएव के हवाले से कहा कि हमें 19 अगस्त, 2024 के रूसी राष्ट्रपति के फरमान संख्या 702 के अनुसार उन विदेशियों के लिए भी वीज़ा के अनुरोध मिल रहे हैं जो हमारे पारंपरिक आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों को साझा करते हैं। ये वीज़ा रूस जाने वाले आवेदकों को एक सरल प्रक्रिया के माध्यम से अस्थाई निवास परमिट प्राप्त करने की अनुमति देते हैं। कुल मिलाकर, स्पेन में रूसी वाणिज्य दूतावासों ने लगभग 40 ऐसे वीज़ा जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि स्पेन में विदेशी मिशनों का कुल कार्यभार अधिक बना हुआ है। सिर्फ 2025 में ही स्पेन में रहने वाले या अस्थाई रूप से रहने वाले 15000 से अधिक रूसियों ने मैड्रिड में वाणिज्यिक विभाग से सहायता मांगी है। अधिकांश मामलों में रूसी दस्तावेज़ जारी करना, नोटरी और पंजीकरण सेवाएं, साथ ही सूचना और परामर्श सहायता शामिल है। कई अनुरोध नागरिकों की मृत्यु, हिरासत, नाबालिगों की संरक्षकता, विरासत के मुद्दे और कानूनी विवादों से संबंधित भी होते हैं। बुदाएव ने बताया कि हाल के वर्षों में स्पेन आए प्रवासियों के बीच दस्तावेज़ और विभिन्न कांसुलर सेवाएं प्राप्त करने में रुचि बनी हुई है। उन्होंने कहा कि सभी नागरिकों को उनकी राजनीतिक विचारों की परवाह किए बिना सेवाएं दी जाती हैं। अगर आवेदक वांछित है, अनुपस्थिति में दोषी ठहराया गया है, रूस में बकाया ऋण है, या उसके खिलाफ कोई कानूनी कार्यवाही चल रही है तो रूसी पासपोर्ट जारी नहीं किया जा सकता है। यह ध्यान रखना जरूरी है कि पिछले कुछ सालों में रूस से स्पेन जाने वाले प्रवासियों की संख्या बढ़ी है, जो विभिन्न कारणों से यहां आए हैं। इसमें रूसी अधिकारियों की कार्रवाई से असहमति भी शामिल है।

## नोबेल पुरस्कार विजेता अलेस बियाल्यात्सकी की रिहाई का किया स्वागत

**स्टॉकहोम।** मानवाधिकार संगठनों और कार्यकर्ताओं ने बेलारुस के मानवाधिकार कार्यकर्ता और नोबेल पुरस्कार विजेता अलेस बियाल्यात्सकी की रिहाई का स्वागत किया है। मानवाधिकारों के लिए कार्य करने वाली संस्था राइट लाइवलीहुड ने उनकी रिहाई का स्वागत करते हुए इसे 'न्याय की दिशा में बहुत देर से आया कदम' बताया है। संस्था ने कहा कि जुलाई 2021 में उनकी कैद अवैध और राजनीतिक कारणों से प्रेरित थी। संस्था ने जोर दिया कि हम वियासना की सदस्य मारफा राबकोवा और बेलारूस में अपने मूल अधिकारों का प्रयोग करने के कारण कैद किये गए सभी अन्य लोगों की तत्काल रिहाई की अपनी आपात अपील को फिर से दोहराते हैं।

## अमेरिका के ब्राउन विश्व विद्यालय में गोलीबारी, दो लोगों की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक बार फिर गोलीबारी की घटना हुई है। रोड आइलैंड स्थित ब्राउन यूनिवर्सिटी में हुई गोलीबारी में कम से कम दो लोग मारे गए और आठ लोग घायल हुए हैं। जांच अधिकारियों ने अभी घटना के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी है।

पुलिस ने बताया कि रविवार को ब्राउन यूनिवर्सिटी के इलाके में कई लोगों को गोली मारी गई। इसके बाद आइवी लीग स्कूल ने शूटर अलर्ट जारी किया और छात्रों और स्टाफ से सुरक्षित जगह शरण लेने की अपील की। पुलिस ने तुरंत पीड़ितों की संख्या, उनकी हालत या गोलीबारी की परिस्थितियों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। ब्राउन यूनिवर्सिटी के इमरजेंसी नोटिफिकेशन सिस्टम के जरिए जारी अलर्ट के अनुसार, यूनिवर्सिटी के अधिकारियों ने शुरू में छात्रों और स्टाफ को बताया कि एक संदिग्ध हिरासत में है, लेकिन बाद में कहा कि ऐसा नहीं है और पुलिस अभी भी संदिग्धों की तलाश कर रही है। स्थानीय नेता जान गोंसाल्वेस ने कहा कि हमें अभी भी इस बारे में जानकारी मिल रही है कि क्या हो रहा है। हमने लोगों से अपने खिड़की-दरवाजे बंद रखने और सतर्क रहने की सलाह दी है। उन्होंने घटना पर दुख जताया। रिपोर्ट के अनुसार, गोलीबारी बारस और हाली बिल्डिंग के पास हुई, जो एक सात मंजिला काम्प्लेक्स है, जिसमें यूनिवर्सिटी का स्कूल आफ इंजीनियरिंग और भौतिकी विभाग है।

## 15 को संयुक्त राष्ट्र पहला विश्व तुर्की भाषा परिवार दिवस मनाएगा

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र के सांस्कृतिक संगठन यूनेस्को ने समरकंद की आम सभा में 15 दिसम्बर को हर साल विश्व तुर्की भाषा परिवार दिवस मनाने का फैसला लिया है। यह समारोह तुर्की भाषा बोलने वाले लोगों की साझा भाषाई और सांस्कृतिक विरासत को उजागर करता है और बहुभाषावाद और सांस्कृतिक विविधता के प्रति यूनेस्को की व्यापक प्रतिबद्धता को दृढ़ करता है। तुर्की भाषा परिवार में अजरबैजानी, कजाख, किर्गिज, तुर्की, तुर्कमेन, उज्बेक जैसी कई भाषाएं शामिल हैं। इसे करीब एक करोड़ 20 लाख वर्ग किलोमीटर के दायरे में 20 करोड़ से ज्यादा लोग बोलते हैं। इसलिए सोमवार को पहली बार इसे मनाने की तैयारी में संगठन जुटा है।







## जल संसाधनों पर बढ़ते दबाव को लेकर संयुक्त राष्ट्र की चेतावनी

**रोम।** संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) ने हाल ही में प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा है कि जिन क्षेत्रों में पानी की कमी है, वहां मांग बढ़ने के साथ ताजे पानी के संसाधनों पर दबाव भी बढ़ रहा है। अक्वास्टैट (2025) वॉटर डेटा स्नैपशॉट के नाम से प्रकाशित इस रिपोर्ट में नवीकरणीय जल उपलब्धता पर अद्यतन जानकारी दी गई है। नवीकरणीय जल का अर्थ है, जल की वह मात्रा जो हर साल वर्षा के माध्यम से नदियों और भूजल भंडारों में फिर से भर जाती है। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले एक दशक में प्रति व्यक्ति नवीकरणीय जल उपलब्धता में सात प्रतिशत की गिरावट आई है।

# बांग्लादेश में उम्मीदवारों पर गोलीबारी

## चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के बाद बढ़े हमले, चुनाव आयोग ने शीर्ष अधिकारियों के लिए मांगी अतिरिक्त सुरक्षा

**ढाका।** बांग्लादेश में एक बार फिर बिगड़ती कानून-व्यवस्था के बीच चुनाव आयोग ने अपने शीर्ष अधिकारियों के लिए अतिरिक्त सुरक्षा की मांग की है।

चुनाव आयोग ने पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) को पत्र लिखकर मुख्य चुनाव आयुक्त, अन्य आयुक्तों और वरिष्ठ अधिकारियों के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था करने को कहा है। चुनाव आयोग ने सुरक्षा के लिए चौबीसों घंटे पुलिस सुरक्षा और अतिरिक्त एस्कार्ट वाहन की मांग की है। यह मांग ऐसे समय की गई है, जब आगामी संसदीय चुनाव के एक उम्मीदवार और पिछले साल के

हालात को देखते हुए सरकार ने शुरू किया देशभर में 'आपरेशन डेविल हंट-2'

'जुलाई आंदोलन' के प्रमुख नेता शरीफ उस्मान हादी को ढाका में गोली मार दी गई। वह अपने चुनाव प्रचार की शुरुआत कर रहे थे, तभी उन पर नजदीक से हमला हुआ।

उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। चुनाव आयोग ने बताया कि चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के बाद दो जिलों, लक्ष्मीपुर और पिरोजपुर, में उसके दफ्तरों पर भी हमले हुए हैं। इसके चलते आयोग ने देशभर में अपने क्षेत्रीय, जिला और उप-जिला कार्यालयों की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है, क्योंकि वहां चुनाव से जुड़े अहम दस्तावेज और सामग्री रखी जानी है। अंतरिम सरकार ने हालात को देखते हुए देशभर में 'आपरेशन डेविल हंट-2' शुरू किया है। साथ ही चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को आत्मरक्षा के लिए हथियार लाइसेंस देने का भी आश्वासन दिया गया है। वहीं विपक्षी दल बीएनपी ने सभी उम्मीदवारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और हमले के दोषियों पर त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

### बांग्लादेश में 1971 के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**ढाका।** बंगलादेश में रविवार को 'शहीद बुद्धिजीवी दिवस' के मौके पर राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने मीरपुर स्थित शहीद बुद्धिजीवी स्मारक पर माल्यार्पण कर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इसके बाद, मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस ने भी स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की और मौन रखा। नेताओं के बाद समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों को स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करने की अनुमति दी गई, जिन्होंने युद्ध के अंतिम दिनों में अगवा कर मारे गए बुद्धिजीवियों का सम्मान किया। गौरतलब है कि बंगलादेश में शहीद बुद्धिजीवी दिवस 14 दिसम्बर को मनाया जाता है।